रविवारीय
कानपुर, रविवार
27 जुलाई, 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 335 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा हम भारत के साथ बातचीत को तैयार



BALAJI WAFERS
MD. QASIM
To ensure you are dealing directly with Balaji Wafers
please visit our official website at https://www.balajiwafers.com
BALAJI WAFERS

## यूपी के 2382 केंद्रों पर आरओ/एआरओ परीक्षा आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के इतिहास की सबसे बड़ी परीक्षा समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 पर निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यह परीक्षा 27 जुलाई को प्रदेश के 2382 केंद्रों पर होगी।




इससे पूर्व 11 फरवरी 2024 को हुई इसी परीक्षा में पेपर लीक हो गया था और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी थी। यह परीक्षा अब डेढ़ साल बाद होने जा रही है और इस दौरान परीक्षा की पारदर्शिता व निगरानी के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। आरओ/एआरओ परीक्षा पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की निगरानी में होगी। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर कंट्रोल रूम को सीधे अलर्ट मिल जाएगा और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। परीक्षा कक्ष में अगर कोई अभ्यर्थी उधर-उधर देखना है या धीमे से भी कुछ बोलता है तो एआई तकनीकी मदद से उसे तुरंत चिह्नित कर लिया जाएगा। सिर्फ अभ्यर्थी ही नहीं बल्कि कक्ष निरीक्षकों पर भी एआई की निगरानी होगी ताकि किसी भी तरह से गड़बड़ी की कोई आशंका न रह जाए।


## पीएम नरेंद्र मोदी बने दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच पर एक बार फिर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। वे विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। अमेरिकी बिजनेस इंटेलिजेंस फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के जुलाई 2025 के नवीनतम सर्वे के

**ट्रंप 8वें स्थान पर, जानें क्या है मेलोनी का हाल**

अनुसार, पीएम मोदी को 75 प्रतिशत लोगों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सूची में 8वें स्थान पर हैं। यह सर्वे 4 से 10 जुलाई के बीच आयोजित किया गया, जिसमें 20 देशों के नेताओं की लोकप्रियता का आकलन किया गया।

इस रैंकिंग में पीएम मोदी को 75 के बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग 59 प्रतिशत स्वीकृति के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि डोनाल्ड ट्रंप 44 प्रतिशत से भी कम स्वीकृति के साथ 8वें पायदान पर रहे। मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे के मुताबिक, पीएम मोदी की लोकप्रियता देश और दुनिया में लगातार बढ़ रही है। सर्वे में शामिल 75 प्रतिशत लोगों ने मोगी को एक लोकतांत्रिक वैश्विक नेता के रूप में सराहा है। 7 प्रतिशत लोग उनकी लोकप्रियता पर कोई राय नहीं बना पाए, जबकि 18 प्रतिशत ने अलग राय व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के लिए दूसरे सबसे लोकप्रिय नेता का स्थान हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि मिली है, क्योंकि वे हाल ही में राष्ट्रपति पद पर नियुक्त हुए हैं।



अर्जेंटीना के दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जेवियर माइली इस सूची में 57 प्रतिशत स्वीकृति के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 6 प्रतिशत लोगों ने उनकी लोकप्रियता पर कोई राय नहीं दी, जबकि 37 प्रतिशत ने उन्हें नकार दिया। सर्वे में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फिआला सबसे कम लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें केवल 18 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला, जबकि 74 प्रतिशत लोग उनसे असंतुष्ट हैं। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी 10वें स्थान पर हैं।

## राहुल-गिल ने संभाला मोर्चा

### मैनचेस्टर टेस्ट : भारत ने 2 विकेट खोकर 174 रन बनाए

**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 174 रन बना लिए। टीम से ओपनर केएल राहुल 87 और कप्तान शुभमन गिल 78 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों पांचवें दिन भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। चौथे दिन इंग्लैंड ने 669 रन बनाकर 311 रन की बढ़त हासिल की थी। टीम अब भी 137 रन से आगे हैं। हालांकि, उन्हें मुकाबला जीतना है तो आखिरी दिन भारत के 8 विकेट गिराने पड़ेंगे। वहीं भारत को मुकाबला ड्रॉ कराने के लिए पूरे दिन बैटिंग करनी होगी। भारत का जीत पाना बहुत मुश्किल है। वहीं शुभमन गिल ने किसी एक दौरे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान की सूची में विराट कोहली (655 रन) को पीछे छोड़ दिया है। वे अब सुनील गावस्कर (732 रन) से पीछे हैं। यह ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में पारी का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के 656/8डी के स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा। जो कंगारू टीम ने 1964 में बनाया था। इंग्लैंड से स्टोक्स-रूट ने शतक बनाए, 3 बैटर्स की फिफ्टी इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने 141 रन बनाए, जबकि जो रूट ने 150 रन की पारी खेली। ओपनर बेन डकेट ने 94, जैक क्रॉली ने 84 और ओली पोप ने 71 रन बनाए। नंबर-8 के बैटर ब्रायडन कार्स ने 47 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज के खाते में आया।

## पाक को 22 मिनट में सिखा दिया था सबक : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित 'कारगिल विजय शहीद दिवस-2025' कार्यक्रम में कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेना को पूरे पाकिस्तान को सबक सिखाने में 22 मिनट भी नहीं लगे और सेना

**■ कारगिल विजय दिवस पर गरजे मुख्यमंत्री**

ने पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों को तहस-नहस करके उसे घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। सीएम योगी ने कहा, पाकिस्तान और इसके आतंकियों ने पुलवामा में 22 निर्दोषों की जान ले ली। इसके बाद भारतीय सेना को पूरे पाकिस्तान को सबक सिखाने में 22 मिनट भी नहीं लगे और सेना ने पाकिस्तान स्थित आतंकी शिविरों को तहस-नहस कर दिया। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पुलवामा में दुस्साहस करने वालों को कीमत चुकाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के साहस और पराक्रम को देखकर पाकिस्तान अमेरिका की शरण में पहुंचा। भारत एक मोर्चे पर कई देशों से लड़ रहा था, लेकिन इसके बावजूद भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान की एक नहीं चली और अंत में पाकिस्तान को समर्पण के लिए मजबूर होना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, कुछ लोग सत्ता में आने के बाद परिवारवाद के सहारे जातिवाद से सामाजिक ताने-बाने को छिन्न भिन्न करने का काम करते हैं। जब भी हम ऐसी प्रवृत्ति के लोगों के चंगुल में फंसते हैं, तो हमें बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। हमारे पास योद्धाओं, वैभव और बुद्धि की कमी नहीं है, लेकिन कुछ लोगों ने अपने हित के लिए देश को बांटने का काम किया। आज भी कुछ राजनीतिक दल बांटने का काम कर रहे हैं। उस दौरान भी विभाजन हमारी कमजोरी थी। फिर से हमें विभाजन से बचने की आवश्यकता है। हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत को समर्थ और सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल विजय दिवस का संदेश भी यही है। जिन वीर सैनिकों ने अपना बलिदान दिया है, उनसे यही प्रेरणा मिलती है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से एक सशक्त और समर्थ देश की परिकल्पना को साकार करें।



### जवानों के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

योगी ने कहा, हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को संजोने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, संस्थान या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर किया जाएगा।

## देश में घटी रेल दुर्घटनाओं की संख्या

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि भारतीय रेलवे सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और समय-समय पर किए गए सुरक्षा उपायों के चलते ट्रेन हादसों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014-15 में जहां 135 हादसे हुए थे, वहीं 2024-25 में यह संख्या घटकर 31 रह गई और 2025-26 में जून 2025 तक में केवल तीन हादसे दर्ज किए गए हैं। वैष्णव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि वर्ष 2004 से 2014 के दौरान कुल 1,711 ट्रेन हादसे हुए थे, यानी वार्षिक औसत 171 हादसे, जो अब घटकर रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए हैं। रेल मंत्री ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इसके तहत 6,635 स्टेशनों पर इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की व्यवस्था की गई है जिससे पॉइंट और सिग्नल के केंद्रीकृत संचालन के जरिये मानवीय त्रुटियों से होने वाले हादसों में कमी आई है।

## ऑपरेशन सिंदूर से पाक को सीधा संदेश : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली/द्रास।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को सीधा संदेश था कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी

**■ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा**

**■ कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी**

हमले का जवाब भी था, जो पूरे देश को गहरा घाव दे गया था। इस बार भारत ने हादसे पर शोक तो व्यक्त किया, साथ ही करारा जवाब भी दिया। जनरल द्विवेदी ने ये बातें लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा- दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नॉर्मल है। कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे। उनके साथ तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। राजनाथ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर जंग हुई थी। युद्ध करीब 84 दिनों तक चला। 26 जुलाई 1999 को भारत की जीत के साथ युद्ध आधिकारिक तौर पर खत्म हुआ। इसमें भारतीय सैनिकों के बलिदान और वीरता को याद करते हुए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। रक्षामंत्री ने लिखा- भारत शहीदों का हमेशा आभारी रहेगा। कारगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कारगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। कारगिल की लड़ाई की शुरुआत तब हुई, जब पाकिस्तानी सैनिकों ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर चुपचाप कब्जा कर अपने ठिकाने बना लिए थे। 8 मई 1999 को कारगिल की आजम चौकी पर पाकिस्तान के करीब 12 जवानों ने कब्जा कर लिया था।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसद संसद रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 17 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इनमें एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले, बीजेपी के रवि किशन और

**■ चार को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला**

निशिकांत दुबे और शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत का नाम शामिल है। संसद रत्न बनने वाले सांसदों में सबसे ज्यादा 7 सांसद महाराष्ट्र से हैं। इनके अलावा 4 स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी शामिल हैं। इनमें बीजेपी के भर्तृहरि महताब, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के एनके प्रेमचंद्रन, एनसीपी शरद गुट की सुप्रिया सुले और शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने शामिल हैं। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा है। बाकी सांसदों में बीजेपी की स्मिता उदय वाघ, शिवसेना के नरेश म्हस्के, कांग्रेस की वर्षा गायकवाड़, बीजेपी की मेधा कुलकर्णी, प्रवीण पटेल, विद्युत बरन महतो और दिलीप सैकिया भी शामिल हैं। सांसद एनके प्रेमचंद्रन को 5वीं बार संसद रत्न अवॉर्ड मिला है। कमेटी कैटेगरी में, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्टों की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



## बिहार में 15 हजार हुई पत्रकारों की पेंशन

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत पत्रकारों की मासिक पेंशन में बढ़ोतरी की घोषणा की। पात्र पत्रकारों को अब 15,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे, जो पहले 6,000 रुपये प्रति माह थी। इसके अलावा, इस योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर, मृतक की पत्नी को आजीवन 1,000 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। पहले ऐसी महिलाओं को 3,000 रुपये प्रति माह मिलते थे। इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संबंधित विभाग को निर्देश दे दिए हैं।

## संसद ठप करने से विपक्ष को ही नुकसान : रिजिजू

**नई दिल्ली।** मॉनसून सत्र में संसद के बार-बार ठप्प होने को लेकर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इसके ठप्प हो जाने से सरकार से ज्यादा विपक्ष का नुकसान है, क्योंकि वह सरकार को जवाबदेह ठहराने का महत्वपूर्ण मौका खो देते हैं। केंद्रीय मंत्री की तरफ से यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब मानसून सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी सांसदों के बार-बार विरोध प्रदर्शन के कारण कोई विशेष कामकाज नहीं हो सका है। एक निजी कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए रिजीजू ने बताया कि संसद ठप्प होने पर कैसे अधिकारी राहत महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बता दूं कि जब संसद नहीं चलती तो अधिकारी राहत महसूस करते हैं क्योंकि उन्हें सवालों से छुटकारा

**■ केंद्रीय मंत्री ने जवाबदेही पर दिया जोर**

मिल जाता है। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। जब सदन चलता है, तो मंत्रियों को कठिन सवालों का सामना करना पड़ता है। जब सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट में स्थगित हो जाती है, तो वे सवाल भी नहीं उठते। संसद की कार्यवाही बाधित होने से सरकार से अधिक नुकसान विपक्ष को होता है।' रिजीजू ने आगे कहा, सदन की कार्यवाही बाधित करने वालों को लगता है कि वे सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन वास्तव में, वे लोकतंत्र में अपनी भूमिका को कमजोर कर रहे होते हैं। संसदीय जवाबदेही के महत्व पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा, किसी भी लोकतंत्र में, सरकार को संसद के माध्यम से जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। इसलिए, एक सुचारू लोकतंत्र के लिए सदन की कार्यवाही चलने देना जरूरी है।

रिजिजू ने संसद सदस्यों के साथ अपने अनुभव को लेकर कहा कि उन्होंने विपक्षी सांसदों को कभी भी अपना दुश्मन नहीं माना।

## मणिपुर के पांच जिलों से 90 हथियार और गोला बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने शनिवार को इम्फाल ईस्ट, इम्फाल वेस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर घाटी जिलों से करीब 90 हथियार और 728 गोला-बारूद और विस्फोटक जब्त किए। राज्य की पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, असम राइफल्स और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत इन हथियारों को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर, 5 जिलों में कई जगहों पर एक साथ जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया था।

## 'माफ करो और आगे बढ़ो'

**नई दिल्ली।** एक वैवाहिक विवाद के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी को सलाह देते हुए कहा कि वे दोनों एक दूसरे को माफ

**■ सुप्रीम कोर्ट ने पायलट और पत्नी के विवाद में दी सलाह**

कर दें और जीवन में आगे बढ़ें। पति वायुसेना में लड़ाकू विमान का पायलट है, जिन्होंने 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक करने वाली टीम का हिस्सा रहे। वहीं पत्नी भी उच्च शिक्षित है और आईआईएम से स्नातक है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने दंपति से कहा कि वे आपसी विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लें। पीठ ने वायुसेना अधिकारी की याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, तुम बस एक-दूसरे को माफ कर दो, एक-दूसरे को भूल जाओ और आगे बढ़ो।



## पटरी पर रिश्ते : दिल्ली ने दिखाया बड़ा दिल, शांति के लिए काम करेंगे भारत-मालदीव

माले। भारत और मालदीव व्यापार, रक्षा, बुनियादी ढांचा, समुद्री सुरक्षा साझेदारी, हिंद महासागर क्षेत्र में शांति-समृद्धि और स्थिरता कायम करने जैसे अहम मुद्दों पर सहयोग और बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और

**■ पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू के बीच वार्ता में बनी सहमति**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता में यह सहमति बनी है। भारत के तट से करीब 1516 किलोमीटर दूर हिंद महासागर में बसा द्विपीय देश मालदीव समुद्री सुरक्षा के लिहाज से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वार्ता के बाद पीएम मोदी ने कहा, भारत और मालदीव के संबंधों की जड़ें इतिहास से भी पुरानी और समुद्र जितनी गहरी हैं। सभी भारतीयों की ओर से मैं राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव की जनता को स्वतंत्रता की 60वीं ऐतिहासिक वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए मैं राष्ट्रपति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। खास बात यह है कि भारत और मालदीव इसी वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। वार्ता के बाद मोदी और मुइज्जू ने दोनों देशों की पारंपरिक नौकाओं वाले डाक टिकट भी जारी किए। पीएम मोदी ने कहा, हमने दोनों देशों की पारंपरिक नौकाओं वाले डाक टिकट जारी किए। यह दर्शाता है कि हम न केवल पड़ोसी हैं, बल्कि मित्र भी हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा, मैं मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल को 72 वाहन प्रदान करने के लिए भारत के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। 4,000 आवास इकाइयों वाली परियोजना में शेष 3,300 आवास इकाइयों का हस्तांतरण मालदीव में आवास आवश्यकताओं को पूरा करने की मेरी सरकार की नीति में एक बड़ा कदम है। मैं स्वास्थ्य क्षेत्र में मालदीव के प्रमुख भागीदार के रूप में भारत सरकार की भूमिका के लिए उसे धन्यवाद देता हूँ। भारत मालदीव के पर्यटन के लिए एक प्रमुख स्रोत बाजार बना हुआ है। हमने सहयोग और संपर्क बढ़ाकर इस महत्वपूर्ण क्षेत्र का विस्तार करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें इस संपर्क को और बढ़ाने के लिए सीधी उड़ानें शुरू करना भी शामिल है। 2023 में मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद से मोदी मालदीव की यात्रा करने वाले पहले शीर्ष विदेशी नेता हैं। मुइज्जू ने सत्ता में आने के बाद मालदीव की 'भारत पहले' नीति को समाप्त करने और चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए कदम उठाने का संकल्प लिया था।



# उन्नाव समाचार

## अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**बांगरमऊ।** नगर के हरदोई मार्ग पर स्थित एक अतिथि गृह में आज शनिवार को बांगरमऊ चेयरमैन के नेतृत्व में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत कर उन्हें फूल.मालाओं से लाद दिया। उन्होंने बताया कि वह वैश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी के लिए देश और प्रदेश सरकारों का ध्यान आकृष्ट करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने सभी से बनारस में आयोजित होने वाले संगठन के सम्मेलन में शामिल होने की अपील की । अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता शनिवार को क्षेत्र के हरदोई मार्ग स्थित एक अतिथि गृह पहुंचे। जहां उन्होंने बांगरमऊ चेयरमैन रामजी गुप्ता को संगठन का जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की बधाई दी। उन्होंने वैश्य समाज से राजनैतिक हिस्सेदारी पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि वह सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक स्थित में वैश्य समाज का विशेष योगदान रहा है। किंतु राजनीतिक भागीदारी लगभग शून्य है। उन्होंने मुख्य रूप से संगठन द्वारा आगामी 5 अगस्त को बनारस में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन की जानकारी देते हुए वैश्य समाज से सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। पालिका चेयरमैन रामजी गुप्ता सहित रामचंद्रएदिनेशएरामजीए सुभाषएअवधेशएनवलदीप व अंकित आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुप्ता को माला पहनाकर सम्मानित किया।

## करेंट की चपेट में आकर मकान मालिक की दर्दनाक मौत

**बांगरमऊ।** कस्बा गंज मुरादाबाद में विद्युत केबिल से निर्माणाधीन मकान की सरिया में दौड़ रहे तेज करेंट की चपेट में आकर मकान मालिक की दर्दनाक मौत हो गई। घर के मुखिया की अचानक मौत से परिजनों में चीख.पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला नट पुरवा निवासी सुनील कुमार 41 वर्ष पुत्र नथुन्नी अपने मकान का निर्माण करा रहा है। दीवार की बीम के लोहे की सरिया के जाल को छूते हुए एक विद्युत केबिल गुजरा है। जिससे कटे केबिल के जरिए बीम में तेज़ करेंट बह रहा था। आज शनिवार को वह निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। तभी सरिया में उतरे तेज करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। यह देखकर परिजन आनन.फ़ानन उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। घटना की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। परिवार के एकमात्र मुखिया की अचानक मौत से उसकी पत्नी रोमी व पुत्र साहिल तथा पुत्रियां शिवानीएसानिया व शालू सभी रो.रोकर बेहाल हैं। नागरिकों के अनुसार मृतक का परिवार घुमंतू जाति का है। वह कस्बा और क्षेत्र में मेहनत.मजदूरी मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण.पोषण करता चला आ था।

## सरकारी ज़मीन पर दबंगों ने अतिक्रमण

**बांगरमऊ।** तहसील क्षेत्र के गांव महोलिया में सरकारी ज़मीन पर दबंगों ने अतिक्रमण कर रखा था। ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने अवैध क़ब्ज़े को हटवा दिया। दबंगों ने पुनः उस ज़मीन पर अतिक्रमण कर लिया । जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से अवैध कब्जा हटवाने की मांग उठाई है। ग्राम महोलिया निवासी ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही बलवीरए जितेन्द्र उर्फ बजरंगी अतुल कुमारए राम सिंहए सोनेलालए जसकरणए रामवीरए रणधीर एवं नीरज ने गांव की सरकारी ज़मीन पर अवैध क़ब्ज़ा कर रखा था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवसिंह के साथ ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी को पत्र सौंप कर सरकारी जमीन कब्जा मुक्त करवाए जाने की मांग उठाई थी। तहसील प्रशासन ने मौके पर जांच की और अतिक्रमण को हटवा दिया। ग्रामीणों के अनुसार प्रशासन के जाने के बाद दबंगों ने उस ज़मीन पर पुनः अतिक्रमण कर लिया । ग्रामीणों ने जब इस मामले की पुनः शिकायत करने की कोशिश की तो दबंगों ने ग्रामीणों को डराया धमकाया एवं जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल अमर सिंह न्यायसंगत कार्यवाही करते हैं तो दबंग लेखपाल को डराते धमकाते हैं ।

## योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में देश की पहली एआई ऑगमेंटेड यूनिवर्सिटी का किया लोकार्पण











**स्वंत्रत भारत उन्नाव।** आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में कोई निवेश नहीं करना चाहता था। कोई सुरक्षित नहीं था न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। उपद्रव के माहौल में बेहतर भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता। आज हमने प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया है कि लोग यहां आ रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में देश की पहली यूनिवर्सिटी का लोकार्पण करने के बाद मंच से संबोधित किया।

सीएम ने कहा कि कोई भी यूनिवर्सिटी सोसायटी या देश हो जो समय से तेज चलेगा वही प्रगति के द्वार खोलेगा। सीएम ने चांसलर सतनाम सिंह संधू और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। बोले शिक्षा में नई क्रांति लाने वाली यूनिवर्सिटी उन्नाव वासियों को मिली है।भाषण के दौरान सीएम का माइक करीब 1 मिनट के लिए बंद हो गया। सही होने के बाद दोबारा भाषण शुरू हुआ।सीएम ने कहा कि ये छात्र सौभाग्यशाली हैं जिन्होंने पहले साल में एडमिशन लिया है। हमारी सरकार ने 2020 में एक व्यवस्था बनाई कि हम डिजिटली सक्षम बनाने के लिए युवाओं को टेबलेट या स्मार्टफोन देंगे। अब तक 60 लाख युवाओं को सुविधा दी है और 2 करोड़ का लक्ष्य है। उप्र का युवा प्रतिभा और ऊर्जा से भरपूर है।जहां अनुशासन खत्म होता है वहां दुस्साशन शुरू होता है। दुस्साशन महाभारत का कारण बनता है और महाभारत सिर्फ विनाश लाता है। एक संस्कारवान युवा ही देश के विकास में सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं को केवल डिग्री तक सीमित न रखें। बल्कि राष्ट्र निर्माण के एक जिम्मेदार घटक के रूप में खुद को विकसित करें।नींव के पत्थर दिखाई नहीं देते लेकिन उन्हीं पर निर्माण होते हैं। आप उस नींव के पत्थर के भागीदार बनने जा रहे हैं।याद करिए 8 साल पहले कोई उत्तर प्रदेश नहीं आना चाहता था। कोई सुरक्षित नहीं था न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। उपद्रव के माहौल में बेहतर भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता। भविष्य के सुनहरे सपने नहीं बुने जा सकते। इसके लिए उमंग का माहौल बनाना पड़ेगा। हमें उसके लिए बेहतरीन कानून चाहिए। आज प्रदेश में वैसा ही सुरक्षित माहौल है। आज उसी का परिणाम है कि 45 लाख करोड़ के निवेश मिले हैं। 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव को जमीन पर उतारा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले भारत ग्लोबल इन्वेस्टर्स इंडेक्स में 76वें स्थान पर थाए लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2024 में 39वें स्थान पर पहुंच गया है। यह भारत की वैश्विक साख और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। पूरी दुनिया सदी की सबसे बड़ी महामारी की चपेट में थी तब हमने पीएम के नेतृत्व में देश के अंदर नेशनल एजूकेशन सिस्टम को लागू करने की तैयारी चल रही थी और उसे लागू भी कर दिया गया। हर जिले में एजूकेशन सिस्टम में अच्छी रैकिंग लेने के लिए एक नई प्रतिस्पर्धा शुरू हुई है। यूपी के दो विवि को ए प्लस रैंकिंग मिली है। 23 नए विवि बने हैं। अच्छा करने की तमन्ना के साथ प्रतिस्पर्धा शुरू हुई है। जिन कमिश्नरी में जहां विवि नहीं हैं वहां भी हमने 6 विवि बनाए हैं।

उन्नाव की जब हम बात करते हैं तो इसे साहित्यिकए सांस्कृतिक और ऐतिहासिक द्रष्टि से कलम और कौशल के लिए जाना जाता है। इस जिले को मां गंगा के आशीर्वाद और चंद्रिका देवी मंदिर जैसी पावन धार्मिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने राजा राव राम बक्श सिंह को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कहा कि यह वही धरती है जहां से ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांति की ज्वाला फूटी थी।सांसद साक्षी महाराज ने चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर सीएम को देकर मंच पर स्वागत किया।

लखनऊ.कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 2500 करोड़ रुपये की लागत से 63 एकड़ में इस यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ है। सीएम ने यूनिवर्सिटी में एसएएस और केपीएमजी के सहयोग से स्थापित दो एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ;सीओईद्ध और सेंटर फॉर यूनिवर्सल बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप ;क्यूबद्ध का भी उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में यूपी सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्यायए टेक्नोलॉजी एवं निवेश मंत्री नंद गोपाल गुप्ताए सांसद ;राज्यसभाद्ध और चांसलर सतनाम सिंह संधूए उन्नाव सांसद साक्षी महाराजए यूनिवर्सिटी के एमडी जय इंदर सिंह संधू और प्रो.चांसलर प्रो़ हिमानी सूद सहित देश.विदेश की 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद हैं।

**20 से ज्यादा कंपनियों ने साइन किए एमओयू**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने गूगलए माइक्रोसॉफ्टए आईबीएमए केपीएमजीए पीडब्ल्यूसीए एनएसईए एसएएसए क्विक हील और ग्रांट थॉर्नटन जैसी 20 से अधिक भारतीय और वैश्विक कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए हैं। ये कंपनियां यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्री.कोलेबोरेटिव प्रोग्राम्स चलाएंगी।

भारत की पहली एआई यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। ।प् यूनिवर्सिटी में पारंपरिक शिक्षा को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा जाएगा। यहां पढ़ाई के हर पहलू में एआई की मदद ली जाती हैए जैसे कोर्स डिजाइनए पढ़ाने का तरीकाए डेटा एनालिटिक्सए स्टूडेंट असिस्टेंस और रिसर्च आदि।

यहां पढ़ाई का तरीका एआई पर आधारित होगा और हर स्टूडेंट को एआई ट्यूटर मिलेंगे। ये ट्यूटर छात्रों की पढ़ाईए कमजोरी और ताकतों का विश्लेषण करके उन्हें कस्टम लर्निंग मैप देंगे। इससे हर छात्र अपनी गति से सीख सकेगा। सिर्फ कंप्यूटर साइंस नहींए बल्कि एग्रीकल्चरए साइकोलॉजीए आर्ट्सए कॉमर्सए बिजनेस मैनेजमेंट और मेडिकल फील्ड्स में भी एआई का समावेश होगा।छात्रों को अत्याधुनिक एआई लैब्स का एक्सेसए जहां वे मशीन लर्निंगए रोबोटिक्सए डेटा साइंसए छस्च् और कंप्यूटर विजन जैसी तकनीकों पर काम कर सकेंगे। यहां पर सभी कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी 63 एकड़ में बनाई गई है। कैंपस में 45 कोर्स संचालित किए जाएंगे।

अपने संबोधन में सांसद ;राज्य सभाद्ध और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने दी पाकिस्तान को चुनौती

चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि पिछले 7.8 सालों में उत्तर प्रदेश ने अद्भुत विकास किया है। राज्य की जीडीपी 25ण्48 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है और यह देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं उन्होंने पाकिस्तान को चुनौती देते हुए कहा किए बॉर्डर पर बैठे हैं सरदारण्ण्ण्एसुधर जा पाकिस्तानए नहीं तो ठोकेंगे बार.बार। संधू ने कहा यूपी राज्य राधानी क्षेत्र रणनीतिक सरकारी पहलों और बुनियादी ढाँचे के विकास के कारण उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख एजुकेशन हब के रूप में उभर रहा हैए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने अपने उत्तर प्रदेश कैंपस में अकादमिक एक्सीलेंस के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त अपनी विशिष्ट विरासत को लाया है। एआई.ऑगमेंटेड चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश कैंपस का शुभारंभ उभरते क्षेत्रों में टेक ड्रिवन भविष्य के कार्यबल को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जो राज्य को न केवल एक शैक्षिक केंद्रए बल्कि एक विकास इंजन के रूप में स्थापित करेगा जो देश की अर्थव्यवस्था को और आगे बढ़ाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के टेक्नोलॉजी विकासए निर्यात संवर्धनए एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदीए सांसद साक्षी महाराजएशिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्यायएजिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, विधायक पंकज गुप्ता, बृजेश रावत, अनिल सिंहएआशुतोष शुक्ला श्रीकांत कटियार रामचंद्र प्रधान जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे।

**कार्यक्रम में जगह न मिलने पर छात्र छात्राएं वापस लौटे।**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी प्रशासन व जिलाप्रशाशन द्वारा जनसभा कार्यक्रम में जगह कम होने के चलते प्राइवेटए व सरकारी स्कूलों से पहुंचे छात्रों सहित अध्यापकों को बैठने तक कि जगह नहीं मिली प्रशासन ने उन्हें विश्वविद्यालय से बाहर निकाल दियाएजिससे मायूस होकर सभी वापस लौट गए।इस दौरान क्षेत्र के ही श्यामलाल इंटर कालेज राजकीय बालिका इंटर कालेज से पहुंची छात्रध्छात्रा बिना भाषण सुने ही वापस आने को मजबूर हुई।

**योगी के भाषण के दौरान तकनीकी समस्या**

योगी जी जब विश्वविद्यालय में जनता को संबोधित कर रहे थे तभी अचानक माइक 50 सेकेंड के लिए बन्द हो गया जिससे अफरातफरी का माहौल हो गयाएउन्हें संबोधन के दरमियान रुकना पड़ा।

# कानपुर देहात समाचार

## बाबा बैजनाथ धाम के जलाभिषेक को निकले कांवरिया



**पूर्व भाजपा जिला मंत्री अमित सिंह नें कावड़ियों को तिलक लगाकर किया रवाना**

रसूलाबाद कानपुर देहात । सावन के महीने में महंत मनोज तिवारी प्रधान विरुहन की अगुवाई मे बाबा बैजनाथ धाम की कावड़ यात्रा एक सैकड़ा कावड़ियों को बीजेपी के पूर्व जिला मंत्री अमित सिंह नें तिलक कर रवाना किया ।

इस ग्रुप का नेतत्व कर रहे गौरव दुबे नें बताया सभी कावरिया सुल्तान गंज से गंगा जल लेकर पैदल यात्रा कर द्वादश ज्योतिलिंग बाबा बैजनाथ धाम पहुँचेगे जो कि झारखण्ड के देवघर जिले मे है ।

बाबा बैद्यनाथ धाम की पौराणिक कथा भगवान शिव और रावण से जुड़ी है। कथा के अनुसारए रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की और उनसे वरदान मांगा कि वे शिवलिंग को लंका ले जाना चाहता है। शिवजी ने शर्त रखी कि शिवलिंग को रास्ते में कहीं भी नहीं रखनाए नहीं तो वह वहीं स्थापित हो जाएगा। रावण शिवलिंग को लेकर लंका जा रहा थाए लेकिन रास्ते में उसे लघुशंका लगी। उसने एक ब्राह्मण को शिवलिंग थमा दिया और लघु शंका करने चला गया तभी ब्राह्मण थककर शिवलिंग को जमीन पर रख देता है और चला जाता है। रावण उस शिवलिंग को उठा नहीं पाता और वहीं स्थापित हो जाता है। इस स्थान को बैद्यनाथ धाम कहा जाता हैए क्योंकि भगवान शिव ने रावण के कटे हुए सिरों की पीड़ा को ठीक करने के लिए वैद्य ;चिकित्सकद्ध के रूप में प्रकट हुए थे । मान्यता यह भी है जो भक्त बाबा भोले नाथ के मंदिर मे कांवर लेकर जाते है उन्हें शिव और शक्ति दोनों का आशीर्वाद मिलता है ।

इस कावरिये जत्थे में पत्रकार मधुर द्विवेदी ग्राम प्रधान मनोज तिवारी कुलदीप चौरसिया गौरव दुबे योगेश चौरसिया विकास चौरसिया प्रमोद अग्निहोत्री पूर्व प्रधान छुनक्कड़ तिवारी नीलू तिवारी अमित चौरसिया बीएल वर्मा पप्पू वर्मा राधेश्याम बृजेश गुप्ता कन्हैया शर्मा पवन गुप्ता बालू अशोक शुक्ला तुलाराम बाथम महेंद्र राठौर संतोष गुप्ता मनीष तिवारी अमन राठौर रितु वर्मा दीपू मिश्रा वर्षा गुप्ता राहुल यादव हरिओम अवस्थी सहित सैकड़ो कांवड़िए रवाना हो रहे है।

## परेशान और दुखी लोगों से मुलाकात कर दिया सहयोग का आश्वासन



**माती कानपुर देहात** परेशान लोगों को हमदर्दी का मरहम देने एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव शनिवार को भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के अनेकों गांवों में पहुंचीएसराए गांव में जहां लोगो से मुलाकात करते हुए उन्होंने समस्याओं को सुना वही मुसरिया गांव में धूम धूम कर बच्चों को पठन पाठन की सामग्री वितरित की बाद में वे नगीना गांव में सर्पदंश से काल कवलित हुए जयचंद के पुत्र रोहित के धर भी अपनी संवेदना प्रगट करने गईए उन्होंने कहा कि आज किसी को किसी के धन वैभव यस कीर्ति की आवश्यकता नहीं है बस अब तो स्नेह और प्रेम की सभी को जरूरत है इसलिए एक दूसरे के प्रेम में कमी नहीं आनी चाहिए ग्रामीणों की बिजली से सम्बंधित समस्या का अतिशीघ्र समाधान कराए जाने का भी उन्होंने आश्वासन दिया।

जिले के भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र को अपनी कर्म स्थली मानकर यहां की जनता की सेवा में खुद को दिन.रात समर्पण भाव से समर्पित करने वाली जिले की लोकप्रिय समाज सेविका एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव कब शनिवार को विधानसभा क्षेत्र में दौरा जिले के राजनीतिक गलियारों में खासी गर्माहट उत्पन्न किया रहाए एक गांव से दूसरे गांव पहुंचने पर लोगों द्वारा जिस प्रकार से हाथों.हाथ लेकर अपनी प्रिय समाज सेविका का स्वागत किया जा रहा है वह विभिन्न लोगों के लिए परेशानी का सब के साबित हो रहा है शनिवार को मूसरिया गांव में घूम.घूम कर जो उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए पठन.पाठन से संबंधित सामग्री वितरित की वही ग्रामीणों द्वारा बिजली की उठाई गई समस्या पर उन्होंने कहा कि जिले की वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आपकी समस्या को रखकर समय रहते उसका समाधान करने का प्रयास पूरे समर्पण भाव से किया जाएगाए बाढ़ पीड़ितों के पास पहुंचकर उन्होंने समस्याओं की जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें किसी भी वक्त याद किया जाए वह जनता की सेवा में हर समय मौजूद दिखाई देगी उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया इसके बाद गत दिवस नगीना गांव में सांप के काटने से 14 वर्ष उम्र के रोहित पुत्र जय चंद्र की मृत्यु हो जाने की जानकारी लगने पर वे उनके घर अपनी शोक संवेदना प्रकट करने पहुंची परिवार के सदस्यों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा कि होनी को कौन टाल सकता है उन्होंने दुख की इस अपार घड़ी में ईश्वर से दुखी परिजनों को साहस प्रदान किए जाने की प्रार्थना करते हुए परिजनों को हर संभव सहायता दिए जाने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि हम सभी लोग एक साथ चलकर अपनी एकता का प्रदर्शन करेंगे और एक दूसरे के सुख एवं दुख में इंसानियत के नाते इंसान बनकर खड़े रहेंगे इस दौरान उनके साथ महेंद्र पाल तौफीक अरबाज अंकित सुमित सुरेंद्र समर जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं वीर नारियों का हुआ सम्मान

माती कानपुर देहात शनिवार को इको ;शहीदद्ध पार्कए में कारगिल विजय दिवस का गरिमामय एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहसए शौर्य एवं बलिदान को सम्मानित करना था।

कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का आदरपूर्वक अभिनंदन किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर अंकित सक्सेना द्वारा 08 वीर नारियों को अनुदान राशि के चेक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिए प्रशासनिक अधिकारीए भूतपूर्व सैनिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना ;ईसीएचएसद्ध के तत्वावधान में एक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गयाए जिसमें भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को निः शुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच की सुविधाएँ प्रदान की गई।सम्पूर्ण कार्यक्रम अत्यंत सम्मानजनक एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

## डबल स्टोरी का बारात शाला, भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ



**झीझक कानपुर देहात** नगरपालिका परिषद झीझक के भोलानगर मोहल्ले मे करोड़ो लागत से डबल स्टोरी का बारात शाला बनाये जाने के लिये चेयरमैन झीझक ने हवन पूजन मन्त्रोच्चारण करवा भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ कर प्रसाद वितरण किया। नगरपालिका परिषद झीझक के भोलानगर मोहल्ले मे सीएनडीएस ;यूपी जल निगमद्धविभाग द्वारा दो करोड़ पैतालीस लाख बाइस हजार की कीमत से झीझक मंगलपुर मार्ग पर डबल स्टोरी दो कमरे दो हाल का बेहतरीन बारात शाला के निर्माण को लेकर चेयरमैन झीझक अमित तिवारी सोनू ने स्थानीय अभियन्ता विकास गिरि सभासदो की मौजूदगी मे पण्डित रचित अवस्थी को बुलाकर हवन पूजन मन्त्रोच्चारण करते हुए भूमि पूजन करवा निर्माण कार्य का शुभारंभ करवा दिया और प्रसाद वितरण किया।स्थानीय अभियन्ता विकास गिरि ने बताया कि दो करोड़ 45लाख 22हजार कीमत से भव्य व सुन्दर बारात शाला का निर्माण कार्य एक वर्ष मे पूरा करा दिया जायेगा।इस दौरान नगर पालिका के बाबू ब्रजेश राजपूतए आशीष बाथमएहरीशंकर तिवारीए सभासद अजय वर्माए अनुराग सिहए संगीता देवीए अंशू यादवए हरीरामएसौरभ गुप्ताएमेवालालएसरोज यादवएरोहितए जितेंद्र सिहएबिपिन दीक्षितए प्रदीप शर्माएआशीष तिवारीए सर्वेशएपवनएमिलन आदि लोग मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस पर अकबरपुर में डीएम वा एसपी ने सुनी जन समस्याएंए दिए निर्देश



**माती कानपुर देहात** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र द्वारा थाना अकबरपुर में जन समस्याओं की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का प्राथमिकता पर संतोषजनक निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों के समाधान हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आम जनता से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। समाधान दिवस में प्राप्त विभिन्न विभागीय शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर अवनीश कुमारए थाना प्रभारी अकबरपुरए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



स्वतंत्र भारत
कानपुर रविवार, 27 जुलाई 2025




# आरओ-एआरओ की परीक्षा आज, 65,280 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**-एडीएम ने सिटी ने तैयारियों को लेकर की बैठक**
**-परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की तैनाती**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को पूर्वान्ह 9.30 से 12 बजे तक विभिन्न केंद्रों पर सम्पन्न होगी। इस परीक्षा में कुल 65,280 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे, जिनके लिए 139 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सुचारु व्यवस्था बनाए रखने हेतु 139 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं इतने ही स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक तथा दो सह-व्यवस्थापक भी नियुक्त रहेंगे। प्रदेश में सर्वाधिक परीक्षा केंद्र कानपुर नगर में बनाये गए है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर परीक्षार्थियों को केंद्रों तक पहुँचने में सहायता हेतु नागरिक सुरक्षा संगठन की 24 टीमें 12 प्रमुख स्थलों पर तैनात की गई हैं। एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि इन टीमों में कुल 137 स्वयंसेवक रहेंगे, जो विशेष रूप से बाहरी जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे। स्वयंसेवकों की ये टीमें कानपुर सेंट्रल स्टेशन, झकरकटी बस अड्डा, रावतपुर स्टेशन, रामादेवी चौराहा, यशोदा नगर बाईपास, नौबस्ता चौराहा, टाटमिल चौराहा, गुरुदेव चौराहा, कल्याणपुर चौराहा, विजयनगर चौराहा एवं पराग डेयरी चौराहा पर तैनात रहेंगी। ड्यूटी के प्रभारी नागरिक सुरक्षा के स्टाफअधिकारी टू चीफवार्डेन सतीश अरोड़ा रहेंगे, जो विभिन्न स्थलों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

## सांप काटने से पुलिस कर्मी की मौत



**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में पीआरवी में तैनात सिपाही की देर रात रीजेंसी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह शताब्दी नगर में बुधवार शाम सड़क किनारे पड़े मिले थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसके बाद देर रात उनकी मौत हो गई।

बागपत जनपद के रमाला, भूड़पुर गांव निवासी रामकिशन सिंह का 27 वर्षीय छोटे बेटे शुभम 2019 बैच के सिपाही थे। शुभम की वर्तमान में पनकी थाना क्षेत्र में पीआरवी में तैनाती थी। बुधवार शाम शुभम बेहोशी की हालत में बाइक समेत सड़क किनारे रतनपुर में मिले थे। राहगीरों ने बाइक में पुलिस लिखा देख पनकी थाने में जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनको रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया। शुभम ने अपने बड़े भाई प्रवीण तोमर को फोन कर बताया था कि उनको सांप ने काट लिया है, जिसका इलाज कराने वह बाइक से अकेले जा रहे हैं। जिसके बाद वह शताब्दी नगर में पड़े मिले थे। देर रात डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि शुभम को डेंगू हो गया था, जिसके चलते वह एक माह से छुट्टी पर चल रहे थे।

# डीएम ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, वीर सैनिकों को किया सम्मानित

-कारगिल विजय दिवस पर जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में हुआ कार्यक्रम



कानपुर। देश के शूरवीर योद्धाओं के शौर्य, पराक्रम एवं वीरता का प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इंडियन एक्स-सर्विसेज लीग एवं सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय मे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर वीर सैनिकों के सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सभी वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। विशेष रूप से कानपुर नगर के शहीद सिपाही सत्येन्द्र यादव को उनके अमूल्य बलिदान के लिए नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में वीरता व राष्ट्रभक्ति का परिचय देने वाले पाँच पूर्व सैनिकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें आनरेरी लेफ्टिनेंट कैलाश बाबू पाल, सूबेदार मेजर के के सिंह, सूबेदार राकेश शुक्ला, नायब सूबेदार राम बाबू व सिपाही अजीत सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम के उत्तरार्ध में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के लिपिक अनिल सिंह को उत्कृष्ट कार्यकुशलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सम्मानित किया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं अपर जिलाधिकारी राजेश सिंह ने सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ समर्पण के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संयोजन मेजर योगेन्द्र सिंह कटियार अध्यक्षए यूपी एक्स-सर्विसेज लीग, एवं कर्नल सूर्य प्रकाश सिंह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं बयोवृद्ध पूर्व सैनिक योगेश चन्द्र, आरआर सिंह, एवं वीरनारी संघ की प्रभारी रश्मि दीक्षित सहित कई अतिथि उपस्थित रहे।

# नवीनतम तकनीकी व बीमारियों पर चर्चा करेंगे हार्ट विशेषज्ञ

**-राष्ट्रीय सम्मेलन कानपुर कार्डियोलॉजी समिट 2025 का आयोजन आज**
**-कई मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ होंगे शामिल**



कानपुर। रविवार को मेटबोलिक सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन कानपुर कार्डियोलॉजी समिट 2025 का आयोजन स्टेटस क्लब एंड रिसॉर्ट कैंट में किया जा रहा है। सम्मलेन को मुख्यता हृदय रोग संस्थान कानपुर के. केयर हॉस्पिटल कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया, यूपी चैप्टर, कानपुर के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। सम्मलेन के मुख्य आयोजनकर्ता हृदय रोग संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अवधेश कुमार शर्मा एवं के केयर कानपुर के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार ने बताया कि एकदिवसीय इस सम्मलेन में देश भर के कई मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ हृदय रोग के उपचार मे प्रयुक्त होने वाली नवीनतम तकनीकी, हार्ट अटैक से बचाव, डायबिटीज व हृदय सम्बन्धी बीमारियों पर चर्चा करेंगे। सम्मलेन के मुख्य अतिथि कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष व जीबी पन्त हॉस्पिटल नई दिल्ली के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ संजय त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि एसजीपीजीआई लखनऊ के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आदित्य कपूर व सम्मानित अतिथि हृदय रोग संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार वर्मा होंगे। सम्मलेन मे हृदय रोग की चिकित्सा मे अमूल्य योगदान के लिए कानपुर शहर के सबसे वरिष्ठ व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ व पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ एसएस सिंघल को उनकी सेवाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के चेयरमैन हृदय रोग संस्थान के कार्डियोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उमेश्वर पाण्डेय ने बताया कि ये सम्मलेन निश्चित तौर पर कानपुर व आस पास के शहरों के चिकित्सक नवीनतम तकनीकियों से भिज्ञ होंगे। हृदय रोग संसथान के निदेशक प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार वर्मा ने सभी को सम्मलेन के सकल आयोजन की अग्रिम शुभकामनायें दीं। सम्मेलन मे शहर के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार सिन्हा, डॉ एम एम रज़ी, डॉ मुकेश झां, डॉ कुमार हिमांशु, डॉ प्रवीण शुक्ला, डॉ नीरज वरयानी, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ श्रीपत खैरनार व डॉ रितेश गंगवार आदि उपस्थिति रहें।

## खबर एक नजर

### एक लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कानपुर। जीआरपी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान सेन्ट्रल



रेलवे स्टेशन के पास से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने बताया कि देर रात हैरिशगंज पुल के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त राजू दास और हरेन्द्र दास दोनों बिहार के वैशाली के रहने वाले हैं। अभियुक्तों के पास से दो नीले ड्रम में कुल 12 बोतल रॉयल स्टेज 750 की अंग्रेजी शराब और 58 कैन किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर बरामद हुई है। बरामद शराब और बीयर की अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपये है। पूछताछ में पता चला कि दोनों अभियुक्त इस शराब और बीयर को लेकर बिहार जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। अभियुक्तों ने बताया कि वे पहले भी शराब तस्करी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पुलिस से बचने के लिए उन्होंने घरेलू उपयोग के प्लास्टिक ड्रम में शराब और बीयर छिपाई थी। पुलिस अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाही कर रही है।

### जहर से हुई थी लखन की मौत, गुनगुन गई जेल

कानपुर। शादीशुदा महिला के साथ लिवइन में रह रहे युवक लखन शुक्ला की मौत जहर से होने का खुलासा होने के बाद रावतपुर पुलिस ने आरोपी गुनगुन को शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

जरौली फेस-2 में रहने वाले अर्जुन शुक्ला का बेटा लखन करीब दो महीने पहले घर छोड़कर गुनगुन नाम की महिला के साथ काकादेव ओम चौराहा पर एक मकान में किराए पर रहता था। गुनगुन ने बताया गुरुवार भोर में लखन ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। उसने फंदा काटकर नीचे उतारा और फिर पड़ोसियों की मदद से हैलट अस्पताल लेकर पहुंची थी, जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद लखन को मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद रावतपुर थाने की पुलिस ने लखन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मृतक के पिता अर्जुन और उनके परिवार के लोगों ने कई सवाल उठाते हुए दावा किया था कि फांसी लगाने से मौत नहीं हुई है। जहर देकर मर्डर किया गया है। इसके साथ ही गुनगुन पर हत्या का आरोप लगाते हुए रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ये साफहो गया कि लखन की मौत फांसी लगाने से नहीं हुई है। लखन की मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। बिसरा को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। जिसके बाद गुनगुन को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### पति-पत्नी की छीना-झपटी में मासूम गिरा, मौत

कानपुर। सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के दौरान छीना झपटी में 2 साल के मासूम की गिरने से मौत हो गई। सिद्धार्थ नगर निवासी मनोज उर्फ मयंक सैनी सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है। मनोज के पिता रामबाबू ने बताया कि बेटी की शादी तीन साल पहले दीक्षा से हुई थी। दोनों के एक दो साल का बेटा स्वास्तिक था। रामबाबू ने बताया कि शादी के 6 महीने बाद ही बहू अक्सर मायके जाने की जिद करती थी। साथ ही दिन भर फोन पर बातचीत करती थी। जिसको लेकर आए दिन बेटे-बहू में विवाद होता था। रामबाबू ने बताया कि पौत्र स्वास्तिक के दिल में छेद था, जिसका छत्तीसगढ़ स्थित अस्पातल से इलाज कराने की तैयारी चल रही थी। गुरुवार को स्वास्तिक को बुखार आ गया था था, जिसका इलाज कराने के लिए मनोज और दीक्षा अस्पताल गए थे। अस्पताल से लौटने के दौरान बहू मायके जाने की जिद करने लगी। जिस पर दोनों के बीच जमकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान छीना झपटी में स्वास्तिक मनोज की गोद से गिर गया, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शुक्रवार देर शाम इलाज के दौरा उसकी मौत हो गई। वहीं मृत बच्चे की मां ने पति पर बच्चे को पटकने का आरोप लगा कर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज कर पति को हिरासत में ले लिया।

### थाने से थोड़ी दूरी पर मेडिकल स्टोर में हुई चोरी

कानपुर। स्वरूप नगर थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने एक मेडिकल स्टोर के शटर का ताला तोड़ कर तीन लाख की नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो मेडिकल स्टोर संचालक को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो सब बंद मिले।

विकास नगर निवासी राजीव वोहरा का मोतीझील में मधुराज हास्पिटल के सामने मेडिकल स्टोर है। देर रात दुकान बंद कराने के बाद वह कर्मचारियों के साथ घर चले गये। देर रात चोरों ने मेडिकल स्टोर का एक शटर तोड़कर वहां रखी तीन लाख की नकदी पर हाथ साफकर दिया। शनिवार सुबह जब राजीव वोहरा कर्मचारियों के साथ दुकान पहुंचे तो टूटा शटर देखकर चोरी की जानकारी हुई। घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे कैमरे चेक किए तो सब बंद मिले। जिससे चोरों का पता नहीं चल सका। स्वरूप नगर थाना प्रभारी सूयबलि पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है आसपास के सीसी कैमरे देखे जा रहे हैं। आशंका है कि कोई कर्मचारी ही घटना में शामिल है।

## रिटायर्ड एलआईसी कर्मी से लाखों की हुई ठगी

कानपुर। श्याम नगर रामपुरम निवासी सुधीर कुमार शुक्ला सेवानिवृत्त एलआईसी अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को उन्हें इशिता पाल द्वारा एक वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था। जिसमें शेयर मार्केट में निवेश करके एक दिन में 5 से 10 प्रतिशत तक कमाने की बात बताई गई। इसके साथ ही एक लिंक के जरिए से फार्म भरवाया गया और आधार भी लिया गया। ग्रुप में हर शाम को शेयर मार्केट के बारे में एक प्रोफेसर जो खुद को सीनियर इग्जीक्यूटिव आफिसर हेनान डेलवी बताते हुए जानकारी देता था। इसके बाद निवेश के लिए उन्हें एक दूसरे गुप में जोड़ा गया। साथ ही उनसे एक लिंक डाउनलोड कराया गया, जिसमें उनके नाम का ट्रेडिंग एकाउंट दिखने लगा। इसके बाद उनसे रुपए निवेश करने को कहा गया। जिस पर उन्होंने 24 मई से 2 जून के बीच में 14 बार में आरटीजीएस व यूपीआई के माध्यम से 51.53 लाख रुपए जमा कर दिए। जिसके बाद उन्हें कई कंपनियों के शेयर अलग-अलग दर से आंवाटित दिखाए गए। जिसमें उनकी कुल रुपए 3.29 करोड़ दिखाई जा रही थी। जिसके बाद उनसे इस राशि पर 5 प्रतिशत इनकम टैक्स की मांग की गई। जिस पर उन्होंने देने से मना कर दिया] जिसके बाद उन्हें ग्रुप से निकाल दिया गया। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल थाने में शिकायत की गई। थाना प्रभारी साइबर सेल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## महाना ने किया अज्ञात अस्थि कलशों का पूजन



कानपुर। जिनकी अज्ञात मृत्यु हुई और कोई जल देने वाला तक न था, उन्हीं अज्ञात अस्थि कलशों का जब स्वयं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधिवत पूजन किया, तो समाज का एक उज्ज्वल मानवीय पक्ष सामने आया जिसकी सबने सराहना की। ज्ञातव्य है कि युग दधीचि देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने वर्ष 2014 में विद्युत शव दाह गृह भैरो घाट में अस्थि कलश बैंक की स्थापना की थी। जिसमें लोग अपने प्रियजनों के अस्थि कलश कुछ समय रख कर वापस विसर्जन हेतु ले जाते हैं यह व्यवस्था निःशुल्क है। प्रति वर्ष कुछ कलश ऐसे होते हैं जिनका कोई लेने वाला नहीं होता, इनका विसर्जन संस्था करती है। इसी प्रकार के सात अस्थि कलशों का पूजन करते हुये सतीश महाना ने कहा कि सनातन धर्म में अनजान शवयात्रा को भी प्रणाम करते हुए सम्मान देने का विधान है, ऐसे में अज्ञात ही सही इन अस्थि कलशों का विधिवत पूजन, विसर्जन हमारा धर्म और कर्तव्य भी है। संस्था की महासचिव माधवी सेंगर ने बताया कि अब तक 120 कलशों का विसर्जन संस्था द्वारा किया जा चुका है, आज पूजित किए गए कलशों का विसर्जन अगले माह पितृपक्ष में किया जाएगा, यहाँ दिवंगतों की मोक्ष प्राप्ति हेतु महा मृत्युंजय यज्ञ भी किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पं शेष नारायण त्रिवेदी पप्पू भैया, पं सुमित मिश्र, अनिल राय, शरद प्रकाश अग्रवाल, सुधीर महाना, अनिल गुजराल ने आहुतियाँ प्रदान की। अतिथियों का स्वागत रविकान्त तिवारी, प्रकाश धवन व शान्ति भूषण यादव ने किया।

# संविधान में छेड़छाड़ हुई तो सपा नहीं करेगी बर्दाश्त-वीरेंद्र सिंह

**-संविधान मान स्तंभ दिवस पर वृहद आरक्षण बचाओ सम्मेलन का आयोजन**



**कानपुर।** शनिवार को संविधान मान स्तंभ दिवस पर वृहद आरक्षण बचाओ सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइंस स्थित रागेंद्र स्वरूप ऑडिटोरियम में सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में चंदौली सांसद वीरेन्द्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। संविधान मान स्तंभ दिवस पर आयोजित पीडीए सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी समाजवाद और लोकतंत्र तथा देश के पिछड़ों दलितो अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा तथा अधिकारों के साथ संविधान में छेड़छाड़ की तो सपा इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और दलितों की रक्षा के लिए सड़कों पर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि संविधान में समानता स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को बरकरार रखने में गंभीरता न अपनी तो जनता आगामी चुनाव में भाजपा के इरादों पर पानी फेर देगी और उत्तर प्रदेश में 2027 में अखिलेश यादव की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के साथ अन्याय कर रही है। प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में गरीबों पर फीस व किताबें का बोझ बढ़ गया है, लेकिन भाजपा का राज हठ भाजपा सरकार सीमित ताना शाही की ओर बढ़ रही है। वकीलों के साथ अन्याय हो रहा है भाजपा सरकार के मंत्री पुलिस के साथ ज्यादती के साथ विरोध में धरना कर रहे हैं। जनता गरीबी महंगाई का दंस झेल रही है बेरोजगारी के कारण नौजवान परेशान है आए दिन आत्महत्यो की खबरें आती रहती हैं लेकिन जनता की समस्या पर अनदेखी कर बिजली को निजीकरण के हाथों सौपने की तैयारी कर गरीबों को मोमबत्ती लालटेन की ओर धकेल रही है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से विशिष्ट अथिति राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, पूर्व मंत्री सुरेंद्र मोहन अग्रवाल, विधायक नसीम सोलंकी, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक मोहम्मद हसन रुमी, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ नीतेंद्र यादव, शादाब आलम, दीपक खोटे, अर्पित त्रिवेदी, अनूप यादव, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, आनंद शुक्ल समेत भारी तदाद में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मीना मंच में डीएम ने निभाई अध्यापक की भूमिका

**-बच्चों को पढ़ाया जेंडर इक्वालिटी का पाठ**



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को बेनाझाबर स्थित कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। शनिवार का दिन होने के कारण विद्यालय में मीना मंच की गतिविधियाँ आयोजित थीं, जिसमें जिलाधिकारी स्वयं अध्यापक की भूमिका में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को सहज भाषा में जेंडर इक्वालिटी, यानी लैंगिक समानता का पाठ पढ़ाया और बताया कि लड़का-लड़की में कोई भेद नहीं होता, जो मेहनत करता है, वही आगे बढ़ता है। बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि आज लड़कियाँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कोई वैज्ञानिक बन रही हैं, कोई डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासक। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रपति एक महिला हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा का लिंग से कोई संबंध नहीं होता। उनके अनुसार मीना मंच के माध्यम से बच्चों को घर और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की सीख मिलती है, जो उनके चरित्र निर्माण में सहायक होती है।

इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक सीमा साहू से छात्र संख्या, शिक्षकों की स्थिति और उपस्थिति की जानकारी ली। विद्यालय में कुल 132 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिनमें से आज 88 उपस्थित रहे। विद्यालय में आठ शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें तीन शिक्षामित्र और पाँच सहायक अध्यापक शामिल हैं। इसके बाद डीएम ने मिड डे मील की व्यवस्था की भी समीक्षा की। बताया गया कि भोजन की आपूर्ति अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा की जाती है। बच्चों से बातचीत में उन्होंने जाना कि आज छोले और चावल परोसे गए हैं और सभी बच्चे भोजन से संतुष्ट हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक छात्र के अभिभावक सागर अवस्थी से संवाद कर विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता पर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय की पढ़ाई, अनुशासन और माहौल के लिहाज से निजी विद्यालयों से बेहतर है। जिस कारण से उन्होंने अपने बच्चे का इसी विद्यालय में प्रवेश कराया है। डीएम ने एक अन्य अभिभावक से पूछा कि विद्यालय में पढ़ाई कैसी होती है, तो उन्होंने बताया कि पढ़ाई अच्छी होती है और शिक्षक समय से आते हैं।

## सपा कानपुर ग्रामीण द्वारा संविधान मान स्तंभ दिवस का आयोजन किया गया



बिल्हौर दृ समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण द्वारा दिनांक 26 जुलाई दिन शनिवार को संविधान मान स्तम्भ दिवस संविधान बचाओ आरक्षण बचाओ सम्मेलन का आयोजन दिव्या पार्टी लॉन ब्लाक कल्याणपुर विधान सभा बिठूर में मुनीन्द्र शुक्ला सपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें सभी विधान सभाओं के पदाधिकारीगण एवं बूथ सेक्टर एवं जोन के नेतागणों ने भाग लिया। सम्मेलन का संयोजन सर्वेश यादव पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा एवं संचालन जिला महासचिव जितेन्द्र कटियार ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जय शंकर पांडेय पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने शिरकत की। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए समाजवादी इतिहास के बारे में बताया एवं समाजवादी पार्टी का पीडीए से नाता और शोषितों वंचितों एवं पीड़ितों की लड़ाई लड़ने का कार्यकर्ताओं से पुरजोर आह्वान किया एवं 2027 में माननीय अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अमिताभ बाजपेई विधायक सतीश निगम पूर्व विधायक पूर्व जिलाध्यक्ष निर्भय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान श्याम सुन्दर यादव समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव आशीष सिंह चटरू वरिष्ठ सपा नेता विनय कोरी जिला पंचायत सदस्य राम लखन गौतम महिला सभा की अध्यक्ष अर्चना रावल अनुसूचित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रंजन पासी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शिवसिंह पाल लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष विजय यादव बब्लू मिश्रा राधारमण यादव प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य ककवन पंकज ठाकुर ऋषभ यादव आशु यादव पप्पू पहलवान प्रदीप सविता सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### युवक पर जान लेवा हमला करने वाले पिता व पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज

**तमंचे से फायर करने का आरोपए जान बचाने की कोशिश में एक घर में घुस कर किया मरणासन्न**

घाटमपुर। थाना सजे ती क्षेत्र के बांध गांव में अग्निवीर की तैयारी में रहे एक युवक पर गांव के ही रहने वाले पिता व पुत्रों के खिलाफ जान लेवा हमला करनेए तमंचे से फायर झोंकने तथा जान बचाने को एक घर में घुसने पर चाकुओं से हमला करने की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बांध निवासी शशि दीक्षित पत्नी स्वव राम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गगन उर्फ खुशी राम 18 जुलाई कि शाम लगभग 6 बजे गांव की किराने की दुकान से सामान लेने गया था। जैसे वह पचायत भवन के पास पहुंचा ही था कि गांव के ही रहने वाले जय करन व उसके पुत्रों अमनए अंकुशए केशव व बड़े ब ऊ वा ने रंजिश के चलते जान लेवा हमला बोल दिया। हवाई फायर झोंकने पर जब गगन एक घर घुस गया तो पीछा कर रहे हमलावरों ने घर में भी घुसकर मार पीट कर चाकू से हमला किया। जिसे मरा समझ कर आरोपी छोड़कर भाग गए। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### ओटीएस योजना के 20 बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**विद्युत विभाग के निशाने पर हैं ऐसे चार हजार उपभोक्ता**

घाटमपुर। अधिशाषी अभियंता अमर दीप की देख रेख में 5 दिन लगाए गए विद्युत सेवा महाभियान शिविर में एक मुश्त समाधान योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने वाले बिजली के बकायेदारों को दिए गए मौके के बाद भी बिल जमा न करने वालों पर विद्युत विभाग ने नजरें टेढ़ी की हैं।विद्युत विभाग के टारगेट पर ऐसे चार हजार उपभोक्त टारगेट पर हैं।डिस्कनेक्शन से बचने के लिए विद्युत विभाग ने उन्हें अभी भी मौका दिया है। फिलहाल 10 ऐसे उपभोक्ताओं से रोज विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर समस्याओं के समाधान के साथ बकाया बिजली के बिलों को जमा करने को कहा गया है। फिर अनदेखी करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही का शिकंजा कसने के साथ कनेक्शन काटे जाने से भी गुजरना होगा। इसी कड़ी में शनिवार को ऐसे 50 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की विद्युत विभाग द्वारा बनाई गई सूची में से घाटमपुर टाऊन में 20 बिजली के बिलों के बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। इनके अलावा एक मुश्त समाधान योजना के अलावा घरेलू व कमर्शियल बिलों के बड़े बकायेदारों की भी विद्युत विभाग द्वारा सूची तैयार कर कनेक्शन काटे जाने की तैयारी की जा रही है। ऐसे उपभोक्ताओं को भी इस माह के अंत तक बिलों को जमा कराए जाने का मौका दिया गया है। अधिशाषी अभियंता अमर दीप ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने एक मुश्त समाधान योजना ;ओटीएसद्ध में रजिस्ट्रेशन कराए थे।उन्हें विद्युत सब स्टेशन पहुंचकर बकाया बिजली के बिलों को जमा करने का अभी भी मौका दिया गया है। फिर भी न जमा करने पर उन्हें डिस्कनेक्शन के साथ कार्यवाही का सामना कर पड़ सकता है।

### पिता व पुत्रों ने युवक पर किया हमला दर्ज हुई रिपोर्ट

**तमंचे से फायर करने का आरोपए जान बचाने की कोशिश में एक घर में घुसने पर भी किया हमला**

घाटमपुर। थाना सजे ती क्षेत्र के बांध गांव में अग्निवीर की तैयारी में रहे एक युवक पर गांव के ही रहने वाले पिता व पुत्रों के खिलाफ जान लेवा हमला करनेए तमंचे से फायर झोंकने तथा जान बचाने को एक घर में घुसने पर चाकुओं से हमला करने की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बांध निवासी शशि दीक्षित पत्नी स्वव राम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गगन उर्फ खुशी राम 18 जुलाई कि शाम लगभग 6 बजे गांव की किराने की दुकान से सामान लेने गया था। जैसे वह पचायत भवन के पास पहुंचा ही था कि गांव के ही रहने वाले जय करन व उसके पुत्रों अमनए अंकुशए केशव व बड़े ब ऊ वा ने रंजिश के चलते जान लेवा हमला बोल दिया। हवाई फायर झोंकने पर जब गगन एक घर घुस गया तो पीछा कर रहे हमलावरों ने घर में भी घुसकर मार पीट कर चाकू से हमला किया। जिसे मरा समझ कर आरोपी छोड़कर भाग गए। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### छात्रा को बुरी नियत से खेत में खींचने की कोशिश

**दबंग युवक के खिलाफ छात्रा ने थाने में दी गई मुकदमे की तहरीर**

घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के एक गांव में स्कूल से पढ़कर लौट रही छात्रा को दबंग युवक ने रोक कर खेतों में खींचने की कोशिश की।छात्रा ने लगाया दबंग युवक पर बुरी नियत से खींचने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमे की तहरीर दी है। पिता के साथ थाने पहुंची छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह पढ़ने के लिए दूसरे गांव में स्थित स्कूल जाती व घर आती है। साइकिल से स्कूल जाने व आने पर आरोपी युवक उसके साथ अश्लील शब्दों का प्रयोग कर घूरता रहता है। सामाजिक मर्यादाओ को देखते हुए वह उसकी करतूतों की अनदेखी करती रही। शनिवार को तो आरोपी ने सारी हदें पार कर दी। उसके स्कूल से वापस लौटते समय उसने रास्ते से साइकिल रोक ली। मेरे साथ अश्लील बाते करने लगा। उसके विरोध करने पर आरोपी उसका हाथ पकड़कर खेत की ओर खीचने लगा। मेरे शोर मचाने पर उसने महंगे मोबाइल से मेरी फोटो खींच कर कहा कि अगर मेरी बात न मानी तो जिन्दगी बर्बाद कर दूंगा। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छुटकर छात्रा घर पहुंची। जहां उसको मानसिक तनाव में देख जब उसने अपनी मां व पिता को सारी दास्तान बताई तो उनके होश उड़ गए। छात्रा के पिता जब आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी व उसके घर वालों ने धमकाकर भगा दिया। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### गुमशुदगी के दर्ज कराए गए मुकदमे पर बहू पहुंची थाने

**कहा पति से ताल मेल न खाने के चलते मैं खुद गई थी अपनी मर्जी से**



घाटमपुर। थाना क्षेत्र के बेंदा से पति को तीन साल पहले छोड़कर कर गई एक विवाहिता के खिलाफ सास के गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के बाद शनिवार को इस मामले में दिलचस्प मोड आ गया। विवाहिता को पता चलने पर जहां वह जहां खुद थाने पहुंची वहीं पुलिस को बताया कि शादी के बाद पति से ताल मेल न मिलने पर वह अपनी मर्जी से पति को छोड़कर गांव के ही रहने वाले युवक के पास व साथ रहने गई थी।थाने पहुंची आकांक्षा 24 पत्नी राम खिलावन निवासी बेंदा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी ग्राम बेदा निवासी राम खिलावन के साथ 2022 हुई थी। हम दोनो पति.पत्नी में ताल .मेल नही बन पह पा था। तो मैं अपनी मर्जी से घर छोड़कर गाजियाबाद में रहने वाले अपने गाँव गौरए जनपद कानपुर देहात के रहने वाले मित्र नितिन के साथ रहने लगी थी। जब मुझे पता चला कि मेरी सास ममता द्वारा 4 सितम्बर 22 को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। तो मैं खुद थाने आई हूं। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि विवाहिता को जाने दिया गया है। उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थीए अब वह मिल गई है।

## सात अज्ञात अस्थि कलशों का पूजन

**सतीश महाना ने किया पूजन कलशों का पितृपक्ष में होगा विसर्जन**




कानपुर। जिनकी अज्ञात मृत्यु हुई और कोई जल देने वाला तक न था उन्हीं अज्ञात अस्थि कलशों का जब स्वयं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधिवत पूजन किया तो समाज का एक उज्ज्वल मानवीय पक्ष सामने आया जिसकी सबने सराहना की। ज्ञातव्य है कि युग दधीचि देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने वर्ष 2014 में विद्युत शव दाह गृह भैरो घाट में अस्थि कलश बैंक की स्थापना की थी जिसमें लोग अपने प्रियजनों के अस्थि कलश कुछ समय रख कर वापस विसर्जन हेतु ले जाते हैं यह व्यवस्था निशुल्क है। इसी में प्रति वर्ष कुछ कलश ऐसे होते हैं जिनका कोई लेने वाला नहीं होता इनका विसर्जन संस्था करती है। इस अवसर पर सात अस्थि कलशों का पूजन करते हुये श्री सतीश महाना ने कहा कि सनातन धर्म में अनजान शवयात्रा को भी प्रणाम करते हुए सम्मान देने का विधान है। ऐसे में अज्ञात ही सही इन अस्थि कलशों का विधिवत पूजनए विसर्जन हमारा धर्म और कर्तव्य भी है। संस्था की महासचिव माधवी सेंगर ने बताया कि अब तक 120 कलशों का विसर्जन संस्था द्वारा किया जा चुका हैए आज पूजित किए गए कलशों का विसर्जन अगले माह पितृपक्ष में किया जाएगा।

यहाँ दिवंगतों की मोक्ष प्राप्ति हेतु महा मृत्युंजय यज्ञ भी किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पंण् शेष नारायण त्रिवेदी पप्पू भैयाए पंण् सुमित मिश्रए अनिल रायए शरद प्र क ा श अग्र?वालए सुधीर महानाए अनिल गुजराल ने आहुतियाँ प्रदान की। अतिथियों का स्वागत रविकान्त तिवारीए प्रकाश धवनए शान्ति भूषण यादव ने किया। व्यवस्था प्रबन्धन सीमा अग्रवाल द्वारा किया गयाए कार्यक्रम का संयोजन.संचालन मनोज सेंगर एवं आभार माधवी सेंगर ने व्यक्त किया। समापन वैदिक शान्ति पाठ के साथ किया गया।



## कारगिल शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

कानपुर शनिवार को श्री चित्रगुप्त पूजन सेवा समिति द्वारा कारगिल शहीदों के सम्मान में समिति की अध्यक्ष श्रीमती वंदना निगम के नेतृत्व में कारगिल दिवस के उपलक्ष में मोतीझील कारगिल पार्क में कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें समिति के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और शहीदों को नमन किया और वीर शहीदों के सम्मान में उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती वंदना निगम महामंत्री श्रीप्रकाश श्रीवास्तव अनूप निगम शुभम श्रीवास्तव श्रीमति रश्मि श्रीवास्तव अभिमन्यु सक्सेना विष्णु प्रधान ददन मिश्रा हर्ष माथुर एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे

## वीपीपी एमएफडी के द्वारा बिजनेस मीट का आयोजन



**कानपुर** शनिवार को वीपीपी एमएफडी बिज़नेस कंसल्टेंसी सर्विसेज की तरफ से एक बिज़नेस मीट का आयोजन किया गया जिसका नाम द स्टेज रखा गया इस मीट में व्यवसाय से जुड़ी स्ट्रेटेजी बारीकियों और अवेयरनेस के बारे में बात की गई इसका उद्देश्य सभी वर्ग के व्यापारियों को एक साथ लाना और व्यापार के नए आयामों में बारे में बताना था ये बिज़नेस मीट 26 जुलाई 2025 शनिवार को ब्राइट बंगला रिसोर्ट नौबस्ता आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्र थे एवं नेतृत्व प्रमोद कुमार मिश्रा कंपनी सीईओ ने किया कार्यक्रम में उमेश द्विवेदी जी राष्ट्रीय युवा अभिमान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशेष सरंक्षक के तौर पर मौजूद रहे कार्यक्रम में सभी बैंको ने सहयोग किया एवं कंपनी इन्वेस्टर ने भी हिस्सा लिया वीवीपी प्राइवेट लिमिटेड एक बिज़नेस कंसल्टेंसी कंपनी है जो व्यापारियों की बिज़नेस संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करती हैं कंपनी स्ट्रेटेजी प्लानिंग फाइनेंसियल सॉल्यूशन मार्केट एनालिसिस बिज़नेस सेटअप एवं कई और विशेष सर्विसेज प्रदान करती है कंपनी ने अपना एक नया इनिशिएटिव कुशल एवं अपनी एक स्कीम वी पी पी ट्रेड हब को भी लांच किया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था व्यापारियों में बिज़नेस से जुड़ी नई तकनीकियों एवं तरीको के बारे में अवगत कराना

## रोटरी क्लब ऑफ कानपुर सूर्या का 16वाँ अधिष्ठापन समारोह का आयोजन




कानपुर शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर सूर्या का 16वाँ अधिष्ठापन समारोह दि स्पोर्टस हब में भव्य रूप से संपन्न हुआ इस अवसर पर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो प्रदीप खंडेलवाल एवं उनकी कार्यकारिणी ने वर्ष 25.26 के लिए पदभार ग्रहण किया नव चयनित सचिव रो अनिल ढाढनिया द्वारा क्लब की आगामी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 25.26 मेजर डोनर रोटेरियन राजन विद्यार्थी ;सीएद्ध ने कार्यक्रम की शोमा बढाई उन्होंने रोटरी के उद्देश्य और इस वर्ष की को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया विशिष्ट अतिथि निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 26.27ए रोटेरियन जसबीर सिंह भाटिया रहे जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार किया नवगठित टीम को रोटरी के मूल सिद्धांतों पर कार्य करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम का संचालन रो राजेंद्र अग्रवाल एवं डॉ शालिनी मोहन द्वारा किया गया प्रिया सारड़ा ने महिला सहभागिता व सेवा कार्यों को सशक्त रूप देने का संकल्प लिया और पूरे साल किए गए कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया समारोह में मुख्य रूप से रोटेरियन मनोज गुप्ता बीके सारडा अनूप अग्रवाल गोवर्धन माहेश्वरी आनंद जैन अभय अग्रवाल राधा कृष्ण अग्रवाल अशोक खंडेवाल संदीप कंसल शरद अग्रवाल आर के गर्ग आनन्द गोयल सुनील प्रहलाद राजीव भरतिया उमेश नेमानी आदि सदस्यों की उपस्थिति रहे

## शिक्षा के साथ खेल कूद देते हैं बुलंदियों को पंख-रमेश वर्मा

**असेंट पब्लिक स्कूल के छात्रों का क्लस्टर गेम्स में शानदार प्रदर्शन पर बोलते हुए स्कूल के चेयरमैन ने कहा**



घाटमपुर। असेंट पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने हाल ही में सीण्बीण्एसण्ईण् क्लस्टर गेम्स में भाग लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। जिसकी जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन रमेश वर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा के साथ खेल कूद बुलंदियों को पंख देते हैं। उन्होंने आगे बताया कि स्कूल के छात्र अरमान ने अंडर.14 शॉट पुट कैटेगरी में प्रदेश मे शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।इसके साथ हीएअंडर .17 जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में विद्यालय के एक अन्य छात्र शौर्य प्रताप ने पूरे उत्तर प्रदेश में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विजेता छात्रों के वापस आने पर प्रबंधन द्वारा छात्रों को नकद पुरस्कार के साथ प्रोत्साहित व सम्मानित किया गया।साथ ही कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक सकते हैं। स्कूल के सचिव संदीप वर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। छात्रों का यह प्रदर्शन न केवल उनकी मेहनत का फल है। बल्कि यह विद्यालय की खेल नीति और अनुशासित प्रशिक्षण का भी परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक आरती वर्मा ने कहा की विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय के साथ ही घाटमपुर क्षेत्र का भी मान बढ़ाया है। ल विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉण् मंजू सिंह सिकरवार ने छात्रों एवम शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की छात्रों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मुझे अत्यंत गर्व है। इस मौके पर शिवम श्रीवास्तवए मीडिया प्रभारी मनीष बघेल आदि भी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण



घाटमपुर। थाना समाधान दिवस में एसडीएम मनीष कुमार ने शिकायतें सुनीं। इस दौरान आई 18 शिकायतों में पांच का निस्तारण किया गया। वहीं अन्य के निस्तारण के निर्देश जिम्मेदारों को दिए गए।कुल आई 18 शिकायतों में 12 शिकायतें राजस्व से संबंधित रहीं। वहीं पुलिस से जुड़े मामलों की छह शिकायतें आईं। इनमे पांच का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं सजेती थाने में कुल सात शिकायतें आईंए जिनमे दो का निस्तारण किया गया।

## सजेती में वाहन से कुचला पड़ा मिला ट्रक चालक का शव

**थाना क्षेत्र के अजौरी में पुलिस को शव मिलने पर दी परिजनों को सूचना**



घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के हमिरा मऊ में पुलिस को एक ट्रक चालक का शव किसी वाहन से कुचला पड़ा मिला। काफी दूर तक शव के वाहन में फंसकर घसीटने व खलासी के कुछ पता न चलने पर परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही थी।शुक्रवार की रात पुलिस को हमिरामऊ के पास एक युवक का शव चढ्ढी व बनियान में पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को कुछ दूर पर ट्रक खड़ा मिला। पर खलासी का कहीं अता पता नहीं था। पुलिस ने शव को रात में ही सीएचसी घाटमपुर पहुंचाने के बाद चालक के पास मिले आधार व मोबाइल से घटना की जानकारी परिजनों को दी। खबर मिलने पर शनिवार की दोपहर बाद सीएचसी लखनऊ के थाना निगोल क्षेत्र के बाजपेई खेड़ा दयालपुर से भाई राम प्रताप व बेटे मान प्रताप के साथ पहुंचे पिता राम प्रकाश ने बताया कि उनका बेटा भान सिंह 47 ट्रक लेकर हमीरपुर क्षेत्र से मौरंग लादने गांव के ही रहने वाले खलासी के साथ गए थे। जिनका शव किसी वाहन से कुचला पड़ा मिलने की सूचना पुलिस से मिलने पर वह लोग आए हैं। जिसकी उन्होंने हत्या की भी आशंका जताई। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि चालक की मौत के सम्बंध में अभी तक किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है।

## किशोर की मौत से परिजनो में कोहराम

हमीरपुर। अवगत कराना है कि 20 जुलाई को सागर पुत्र विनेश निषाद निवासी मोहल्ला कजियाना थाना कोतवाली नगर जनपद हमीरपुर (उम्र करीब 8 वर्ष) अपने घर के पास सड़क पर खेल रहा था। तभी रोड से कुछ खच्चर घोड़ा निकल रहे थे। एक खच्चर द्वारा पैरों से सागर के ठोकर मार दी गई। जिससे उसके सर में चोट आ गई। सागर को कानपुर में उसके परिजनों द्वारा एडमिट कराया गया। जिसकी इलाज के दौरान चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम कानपुर में कराया गया है। आज अंतिम संस्कार के लिए जाते समय मृतक सागर का शव कालपी तिराहा में परिजनों द्वारा रख दिया गया। जिसकी सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा परिजनों को समझाया-बुझाया गया। परिजनों द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। यातायात सुचारु रुप से चल रहा है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। वही परिजनो का रो-रोकर बुराहाल हो गया है।

## थाना समाधान दिवस आयोजित

हमीरपुर। आज जनपद हमीरपुर के थाना कुरारा में थाना समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना कुरारा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार आज जनपद हमीरपुर के थाना राठ में थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी हमीरपुर व क्षेत्राधिकारी राठ जनपद हमीरपुर द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया तथा जमीनी विवादों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये।


## कार्यालय नगर पंचायत-खागा फतेहपुर

**नामान्तरण हेतु सार्वजनिक सूचना**

सं. 182/न.पं. खागा/वर्ष 2025-26/ दिनांक- 25.07.2025

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित विवरण अनुसार क्रय किये गये मकान का दाखिल-खारिज/नामान्तरण किया जाना इस कार्यालय में लम्बित है। यदि किसी व्यक्ति विशेष को ऐतराज हो तो अपनी आपत्ति प्रकाशन की तारीख से 35 दिनों के अन्तर्गत कार्यालय में दर्ज करा दें, अन्यथा किसी प्रकार की आपत्ति न होने की दशा में नामान्तरण की दावेदारी/दाखिल खारिज की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | मकान जहां स्थित है चौहद्दी सहित विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री दिलीप कुमार पुत्र प्यारेलाल नि. तहसील के सामने किशनपुर रोड रामनगर न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर | श्री अशोक कुमार पुत्र सूरज पाल नि. किशनपुर रोड रामनगर न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | किशनपुर रोड वार्ड (20) न.पं. खागा<br>पू. प्लाट छाया देवी<br>प. किशनपुर रोड<br>उ. प्लाट क्रेता<br>द. मकान सुरेन्द्र शर्मा |
| 2. | श्री संतोष कुमार पुत्र राजाराम नि. मुशवापुर, शहजादपुर न.पं. खागा व श्री अशोक कुमार पुत्र राजाराम नि. मुशवापुर हा. मु. गोपालपुर तहसील खागा जिला फतेहपुर। | श्री मोहम्मद मोबीन पुत्र मो. नईम नि. धूमनगंज न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | मुशवापर वार्ड (17) न.पं. खागा<br>पू. रास्ता न.पं. खागा<br>प. रास्ता न.पं. खागा<br>उ. मकान अजीज अहमद<br>द. मकान मो. मोबीन अहमद |
| 3. | श्री विनोद कुमार व श्री राकेश कुमार उर्फ बृजेश कुमार गुप्ता व श्री दिलीप कुमार केशरवानी पुत्रगण श्री बनारसी लाल केशरवानी व श्रीमती गीता देवी पत्नी स्व. राजेश कुमार नि. गदाई न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | श्रीमती कलावती पत्नी श्री प्रेमचन्द्र गुप्ता नि. तमरहटी वार्ड (05) किशनपुर तहसील खागा जिला फतेहपुर। | किशनपुर रोड वार्ड (20) न.पं. खागा<br>पू. प्लाट विकेता आदि<br>प. किशनपुर रोड<br>उ. मकान मोहन लाल<br>द. मकान छोटेलाल |
| 4. | श्रीमती विमला देवी पत्नी स्व. शिवशंकर नि. माहेश्वरी मार्केट न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | श्रीमती कलावती पत्नी श्री प्रेमचन्द्र गुप्ता नि. तमरहटी नगर पंचायत किशनपुर तहसील खागा जिला फतेहपुर। | माहेश्वरी मार्केट वार्ड (17) न.पं. खागा<br>पू. मकान राकेश<br>प. मकान कृपाशंकर<br>उ. रास्ता<br>द. मकान ननकूलाल |
| 5. | श्री आत्मानन्द बाजपेयी पुत्र रामप्रताप बाजपेयी व श्रीमती रीना देवी पत्नी स्व. योगेश कुमार बाजपेयी नि रामीपुर भखरना तहसील खागा जिला फतेहपुर। | श्री अंकित कुमार केशरवानी व श्री अमित केशरवानी पुत्र श्री सुभाष चन्द्र केशरवानी नि. माहेश्वरी मार्केट न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | चौडाखेर वार्ड (06) न.पं. खागा<br>पू. मकान पप्पू द्विवेदी<br>प. मकान अविनाश चन्द्र<br>उ. रास्ता<br>द. मकान गुड्डी तिवारी |
| 6. | श्री अंकित कुमार केशरवानी व श्री अमित केशरवानी पुत्रगण श्री सुभाष चन्द्र केशरवानी नि. माहेश्वरी मार्केट न. पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | श्रीमती प्रीती गुप्ता पत्नी नितिन दास गुप्ता वकदर हिस्सा 1/2. भाग व श्रीमती पुष्पलता पत्नी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता बकदर हिस्सा 1/2. भाग नि. चौराहा अधिकांश न.पं. खागा तहसील खागा जिला फतेहपुर। | चौडाखेर वार्ड (06) न.पं. खागा<br>पू. मकान पप्पू द्विवेदी<br>प. मकान अविनाश चन्द्र<br>उ. रास्ता<br>द. मकान गुड्डी तिवारी |
| 7. | **वसीयतकर्ता**<br>श्रीमती सियाकली पत्नी स्व. अयोध्या प्रसाद नि. जसराजपुर तहसील खागा जिला फतेहपुर। | **वसीयत ग्राही**<br>श्री राहुल कुमार पुत्र स्व. अयोध्या प्रसाद नि. जसराजपुर तहसील खागा जिला फतेहपुर। | बाजार वार्ड (21) न.पं. खागा<br>पू. मकान धर्मेन्द्र केशरवानी<br>प. मकान कमल गुप्ता<br>उ. मकान प्रमोद पाल<br>द. रास्ता |
| 8. | **दानकर्ता का नाम**<br>श्री हरिशंकर पाण्डेय पुत्र श्री शिवशंकर पाण्डेय नि. रेलवे कासिंग, किशनपुर रोड न.पं. खागा जिला फतेहपुर। | **दान ग्राही का नाम**<br>श्री प्रशान्त पाण्डेय पुत्र श्री नीरज पाण्डेय नि. किशनपुर रोड न.पं. खागा हा.मु. 61/210 पी. एन.बी. बैंक सीताराम मोहाल बारागॉव कानपुर नगर | किशनपुर रोड वार्ड (20) न.पं. खागा<br>पू. प्लाट ब्रम्हदेव पाण्डेय<br>प. दुकान प्रशान्त पाण्डेय<br>उ. रास्ता<br>द. मकान विशम्भर |

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खागा फतेहपुर**

### युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बहबलपुर में शनिवार की दोपहर घरेलू कलह के चलते 37 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जानकारी के अनुसार बहबलपुर गांव निवासी गंगाराम का दिनेश ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुये कानुपर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

## डिप्टी सीएम से मिले बिंदकी विधायक व पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष

**- सीएचसी को संयुक्त चिकित्सालय के रूप में परिवर्तित किए जाने की मांग**



**बिंदकी (फतेहपुर)।** बिंदकी विधानसभा क्षेत्र से अपना दल एस के विधायक जय कुमार सिंह जैकी व भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अतुल द्विवेदी ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से लखनऊ पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें दो अलग-अलग पत्र सौंपते हुए सीएचसी को संयुक्त चिकित्सालय के यप में परिवर्तित किए जाने की मांग की। डिप्टी सीएम को सौंपे गए पत्र में विधायक व भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी की स्वास्थ्य सेवाएं विगत कई वर्षों से क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या की अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पा रही है। सीएचसी वर्ष 1989 में संयुक्त चिकित्सालय के रूप में स्थापित किए जाने की योजना के अंतर्गत निर्मित हुआ था, जिसमें चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफके आवास भी सम्मिलित थे परन्तु विगत समय में यह भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में ही क्रियाशील रहा है। वर्तमान में यहां पर 24 घंटे आपातकालीन सेवा दी जा रही है और निकटवर्ती जहानाबाद व अमौली जैसे क्षेत्रों से रेफर होकर बड़ी संख्या में मरीज यहां आते हैं। जनप्रतिनिधियों व स्थानीय जनमानस की ओर से यह मांग बार-बार उठाई जाती रही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उसके मूल स्वरूप में संयुक्त चिकित्सालय के रूप में पुनः परिवर्तित किया जाए। इससे बिन्दकी तहसील के लाखों लोगों को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं तहसील स्तर पर ही प्राप्त हो सकेंगी और जिला मुख्यालय की ओर अनावश्यक रेफरल भी रोका जा सकेगा। मांग किया कि शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी को संयुक्त चिकित्सालय का दर्जा दिया जाए।

## भाजपाइयों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**- मां भारती की सुरक्षा में अपने प्राणों की दी थी आहुति**



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कारगिल विजय दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने देश के सैनिकों के अदम्य साहस और शक्ति व शौर्य की चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने कहा कि कारगिल विजय दिवस वीर जवानों की अदम्य साहस और शौर्य की गौरवगाथा है। आज का दिन वह दिन याद दिलाता है जब पाकिस्तानी सेना नापाक इरादे लेकर भारतीय सीमा में दाखिल हुई थी। जवानों ने उस मुश्किल घड़ी में पाकिस्तानी सेना को करारा जवाब देते हुए उन्हें पीछे खदेड़ दिया। कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था, हमने 'सत्य, संयम और सामर्थ्य' का अद्भुत परिचय दिया था। देश के विभिन्न प्रांतों के सैनिकों के साथ हिमांचल के जवानों ने भी इस कारगिल युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और मां भारती की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

कार्यक्रम में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूर्व सैनिकों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन पीतांबर सिंह ने किया। पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने वीर सैनिकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिव कुमार पाल, कैप्टन हरिशंकर सिंह चौहान, नायब सूबेदार, राजेंद्र सिंह, वीर नारी रामश्री, कार्यक्रम संयोजक पुष्पराज पटेल, जिला महामंत्री उदय लोधी, नीरज सिंह, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, कार्यक्रम सहसंयोजक विक्रम सिंह चंदेल, डॉ. शिव प्रसाद त्रिपाठी, मंजू शुक्ला, अतुल त्रिवेदी, जसवंत गिहार, स्वरूप राज सिंह जूली, सुनीता गुप्ता, शुभम् तिवारी, अविनाश मौर्या, विनोद गौतम सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैंग रेप का आरोपी भाजपा नेता पार्टी से निष्कासित

बिंदकी (फतेहपुर)। गैंग रेप के आरोपी भाजपा नेता को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी मलवा मंडल की अध्यक्ष ने प्रेस नोट जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार की घटना की जानकारी हुई है। बताया कि आरोपी मनोज कुमार भाजपा के पूर्व शक्ति केंद्र संयोजक थे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल की संस्तुति पर मनोज कुमार को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। भाजपा मलवा मंडल अध्यक्ष ने स्पष्ट किया की पार्टी में किसी भी अपराध एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए समर्थन नहीं करती है।

## आप अधिवक्ता प्रकोष्ठ के बाबूलाल व व्यापार प्रकोष्ठ के वीरेन्द्र बने जिलाध्यक्ष

**- हर घर संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स**

**फतेहपुर।** आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह एवं प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार आम आदमी पार्टी जिला काउंसिल की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर जहां चर्चा की गई वहीं घर-घर संपर्क अभियान को रफ्तार देने पर विशेष कार्य योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर घर संपर्क अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जाए। उन्होने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा की। संगठन विस्तार के अंतर्गत अधिवक्ता प्रकोष्ठ एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई जिसमें अधिवक्ता प्रकोष्ठ में बाबूलाल, व्यापार प्रकोष्ठ में वीरेंद्र कुमार को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की नीतियों एवं दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यों के बारे में अवगत कराया जाएं एवं पार्टी से जोड़ा जाए। बैठक में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी एवं स्थानीय संगठनों के पदाधिकारी के साथ प्रांतीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए एवं कुछ नए सदस्यों को पार्टी की जिम्मेदारियां सौंपीं गई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष प्रांत उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष शाहजहां, प्रदेश सचिव वेद प्रकाश, जिला प्रवक्ता चंद्रभानु पटेल, महिला जिलाध्यक्ष माया गौतम जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्र किशोर, राजेश प्रधान, कमरुद्दीन, प्रशांत पटेल, ऋषभ पटेल, अंजू देवी, जितेंद्र, अंजू प्रजापति, शेर आलम, असलम आदि पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धर्म के नाम पर उलझाकर लोगों को भटका रही भाजपा : डा. एस.पी.हनुमान

**- पीडीए जागरूक होगा तभी देश का होगा कल्याण**

**- आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लें कार्यकर्ता**



फतेहपुर। संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस के मौके पर सामाजिक न्याय के राज के लिए पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ सांसद डा. एसपी सिंह पटेल ने शिरकत की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में सपाईयों ने शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव व संचालन जिला महासचिव चौ. मंजरयार ने किया। सम्मेलन के दौरान सर्वप्रथम सपाईयों ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें धर्म के नाम पर उलझाकर लोगों को भटका रही हैं, जिससे प्रदेश के साथ-साथ देश की जनता मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ अन्य जरूरी मांगों को न उठा सकें। धर्म के नाम पर देश का माहौल बिगाड़ने का काम किया जा रहा है, जिसे समाजवादी लोग कतई बिगड़ने नहीं देंगे।

उन्होने कहा कि पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक वर्ग जागरूक होगा तभी देश का कल्याण होगा। आगे आने वाले चुनाव में पीडीए फार्मूला फिर सफल होगा और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पुनः प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। आपसी मतभेद भुला दें। सम्मेलन को जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने भी संबोधित करते हुए पीडीए जागरूकता पर जोर दिया। इस मौके पर सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी, हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन राजकुमार मौर्या एड., विपिन सिंह यादव, महेन्द्र बहादुर सिंह बच्चा, संतोष द्विवेदी, समरजीत सिंह, वीरेन्द्र यादव एड., रामेश्वर दयाल दयालू गुप्ता, चेयरमैन आबिद हसन, सुशील पटेल दोषी, केतकी सिंह यादव, पूर्व सांसद डा. अशोक पटेल, संगीता राज पासी, रामतीर्थ परमहंस, चौधरी राजेश यादव, रीता प्रजापति, अमित मौर्या, राजू कुर्मी, अन्ना पासी, बलिराज उमराव एड., जंग बहादुर सिंह मखलू, सुहेल अहमद हेमू, सऊद अहमद सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री ने कराया भंडारा



- तांबेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

फतेहपुर। पूर्व मंत्री इन्द्रजीत कोरी की ओर से शनिवार को शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मंदिर के बाहर भंडारे की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थी, जैसे ही भंडारा शुरू हुआ पूर्व मंत्री श्री कोरी ने अपने हाथों से आने-जाने वाले लोगों के साथ-साथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भण्डारे का प्रसाद वितरित किया। सभी ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर कमलेश वर्मा, प्राची कोविंद, शिवस्वरूप, रामसजीवन पूर्व ब्लाक प्रमुख, रामजी, अनाविल सिंह, प्रमोद कुमार, शुभम सिंह, विनोद कुमार, आयुष कुमार शामिल रहे।

### खागा विधायक ने ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

खागा, (फतेहपुर)। विधानसभा खागा की विधायक कृष्णा पासवान ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र के देहात इलाकों में हो रही लगातार बिजली कटौती और कमजोर आपूर्ति को लेकर गंभीर चिंता जताई। विधायक ने कहा कि खागा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में बिजली की स्थिति बहुत दयनीय है। लगातार बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों और विशेष रूप से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे फसल उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से मांग की कि खागा क्षेत्र को डबल ग्रिड सिस्टम से जोड़ा जाए, ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। विधायक ने कहा कि एक ही ग्रिड पर पूरे क्षेत्र की निर्भरता के कारण थोड़ा-सा फॉल्ट या लोड बढ़ने पर सप्लाई बाधित हो जाती है। यदि डबल ग्रिड की व्यवस्था की जाए तो एक ग्रिड के फेल होने की स्थिति में भी वैकल्पिक व्यवस्था बनी रहेगी और लोगों को राहत मिलेगी। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। ग्रामीणों को अब उम्मीद है कि जल्द ही बिजली की समस्या से उन्हें राहत मिलेगी।

### हादसाः दुर्घटना में 25 श्रद्धालु घायल

फतेहपुर। जिले के खागा तहसील के बुदवन-प्रेमनगर मार्ग पर शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। मनगढ़ धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। 25 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को खागा सीएचसी पहुंचाया। जहाँ पर दो की मौत हो गई। 13 गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उनके परिजन घर ले गए।

## योगी सरकार पूरी तरह से फेल : कांग्रेस जिला अध्यक्ष

**-रेट पीड़िता के परिजनों से मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल**



**बिंदकी (फतेहपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक स्थान पर एक दिन पहले रात को एक किशोरी के साथ 03 लोगों ने गैंगरेप की घटना की थी। इस मामले में किशोरी की मां ने 03 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने वाले भेज दिया। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़िता के गांव पहुंचा और परिजनों से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने इस मौके पर कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। लाइन का आर्डर पूरी तरह से फेल है विद्वेष की भावना से बुलडोजर चलाया जाता है।

बताते चलें कि कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ कोतवाली क्षेत्र के एक स्थान में गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात को तीन लोगों ने गैंगरेप किया था। इस मामले में गैंग रेप के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया है। इसी क्रम में शनिवार की शाम लगभग 4.30 बजे कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता के भाभी से बातचीत किया और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी, फतेहपुर शहर कांग्रेस नगर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, एआईसीसी सदस्य तथा हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शिवाकांत तिवारी, जिला प्रवक्ता देवी प्रकाश दुबे तथा कांग्रेस नेता कलीम उल्ला, नसीम अंसारी, प्रशांत शुक्ला नफीस, आशीष तिवारी आदि रहे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह से फेल है प्रदेश की हालत खराब है। लाइन आफ ऑर्डर पूरी तरह से फेल है। बुलडोजर केवल राजनीतिक बदला लेने के लिए चलाए जा रहा है, कुछ लोगों को टारगेट करके बुलडोजर चलाया जा रहा है। अपराधियों के हौसले बुलंद है अपराधियों में जरा सभी खौफनहीं है। उ.प्र. पुलिस की कार्यशाली सही नहीं है। रेप आज की घटनाएं लगातार हो रही है। बेरोजगारी की समस्या किसाने की समस्या, बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो रही है।

## छात्र आरिस की हत्या पर अभिभावक संघ ने जताई नाराजगी

**- महर्षि विद्या मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े किए सवाल**

**- किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग**

फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर के छात्र मो0 आरिस की पूर्व छात्रों द्वारा पीटकर हत्या किए जाने के मामले में जिला अभिभावक संघ ने नाराजगी का इजहार किया। जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर महर्षि विद्या मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर जहां सवाल खड़े किए वहीं छात्रों की सुरक्षा को पुख्ता किए जाने की मांग की। इसके अलावा बिंदकी कस्बे में एक किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की है।

जिला अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार डब्लू की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि 23 जुलाई को महर्षि विद्या मंदिर में छुट्टी के समय विद्यालय के ही तीन पूर्व छात्रों ने छात्र आरिस के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया था। जिससे वह अचेत होकर गिर गया था। विद्यालय प्रशासन ने समय रहते कोई कदम नहीं उठाया। छात्र की उपचार दौरान लखनऊ में मौत हो गई। जबकि नियमानुसार विद्यालय के गेट पर सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। जिसके चलते युवकों ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। पूर्व में भी इस विद्यालय में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिन पूर्व जीटी रोड पर विद्यालय की बस रोक कर बस के अंदर चढ़कर छात्रों की पिटाई की गई थी। अभिभावक संघ ने कहा कि निजी विद्यालयों में बिना मान्यता प्राप्त छात्रावासों का संचालन हो रहा है। पूर्व में भी वहां मारपीट की घटनाएं हुई हैं। जिसे विद्यालय प्रशासन द्वारा दबा दिया गया। इसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक व समाज कल्याण अधिकारी से की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में मांग किया कि छात्र आरिस की हत्या करने वाले पूर्व छात्रों पर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने के साथ ही विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराई जाए। पांच सौ तक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में एंबुलेंस व एक पैरामेडिकल स्टाफअनिवार्य किया जाए। इस प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले विद्यालय प्रशासन पर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा कुंवरपुर रोड बिंदकी में एक सोलह वर्षीय किशोरी के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना में 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इसका मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। परिवार की सुरक्षा सहित जीवन यापन की सुविधा प्रदान की जाए। इस मौके पर पुष्पेन्द्र यादव एड., अवधेश यादव एड., जगदीश प्रसाद मौर्य एड., इन्द्रजीत सिंह यादव एड, राकेश कुमार मौर्य एड., उमेश कुमार मौर्य एड. भी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

फतेहपुर। लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का शनिवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। डीएम व एसपी ने सीसीटीवी की क्रियाशीलता, सीटिंग प्लान, पीने के पानी की व्यवस्था, बच्चों के बैग/सामान रखने की व्यवस्था, इंट्री-एग्जिट पॉइंट को देखा एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मदर सुहाग, आरएस एक्सेल, सेंट मैरी, चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, संत जेवियर्स स्कूल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश दिए कि सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर आज शाम तक सभी अपने अपने सेंटरों का दोबारा निरीक्षण कर लें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूरी सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ ये परीक्षा संपन्न कराई जाएगी अगर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो सर्वप्रथम उस केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित केंद्र के सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### मृतक आरिस के परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल

फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर के छात्रों की लड़ाई में अत्यधिक चोट लगने से लखनऊ में इलाज के दौरान मृत 12वीं के छात्र आरिस खान के परिवार से मिलने आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल उनके रेड़इया स्थित आवास पहुंचा। मृतक छात्र के परिवार से मिलकर कांग्रेसियों ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो. आरिफगुड्डा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह घटना स्कूल प्रशासन के गैर जिम्मेदाराना रवैए का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी से मुलाकात कर आहत परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग करेगा। साथ ही गरीब परिवार के लिए रोजी-रोटी हेतु एक आदमी के रोजगार की मांग करेगा। इसके अतिरिक्त कांग्रेस पार्टी अपने स्तर पर आर्थिक मदद भी करेगी। प्रतिनिधि मंडल में मौजूत जिला उपाध्यक्ष शेख एजाज अहमद, एआईसीसी शिवाकांत तिवारी, पार्टी प्रवक्ता इंजी. देवी प्रकाश दुबे, जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी, मो. नसीम अंसारी, शकीला बानो, उस्मान खान, हम्माद हुसैन ने घटना में दुख व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय बाल्मीकि न्याय पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट अंबेडकर पार्क में राष्ट्रीय बाल्मीकि न्याय पंचायत के मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार का भव्य स्वागत किया गया। नवमनोनीत प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार पीड़ितो वंचितों परिवारों के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। राष्ट्रीय नेतृत्व में जिस उम्मीद के साथ जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी कर्मठता के साथ किया जाएगा। संगठन को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम करने वालों में उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बाबूलाल एवं जिला महामंत्री प्रवेश कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि, धर्मेंद्र सिंह राजकुमार, विद्यासागर, शिवनाथ, अनिल कुमार, किशोर, इकबाल पाल, चंद्र प्रकाश जिला अध्यक्ष सफाई मजदूर संघ, नीरज कुमार, सानू सागर, अमन, सागर, श्रीनाथ, विद्यासागर, सानू, अंकित, राकेश, अरविंद, प्रिंस, प्रांजल, करन कुमार, निहाल आदि उपस्थित रहे।

### मासिक समीक्षा बैठक में बीईओ ने कसे पेंच

असोथर, (फतेहपुर)। ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्रा की अध्यक्षता में विकास खंड के प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार आगामी माह की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए बताया कि कक्षा 05 और कक्षा 08 उत्तीर्ण व परिषदीय विद्यालयों में प्रेषित टैबलेट, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब का विद्यालयों में सुचारू रूप से संचालित हो। समीक्षा करते हुए पुस्तक वितरण रेडिनेस कार्यक्रम, पुस्तकालय के प्रयोग के साथ निपुण विद्यालय बनाने की कार्य योजना पर प्रकाश डाला गया। डिजिटल नोडल आशीष त्रिपाठी ने स्मार्ट क्लास की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि दीक्षा सामग्री पीएम ई विद्या चैनल से सीखने की सामग्री पर चर्चा की। एआरपी विक्रम सिंह भदौरिया ने विद्यालय में छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु कक्षावार कॉलिंग पंजिका उपयोग नियमित किया जाए विद्यालय को निपुण बनाने हेतु निपुण कार्ययोजना का निर्माण कर हुए शत-प्रतिशत विद्यालय निपुण बनाने हेतु जोर दिया। इस मौके पर आशीष त्रिपाठी, ललतेश त्रिवेदी, प्रभात गुप्ता, लोकेश गुप्ता सहित प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अनुराग मिश्रा सहित विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

### वाहन की टक्कर से बालक की मौत

फतेहपर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर में शनिवार की दोपहर घर के बाहर रोड किनारे खडे 05 वर्षीय मासूम बालक को विपरित दिशा से आ रही चार वाहन टक्कर मारते हुए निकल गई। गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कुंवरपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र का पुत्र विनय अपने घर के सामने रोड किनारे खडा था। इसी बीच विपरित दिशा से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने बालक को टक्कर मारते हुए निकल गयी, जिसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरेजन्सी में तैनात चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्र्तगत हुए सडक हादसो के दौरान तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के थाना मंझनपुर गांव नारा निवासी अंसार अहमद का 40 वर्षीय मो0 आलम अपने मित्र रजीउद्दीन पुत्र स्व0 सूजा उद्दीन 42 के साथ बाइक से कानपुर रजीउद्दीन के भतीजे को देखने गये थे। वापस लौटते समय जैसे ही यह मलवां थाना क्षेत्र के अन्र्तगत मेडिकल कालेज के समीप एनएच-2 में पहुंचे तभी पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर दी, जिससे दोनो घायल हो गये। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के भैरमपुर गांव निवासी सियाराम 45 वर्षीय पुत्र राममनोहर बाइक से सब्जी लेने का जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर निकला तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सरकारी एम्बुलेंस ने घायलो को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### चौडगरा कस्बे में भांग के ठेके पर बिक रहा गांजा

- वीडियो हुआ वायरल, पुलिस बनी मौन

फतेहपुर। करोड़ों का गांजा पकड़ कर अपनी पीठ थपथपाने वाली पुलिस भांग के ठेकों में बिकने वाले गांजे पर लगाम नहीं लगा पाती है। अक्सर किसी न किसी के द्वारा इसी तरह का वीडियो वायरल किया जाता है। इसके बाद संबंधित थाने की पुलिस 100 ग्राम 200 ग्राम में गांजा बिक्री करने वाले युवक का चालान कर खानापूर्ति कर देती है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ जो कल्याणपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बा स्थित भांग के ठेके का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है, लेकिन वीडियो में नजर आया कि सरकारी भांग के ठेके के बगल में पुलिस के कुछ लोग बैठे हुए हैं और बगल में ही एक युवक अवैध मादक पदार्थ (गांजा) को खुलेआम बिक्री कर रहा है। कही न कहीं इस तरह का वीडियो वायरल होने से पुलिस विभाग की छवि पर जरूर असर पड़ेगा क्योंकि गलत कम करने वाले लोग जिस पुलिस को देखकर भागते हैं वहीं लोग पुलिस के सामने ही खुलेआम गांजा बिक्री कर रहे हैं।

# एको रूद्र द्वितीयो नास्ति



**- हृदयनारायण दीक्षित**

सोम चन्द्रमा के पर्याय हैं। वे विराट ब्रह्माण्ड का मन हैं। जैसे चन्द्र कलाएं घटती बढ़ती हैं, वैसी ही हमारे मन की चंचलता है। सोम संसारी देवता हैं। ओम सूक्ष्मतम विराट का एकात्म नाद। परम ध्वनि। अस्तित्व सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म है और विराट से भी विराट।

अन्तर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं होती हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज।

ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम् की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम् साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव का सोम चन्द्र प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं।

ऋग्वेद में रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। नट-राज। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' शिव महाकाल हैं। त्रिशूल उनका हथियार। तीन शूल दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट हैं। भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुखहारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। सोंचने से मन नहीं भरता। मैं तनाव की स्थिति में यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त दोहराता हूं-'हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।' मंच, माला, माइक का त्रिशूल मेरे भीतर है। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था तयम्बक रूद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। सावन का माह भारत में शिव उपासना की मंगल मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं खिलती हैं खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास। सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी में सत्य परम है। सत्य शिव है। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं। आस्तिकों के लिए यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया 'पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हांथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?' शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा।

पार्वती ने कहा 'संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।' शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया।

शिव बोले 'अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।' मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप प्रभाव में स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं। भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूंछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत् कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चन्द्रमा। अग्नि मध्य




नेत्र हैं। शिव अजन्मा हैं। उनका न जन्म हुआ और न ही मृत्यु। वे अजर अमर भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, 'रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।' यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। देवों के देव महादेव नमस्कारों के योग्य हैं। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांयी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाईं आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता पिता हैं। विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं।'

हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। बहुदेव उपासना हमारी प्रकृति है। शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं। वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यताएं' (पृष्ठ 416) में शिव उपासना को आर्येतर बताया है। उन्होंने ऋग्वेद के रूद्र को भी परवर्ती शिव से भिन्न बताया है। गोयल आर्यों को भारतीय मूल का नहीं मानते थे। वे देवताओं को भी आयातित मानते थे। लेकिन ऋग्वेद की प्राचीनता से ही ऐसे आरोप निरस्त हो जाते हैं। सिंधु घाटी से प्राप्त मुद्राओं में पशुओं की बहुतायत है। शिव पशुपति हैं ही। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। प्रख्यात मार्क्सवादी चिन्तक डॉ0 रामविलास शर्मा ने लिखा है 'वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे।

यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।' शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है। यजुर्वेद प्राचीन है। इसका 16वां अध्याय शिव की ही स्तुति है। यहां शिव कण-कण में व्याप्त परम चेतना हैं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### मृतक-भोज

मेरे पास कौन-सा बड़ा सामान ही है। तुम्हारे सेठजी का रातभर का किराया मारा जायेगा। जाकर ताला-वाला लाओ या लाये हो ? मुनीम-ऐसी क्या जल्दी है, बाई! कल सावधानी से खाली कर दीजिएगा। सुशीला-कल का झगड़ा क्या रखूं। मुनीमजी; आप जाइए; ताला लाकर डाल दीजिए। यह कहती हुई सुशीला अन्दर गयी, बच्चों को भोजन कराया, एक रोटी आप किसी तरह निगली, बरतन धोये, फिर एक एक्का मंगवा कर उस पर अपना मुख्तसर सामान लादा और भारी हृदय से उस घर से हमेशा के लिये विदा हो गयी। जिस वक्त यह घर बनवाया था, मन में कितनी उमंगें थीं। इसके प्रवेश में कई हजार ब्राह्मणों का भोज हुआ था। सुशीला को इतनी दौड़-धूप करनी पड़ी थी कि वह महीने भर बीमार रही थी। इसी घर में उसके दो लड़के मरे थे। यहीं उसका पति मरा था। मरने वालों की स्मृतियों ने उसकी एक-एक ईंट को पवित्र कर दिया था। एक-एक पत्थर मानो उसके हर्ष से खुशी और उसके शोक से दुखी होता था। वह घर आज उससे छूटा जा रहा है। उसने रात एक पड़ोसी के घर में काटी और दूसरे दिन 10 रु. महीने पर एक गली में दूसरा मकान ले लिया। इस नये कमरे में इन अनाथों ने तीन महीने जिस कष्ट से काटे, वह समझने वाले ही समझ सकते हैं। भला हो बेचारे सन्तलाल का। वह दस-पांच रुपये से मदद कर दिया करता था। अगर सुशीला दरिद्र घर की होती. तो पिसाई करती कपडे सीती, किसी के घर में टहल करती; पर जिन कामों को बिरादरी नीचा समझती है. उनका सहारा कैसे लेती। नहीं तो लोग कहते, यह सेठ रामनाथ को स्त्री है। उस नाम की भी तो लाज रखनी थी। समाज के चक्रव्यूह से किसी तरह तो छुटकारा नहीं होता। लड़की के दो-एक गहने बच रहे थे। वह भी बिक गये। जब रोटियों ही के लाले थे, तो घर का किराया कहां से आता। तीन महीने के बाद घर का मालिक, जो उसी बिरादरी का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति था और जिसने मृतक-भोज में खूब बढ़-बढ़कर हाथ मारे थे, अधीर हो उठा। बेचारा कितना धैर्य रखता। 30 रु. का मामला है, रुपये आठ आने की बात नहीं है। इतनी बड़ी रकम नहीं छोड़ी जाती। आखिर एक दिन सेठजी ने आकर लाल-लाल आंखें करके कहा- अगर तू किराया नहीं दे सकती; तो घर खाली कर दे। मैंने बिरादरी के नाते इतनी मुरौवत की।
अब किसी तरह काम नहीं चल सकता।

क्रमशः...

# आज भी याद आते हैं मिसाइल मैन डॉ. कलाम

सपने वो नहीं होते जो आपको रात में नींद में आएं लेकिन सपने वे होते हैं जो रात में सोने ना दें । ऐसी बुलंद सोच और अग्नि सरीखी ऊँची उड़ान रखने वाले मिसाइलमैन कलाम ही थे जिन्हें जनता का राष्ट्रपति यूँ ही नहीं



**- हर्षवर्धन पान्डे**

कहा जाता था। उनका जीवन सादगी, समर्पण और देशभक्ति का प्रतीक है। एक वैज्ञानिक, शिक्षक, लेखक और भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने न केवल विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में योगदान दिया, बल्कि लाखों युवाओं को सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा भी दी। अपने राष्ट्रपति पद के 5 बरस के कार्यकाल में डॉ. अवुल पकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम ने अन्य राष्ट्रपति के कार्यकालों के मुकाबले न केवल अमिट छाप छोड़ी बल्कि ऐसी मिसाल भारतीय राजनीती में दूर -दूर तक देखने को नहीं मिलती। डॉ. कलाम ने राष्ट्रपति पद के दरवाजे ना केवल आम आदमी के लिए ही नहीं खोले बल्कि समाज के हर तबके को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की। अपनी सादगी से उन्होंने पूरे देश की जनता का दिल जीता। डॉ. कलाम की शख्सियत ही यूँ थी कि हर कोई उनका मुरीद हो जाता था । राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भी वह आम इंसान की तरह सादगी में रहते थे। वह देश के उन सम्मानित व्यक्तियों में से एक थे जिन्होंने एक वैज्ञानिक और एक राष्ट्रपति के रूप में अपना अमूल्य योगदान देकर देश सेवा की। राष्ट्रपति पद पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद से डॉ. कलाम शिलांग, अहमदाबाद और इंदौर के भारतीय प्रबंधन संस्थानों तथा देश एवं विदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अतिथि प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। डॉ. कलाम ने राष्ट्राध्यक्ष रहते हुए राष्ट्रपति भवन के दरवाजे आम जन के लिए खोल दिए जहां बच्चे उनके विशेष अतिथि होते थे। वे हमेशा शिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने की बात करते थे। उनकी दृष्टि थी कि भारत 2020 तक एक विकसित राष्ट्र बने, जिसे उन्होंने अपनी पुस्तक 'विजन 2020' में विस्तार से व्यक्त किया। 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में पैदा हुए अब्दुल कलाम ने मद्रास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी से स्नातक करने के बाद भौतिकी और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का अध्ययन किया और फिर उसके बाद रक्षा शोध एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) से जुड़ गए। उनका बचपन भी बड़ा संघर्ष पूर्ण रहा। प्राइमरी स्कूल के बाद कलाम ने श्वार्ट्ज हाईस्कूल, रामनाथपुरम में प्रवेश लिया। वहां की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने 1950 में सेंट जोसेफ कॉलेज, तिरुचिन्नापल्ली में प्रवेश लिया। वहां से उन्होंने भौतिकी और गणित विषयों के साथ बीएससी की डिग्री प्राप्त की। अपने अध्यापकों की सलाह पर उन्होंने स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए मद्रास इंस्टीयट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, चेन्नई का रुख किया। वहां पर उन्होंने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का चयन किया।

कलाम की इच्छा थी कि वे वायु सेना में भर्ती हों तथा देश की सेवा करें। यह इच्छा पूरी न हो पाने पर उन्होंने बे-मन से रक्षा मंत्रालय के तकनीकी विकास एवं उत्पाद का चुनाव किया। वहां पर उन्होंने 1958 में तकनीकी केन्द्र सिविल विमानन में वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक का कार्यभार संभाला। उन्हीं दिनों इसरो में स्वदेशी क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से ''उपग्रह प्रक्षेपण यान कार्यक्रम' की शुरुआत हुई। कलाम को इस योजना का प्रोजेक्ट डायरेक्टर नियुक्त किया गया जिसे उन्होंने अंजाम तक पहुंचाया। जुलाई 1980 में ''रोहिणी' उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित करके भारत को 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब' के सदस्य के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी देखरेख में भारत ने 'अग्नि'और 'पृथ्वी' जैसी मिसाइलों का विकास किया जिसने भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। इसके अलावा, उन्होंने 1980 में ही एसएलवी थर्ड के सफल प्रक्षेपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसने भारत को अंतरिक्ष में उपग्रह प्रक्षेपण की क्षमता प्रदान की। डॉ. कलाम ने भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से रक्षामंत्री के तत्कालीन वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. वीएस अरुणाचलम के मार्गदर्शन में ''इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की शुरुआत की।

## ।। चाणक्य नीति ।।

+++

**प्रीतिः साधुजने स्मयः खलजने विद्वज्जने चार्जवम्।**
**शौर्यं शत्रुजने क्षमा गुरुजने नारीजने धूर्त्तता,**
**इत्थं ये पुरुषाः कलासु कुशलास्तेष्वेव लोकस्थितिः ॥**

इस संसार में वे लोग ही सुखी जीवन बिताने में सफल होते हैं, जो परिजनों के प्रति उदारता, सेवकों के प्रति दया तथा दुर्जनों के प्रति कठोरता का व्यवहार करते हैं तथा जो साधु व्यक्तियों के प्रति अनुराग रखते हैं, नीच व्यक्तियों के प्रति उच्चता का प्रदर्शन करते हैं, विद्वानों के प्रति विनयपूर्ण व्यवहार करते हैं, शत्रुओं को अपनी शूरवीरता का परिचय देते हैं, गुरुजनों के प्रति सहनशीलता दिखाते हैं और स्त्रियों के प्रति धूर्तता का व्यवहार करते हैं।

+++

**हस्तौ दानविवर्जितौ श्रुतिपुटौ सारस्वतद्रोहिणौ**
**नेत्रे साधुविलोकनेन रहितौ पादौ न तीर्थं गतौ।**
**अन्यायार्जित वित्तपूर्णमुदारं गर्वेण तुङ्गं शिरो**
**रे रे जंबुक ! मुञ्च मुञ्च सहसा निन्द्यं सुनिंद्यं वपुः ॥**

जंगल में पड़े किसी व्यक्ति के शव को खाने के लिए उत्सुक एक सियार को दूसरा सियार समझाते हुए कहता है- भाई ! इस शव को मत खाओ; क्योंकि यह किसी नीच व निन्दनीय का शव है। इसने अपने हाथों से कभी कुछ दान नहीं किया, कानों से किसी शास्त्र का श्रवण नहीं किया, नेत्रों से भगवान् की मूर्ति के तथा किसी महात्मा व्यक्ति के दर्शन नहीं किये, पैरों से किसी तीर्थ की यात्रा नहीं की। इसने तो सदा अन्यायपूर्वक कमाये हुए धन से अपना पेट ही भरा है और गर्व से अपना सिर ऊंचा उठाये रखा है। इसका शव तो निन्दनीय एवं त्याज्य है।

+++

## ।। अमृत कलश।।

### नींव का पत्थर

लाल बहादुर शास्त्री हंसमुख स्वभाव के थे। लोग उनकी भाषण देने की कला, निस्वार्थ सेवाभावना जैसे गुणों के कायल थे। लेकिन जब वह लोकसेवा मंडल के सदस्य बने तो संकोची स्वभाव के हो गए थे। वह समाचार-पत्रों में नाम छपवाने, प्रशंसा आदि के इच्छुक नहीं थे। एक दिन उनके मित्र ने पूछा, 'आप समाचार-पत्रों में नाम छपवाने से परहेज क्यों करते हैं?

तब शास्त्रीजी बोले, 'लाला लाजपतराय ने लोकसेवा मंडल के कार्य की सीख देते हुए बताया था कि ताजमहल में दो तरह के पत्थर लगे हैं-एक संगमरमर के, जिनकी प्रशंसा सभी लोग करते हैं। दूसरे वह पत्थर भी हैं जो ताजमहल की नींव में लगे हैं। लेकिन वही ताजमहल का आधार हैं। उनके यह शब्द मुझे आज भी याद हैं, इसीलिए मैं नींव का पत्थर ही बने रहने का इच्छुक हूं।'

## काँव-काँव

+++

**सर्वदलीय बैठक में लोकसभा चलाने पर सहमति**
भारत की जनता धन्य हो गयी खबर सुनकर!

**यूपीए शासन में जाति गणना न होना मेरी गलती**
जबकि देश के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे!

**माता पिता की सेवा के लिये एक महीने की छुट्टी**
विदेशी पोते पहली बार अपनी दादी को देखेंगे!

**सेना के लिये शस्त्र शास्त्र दोनों जरूरी - सीडीएस**
चीन ने अरुणाचल प्रदेश में कई गांव बसा लिये!

**राजस्थान में स्कूल की छत गिरने से मरे कई बच्चे**
दो हजार करोड़ की लागत से तैयार नयी संसद!

**योगी शासन में प्राथमिक शिक्षा बर्बाद- अखिलेश**
कांवड़ यात्राओं के लिये अक्षरज्ञान ही पर्याप्त!

**रूट के शतक से भारत बैकफुट पर**
हमारी बारी आएगी तो हम भी फ्रंटफुट पर होंगे!

खानपान के गलत तरीके से बढ़ रहा मोटापा
अरे, फैशन से खा तो लेने दो भैया!

+++

# बिहार में औद्योगिक जागृति कैसे आए इस पर विचार करें

सच में, अब ऐसा लगने लगा है कि बिहार में जो बाहुबली है उसके लिए कोई रोकटोक नहीं है और वह जब चाहे जहां चाहे किसी की हत्या कर सकते है , करवा सकते है । पिछले दिनों जिन दुर्दांत अपराधियों ने सरेशाम राज्य की राजधानी पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को अंजाम दिया इसका दूरगामी परिणाम निश्चित रूप से आज नहीं कल सामने आएगा ही। हत्या के बाद अपराधियों को



**- निशिकांत ठाकुर**

पकड़ लेना या इनकाउंटर में मार देना यह एक अलग बात है, लेकिन घटना घटी क्यों, हत्या को अंजाम किस तरह से दिया गया, यह भी जांच का मुद्दा होना चाहिए। सभी इस बात के सख्त विरोधी होते हैं कि किसी भी राज्य का राज्य से बाहर दुष्प्रचार नहीं किया जाना चाहिए , लेकिन आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से कोई बच नहीं सकता और वह राज्य से लेकर केंद्र सरकार के भी कानों को खड़े करता है। घटना के बाद उसकी जांच करना और गुनहगारों को सामने लाना तो एक अस्त्र है, लेकिन घटना घटे ही नहीं , यही पुलिस-- प्रशासन का तो काम होना चाहिए । लेकिन , क्या ऐसा हो रहा है? या प्रशासन इतना ढुलमुल हो गया है कि इन घटनाओं की जानकारी ही नहीं होती और हत्याएं हो जाती है , हत्यारे हत्या करके आसानी से भाग निकलते में सफल हो जाते हैं। जांच और सावधानी तो इस पर बरती जानी चाहिए । आज ऐसा नहीं हो रहा, लेकिन क्या आज पुलिस या प्रशासन का इकबाल इतना कमजोर और गैर महत्वपूर्ण हो गया है कि अपराधी जब कभी चाहे अपराध करके प्रशासन को चुनौती दे दे ? उनकी सूचनाओं के तंत्र इतने कमजोर हैं कि उनके खुफिया तंत्र उन्हे जानकारी देने से कतराते हैं। खुफिया तंत्र निष्प्रभावित और अकर्मण्य हो गई है? बिहार के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जातीय नफरत के जहरीले धुएं ने सारे वातावरण को काला कर दिया है। हिंसा की भावना, जो शायद पश्चिम की मनोवृत्ति में छिपी पड़ी थी अब आखिरकार बाहर आ गई है और बिहार में छा गई है । पुलिस समाज का रक्षक और सरकार का प्रतिनिधित्व करती है, पर आज अब देश का हर व्यक्ति ऐसी क्रूर हत्याओं को उदाहरण मानकर डरा हुआ है। वैसे इस तरह की घटना तो कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण देश के कोने --कोने में होती रहती है, लेकिन इस तरह के अपराध यही दर्शाता है कि दहशतगर्दी का खौफ बिहार में बढ़ता जा रहा है। दूसरी घटना उसी राजधानी पटना में पिछले दिनों हुई --जब इलाज के लिए अस्पताल में अहले सुबह घुसकर एक सजायाफ़्ता अपराधी को दो दर्जन से अधिक गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया और फिर वे अपराधी गिरोह अपने हथियारों को लहराते हुए अस्पताल से बाहर चलें गए । यहां प्रश्न है कि वे हत्यारे निजी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर वहां पहुंचे कैसे? वैसे पुलिस हत्यारे तक पहुंच गई है और अब मुकदमा चलेगा तथा अपराधियों को न्यायालय द्वारा दंडित किया जाएगा। लेकिन, भारतीय न्यायपालिक न्याय के मामले कुछ धीमी है, इसलिए पता नहीं कितने वर्षों बाद इस पर फैसला आए तथा उन्हें सजा दी जाए । हो सकता है कि इन घटनाओं को जनता भूल जाए, समाज भूल जाए। अथवा अपराधी, पुलिस की कमजोर तफ्तीश में कोई झोल छोड़ जाए और हत्यारे बरी कर दिए जाएं। जब बात चली है तो दूर तक जाएगी , जब देश के अन्य राज्यों और व्यवसायियों तक पहुंचेगी तो फिर बिहार में उद्योग --धंधा करने कौन आएगा ? यही तो दुर्भाग्य इस राज्य का अभी तक रहा है कि हर उद्योगपतियों से सरकारी टैक्स के बाद गुंडागर्दी टैक्स भी वसूला जाता है। पर, साथ ही उद्योगपति गोपाल खेमका की तरह कौन किस तरफ से कब आकर सरेआम गोलियों से छलनी कर दे। इस कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था में यह कोई नहीं जानता। अब गोपाल खेमका की पिछली जिंदगी पर जाएंगे तो पाएंगे कि इन्हों दहशतगर्दों ने कुछ वर्ष पहले उनके बेटे को गोलियों से भूना था , अब उनकी हत्या उनके घर बाहर कर दी गई। यह कैसा प्रशासन, यह कैसी पुलिस व्यवस्था जो निर्भीक होकर धीरे धीरे एक परिवार का कत्लेआम करता रहे । घटनाएं छिनौती , डकैती तो हर राज्य में होती रहती है , लेकिन जिस तरह के हालत यहां बना दिए गए हैं कि कोई उद्योग लगाने की बात सोच भी कैसे सकता है , कौन परिवार सहित अपनी जान को जोखिम में डालना चाहेगा । बिहार में हो रहे इन हत्याओं के बारे में जानने के प्रयास किया गया तो आज की तारीख में सबका यही मानना था कि इस प्रकार के वारदात को अभी इसलिए अंजाम दिया जा रहा है क्योंकि अगले कुछ दिनों में विधान सभा का चुनाव होने ,जा रहा है। परिणाम स्पष्ट है कि चाहे कुछ भी हो सरकार उन्हीं के दल की बनेगी। एक अन्य राज्य से आए उद्योगपति ने कहा हमारी कंपनी ने यह तय कर लिया था बिहार के युवाओं के रोजगार के लिए कुछ किया जाए, लेकिन इस तरह की खबरों के कारण उन्होंने अपना इरादा बदल दिया। अब किसी अन्य राज्य में अपने प्रोजेक्ट को लॉन्च करने का मन बना लिया । इसी तरह जैसे--जैसे बात फैलती जाएगी वैसे- - वैसे उद्योगपतियों का बिहार में उद्योग लगाने के प्रति मन खट्टा और भयभीत हो जाएगा वे अपने उद्योग को बिहार से अन्यत्र स्थानांतरित कर देंगे । फिर बिहार के युवाओं का क्या होगा जो आज देश के शहर--शहर में रोजगार पाने के प्रयास में भटकते रहते हैं। राज्य के भूतपूर्व उद्योगमंत्री ने कहा था कि केंद्र सरकार के निर्देश हैं कि अब सरकार किसी भी राज्य में सरकारी उद्योग लगाने के पक्ष में नहीं है। हां, यदि राज्य का कोई उद्योगपति अपने राज्य के लिए कुछ करना चाहें तो उसके लिए वह स्वतंत्र हैं, लेकिन किसी उद्योगपति के लिए क्या यह संभव है कि बिना सरकार के सहयोग वह कहीं भी उद्योग लगा ले ? यदि आप बिहार में रहते हैं तो एक बार देश के अन्य शहरों में जाकर देखें कि आपके उन भाई बंधुओं को किस स्थिति का सामना करना पड़ता है। हम भले ही यह दावा कर लें कि यदि बिहार के लोग वहां नहीं होंगे तो उस राज्य का उद्योग धंधा या खेती कौन करेगा -- उद्योग धंधे ठप्प हो जाएंगे । सच तो यह है कि यह आत्मसंतुष्टि की बात है, लेकिन यदि यही



उद्योग बिहार में लगे होते तो बाहरी राज्यों में ऐसे लोगों को जो अपमान समय-- समय पर झेलना पड़ता है, ऐसी स्थिति तो नहीं आती। दरअसल, हमारे राजनीतिज्ञ नहीं चाहते कि हर किसी के घर अपने यहां की रोटी बने, अपने यहां की शिक्षा बेहतर हो , यदि ऐसा होगा तो फिर वे नेता कैसे बनेंगे। इतनी बुरी स्थिति बिहार की मात्र इसलिए कर दी गई है कि वे नेतागिरी करते रहें उनके बच्चे विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर सके और वहीं अच्छी नौकरी या व्यवसाय कर सकें । ऐसे राजनीतिज्ञ काबिल हैं और हम आप पर शासन करना जानते हैं। इसलिए सतर्क रहिए और शिक्षित के हाथों में राज्य के बागडोर को सौंपिए वही हमारा आपका कुछ न कुछ भला करेंगे। आप भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिए ताकि वह आगे चलकर मज़दूरी करने के लिए अपमानित किए जाने वाले राज्यों में जाकर जीविकोपार्जन न कर सके। सरकारी नौकरी आज सबको मिल जाए यह किसी भी राज्य के लिए संभव नहीं है । इसलिए उद्योगपतियों को अपने राज्य में उद्योग लगाने के लिए उन्हें पानी, बिजली, सड़क, सुरक्षा, टेक्स देने की सुविधा देनी होगी। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो फिर वहीं प्रश्न उठता है कि आपके राज्य में क्यों और किसके लिए उद्योग लगाएंगे । देश के जो राज्य विकास की बुलंदियों पर हैं उनके कई कारणों में एक कारण वहां सरकारों द्वारा , वहां के जागरूक समाज द्वारा औद्योगिक क्रांति को अपनाने के कारण, संपन्न और विकसित हो सका है। इस तरह की योजना की नींव सरकार में ऊपर बैठे राजनीतिज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी, जिनको देश-- विदेश घूमने और उस योजना को अपने यहां लाने के लिए आमंत्रित करना है । यदि पंजाब , महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा जाएंगे तो सभी के पास अपने रोजगार है या किसी न किसी उद्योग से जुड़े हुए हैं। इसलिए उनकी रोजी तो लगी हुई है और उनका और कैसे विकास हो इसलिए सदैव सोचते रहते हैं। उनका लक्ष्य सदैव अपने विकास और बच्चों की शिक्षा पर रहती है , इसलिए वे विकसित और दुनियादारी पर नजर रखते है और अपने विकास की मानसिकता को जगाकर कर रखते है। हम असत्य आचरण करके अपनी समृद्धि चाहते हैं , ईर्ष्या में अपने को जलाते रहते है जिसके कारण चाही हुई चीज नहीं मिलती और हम अपना नाश करते रहते हैं।

# फ्रेंडशिप डे को खास बनाने के टॉप 5 ट्रेंड्स

## बैंड , रील या गिफ्ट?



फ्रेंडशिप डे सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि एक एहसास है दोस्ती, भरोसे और साथ का। हर साल अगस्त के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है। साल 2025 में यह खास दिन 3 अगस्त को मनाया जा रहा है। आज के डिजिटल युग में फ्रेंडशिप डे मनाने के तरीके भी बदल रहे हैं। बैंड बांधना और कार्ड देना अब भी चलन में है, लेकिन रील्स, डिजिटल गिफ्ट्स और सोशल मीडिया ट्रेंड्स ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया है। अगर आप भी ट्रेंड को अपनाते हुए फ्रेंडशिप डे को यादगार तरीके से मनाना चाहते हैं तो यहां आपको साल 2025 में फ्रेंडशिप डे को खास बनाने वाले टॉप 5 ट्रेंड्स बताए जा रहे हैं। ये फ्रेंडशिप डे ट्रेंड्स आपको अपने दोस्तों के और भी करीब ला सकते हैं।

**इंस्टाग्राम रील्स और थ्रोबैक वीडियो की धूम**

2025 में फ्रेंडशिप डे पर सबसे ज्यादा जो ट्रेंड कर रहा है, वो है थ्रोबैक रील्स। पुरानी फोटोज और वीडियोज को जोड़कर बनाई गई एक छोटी-सी इंस्टाग्राम रील दोस्ती को बयां करने का नया तरीका बन गई है।

इंस्टाग्राम पर फ्रेंडशिप डे स्पेशल रील बनाने के लिए आप कुछ फ्री टूल्स से क्रिएटिव वीडियो बना सकते हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक में 'तेरा यार हूं मैं' जैसे दोस्ती स्पेशल गानों का इस्तेमाल करें।

**डिजिटल गिफ्ट**

अब भौतिक गिफ्ट से ज्यादा पॉपुलर हो गए हैं डिजिटल गिफ्ट्स। ये इमोशनल और इको-फ्रेंडली होते हैं। डिजिटल गिफ्ट में पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज, डिजिटल स्केच, पर्सनलाइज्ड प्लेलिस्ट या ई-गिफ्ट कार्ड को शामिल कर सकते हैं। यह ट्रेंड बजट फ्रेंडली भी है और दिल छू लेने वाला भी है। आपको कई ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर कस्टम डिजिटल गिफ्ट्स के विकल्प मिल सकते हैं। आप चाहें तो AI के जरिए एक खास शायरी या लेटर लिखकर दोस्त को तोहफे में दे सकते हैं।

**फोटो बूथ और DIY फ्रेंडशिप डे पार्टी**

छोटी सी थीम पार्टी या पिकनिक प्लान करना भी 2025 में खास ट्रेंड बन गया है। घर में या पार्क में DIY डेकोर, फोटो बूथ और कस्टम गेम्स के साथ सेलिब्रेशन किया जा रहा है।

इसके लिए आप पॉपकॉर्न बार, फ्रेंडशिप ट्रिविया क्विज और थीम कलर ड्रेस कोड रखें। फोटो बूथ में दोस्ती वाले प्रॉप्स जैसे Bestie Goals शामिल करें।

**हैंडमेड फ्रेंडशिप बैंड्स की वापसी**

पुराने जमाने के फ्रेंडशिप बैंड्स 2025 में फिर से ट्रेंड कर रहे हैं। लेकिन इस बार ये बैंड्स पर्सनलाइज्ड और क्राफ्ट बेस्ड हैं, यानी नाम, कोट्स या खास तारीख के साथ मिल रहे हैं। आप घर पर ही दोस्त के लिए DIY बैंड बनाएं और उसमें छोटे मोती या टैग लगाएं। बैंड के साथ एक नोट लिखना ट्रेंडिंग है।

# मानसून में चाहिए स्टाइल के साथ कम्फर्ट? ट्राई करें ये आउटफिट्स



मानसून में हवा में नमी, बारिश और उमस की वजह से महिलाएं ऐसा आउटफिट स्टाइल करना पसंद करती हैं जो आरामदायक हो, साथ ही वे स्टाइलिश भी नजर आएं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में भारी-भरकम कपड़े और टाइट फिटिंग वाले आउटफिट्स में वो असहज महसूस करती हैं। ऐसे में, ड्रेसस मानसून सीजन में स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इन ट्रेंडी ड्रेसेस अलग और फैशनेबल लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इनमें आपका लुक सुंदर भी नजर आएगा।

**लिनन शर्ट्स**

लिनन शर्ट्स भी इस मौसम के लिए अच्छे होते हैं। जो भीगने के बाद जल्दी सूख जाते हैं और दिखने में भी काफी क्लासी लगते हैं। लाइट शेड्स वाले लिनन शर्ट्स ऑफिस से लेकर फ्रेंड्स के साथ हैंगआउट, इंटरव्यू, पार्टी लगभग हर मौके के लिए बेस्ट होते हैं।

**हल्के स्कर्ट**

फ्लोरल, फ्लोई स्कर्ट इस मौसम के लिए बेस्ट च्वॉइस रहेंगे, लेकिन मिनी और फ्लोर लेंथ की जगह नी लेंथ स्कर्ट चुनें। इन्हें आप कैजुअल आउटिंग से लेकर डेट नाइट पर भी कैरी कर सकती हैं। ऑफिस में फ्लोरल प्रिंट थोड़ा ओवर लग सकता है, तो इसके लिए सॉलिड कलर चुनें। हल्के स्कर्ट्स जल्दी सूख जाते हैं।

**इन चीजों पर करें खासतौर से गौर**

**रंग और डिजाइन**

मॉनसून के लिए हल्के और चमकीले रंग बहुत अच्छे होते हैं। पीला, हरा, नीला और गुलाबी जैसे रंग बहुत ही आकर्षक लगते हैं। आप फ्लोरल प्रिंट या छोटे डिजाइन भी चुन सकती हैं, जो आपको फ्रेश और खुशहाल लुक देंगे। इन रंगों और डिजाइन के कपड़े पहनने से आप मॉनसून के मौसम का पूरा मजा ले सकती हैं।

**फैब्रिक का चुनाव**

मॉनसून के लिए कॉटन, रेयॉन और लिनन जैसे फैब्रिक बहुत अच्छे होते हैं। ये कपड़े बहुत ही हल्के और ब्रीदेबल होते हैं। साथ ही, ये जल्दी सूख जाते हैं, जिससे बारिश में कोई परेशानी नहीं होती। इन फैब्रिक्स के कपड़े पहनकर आप पूरे दिन आरामदायक महसूस करेंगी और खूबसूरत भी दिखेंगी।

**स्टाइलिंग टिप्स**

**मिनिमल जूलरी :** आउटफिट्स के साथ मिनिमल जूलरी पहनें। छोटे टॉप्स या पतली से चेन काफी है हर एक लुक के साथ।

**फुटवेयर वाटरप्रूफ सैंडल या फ्लिप :** फ्लॉप पहनें, जो बारिश में भी खराब न हों।

# कैसे हुई नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना?



सनातन धर्म में सावन के महीने को बेहद खास माना जाता है। इस पूरे महीने में विधिपूर्वक से शिव परिवार की पूजा-अर्चना की जाती है और महादेव का अभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सावन में जलाभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से मनचाही मुराद पूरी होती है। इसके अलावा शिव मंदिरों को बेहद सुंदर तरीके से सजाया जाता है। साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि देश में भगवान शिव को समर्पित एक ऐसा भी मंदिर है, जहां महादेव के दर्शन करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। आइए, इस मंदिर के बारे में जानते हैं-

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में दारूका नाम की एक राक्षस कन्या थी। उसने तपस्या के द्वारा माता पार्वती को प्रसन्न वरदान प्राप्त किया था। दारुका ने कहा कि मैं वन नहीं जा सकती हूं। वहां पर कई तरह की दैवीय औषधियां हैं। सत्कर्म के लिए हम राक्षसों को उस वन में जाने की अनुमति दें। माता पार्वती ने यह वरदान दे दिया। इसके बाद दारूका ने वन में बहुत उत्पात मचाया और वन को देवी-देवताओं से छीन लिया। साथ ही सुप्रिया को बंदी बना लिया। वह शिवभक्त थीं।

ऐसी स्थिति में सुप्रिया ने भगवान शिव की तपस्या शुरू की और प्रभु से खुद के बचाव के लिए वरदान मांगा। महादेव उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और उनके साथ ही चार दरवाजों का एक बेहद सुंदर मंदिर प्रकट हुआ। मंदिर के बीच में ज्योतिर्लिंग प्रकाशित हुआ। सुप्रिया ने सच्चे मन से महादेव की पूजा-अर्चना की और शिव जी वरदान में राक्षसों का नाश मांग लिया। इसके अलावा महादेव से इसी जगह पर स्थित होने के लिए कहा। शिव जी ने इस बात को स्वीकार कर उसी स्थल पर विराजमान हो गए। इसी तरह यह ज्योतिर्लिंग स्वरूप भगवान शिव 'नागेश्वर' कहलाए।



**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है**

गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कौन से नंबर पर आता है? देशभर में शिव जी के बारह ज्योतिर्लिंग हैं। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का दसवां स्थान है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है**

गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन टाइम**

नागेश्वर मंदिर से सुबह 06 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहर में 12 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। वहीं, शाम को 05 बजे से लेकर रात 09 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। भक्त इस दौरान नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकते हैं।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कैसे पहुंचे**

अगर आप नागेश्वर ज्योतिर्लिंग जाना चाहते हैं, तो मंदिर के सबसे पास द्वारका रेलवे स्टेशन है। यहां से मंदिर 18 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा सड़क के बस या टैक्सी के दवारा भी जा सकते हैं।

# झुर्रियों और दाग-धब्बों से पाएं छुटकारा

आजकल स्किन का ख्याल रखना सभी की प्राथमिकता बन गई है। बाजार में कई महंगे और केमिकल वाले प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं, लेकिन ये हर किसी के बजट में फिट नहीं होते और इनके साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। अगर आप भी महंगे प्रोडक्ट्स से थक गए हैं और स्किन की उम्र बढ़ने की समस्या जैसे झुर्रियां, दाग-धब्बे और रंगत फीकी पड़ने से परेशान हैं, तो देसी और आयुर्वेदिक नुस्खे आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

**आयुर्वेदिक और घरेलू नुस्खे अपनाएं**

बढ़ती उम्र के निशान, झुर्रियां और दाग-धब्बों को कम करने के लिए केमिकल वाले प्रोडक्ट्स की बजाय किचन में मौजूद सरल चीजों का इस्तेमाल करें। इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर सोनम श्रीवास्तव ने कुछ आसान और असरदार देसी फेस पैक बताएं हैं, जो आपकी त्वचा को नैचरल तरीके से जवान और खूबसूरत बनाएंगे।

**5 असरदार देसी फेस पैक**

**टमाटर आइस क्यूब**

टमाटर स्किन के लिए प्राकृतिक रेटिनॉल की तरह काम करता है। इससे स्किन में निखार आता है, पोर्स टाइट होते हैं और सूरज की किरणों से नुकसान कम होता है। टमाटर को ब्लेंड कर आइस ट्रे में जमा लें और हफ्ते में दो बार इसे हल्के हाथों से चेहरे पर मलें।

**मसूर दाल + दूध का पैक**

लाल मसूर की दाल नेचुरल रेटिनॉल की तरह काम करती है, वहीं दूध स्किन को एक्सफोलिएट करता है। दाल को भिगोकर पीस लें, उसमें दूध मिलाएं और 20 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इससे त्वचा में कसावट आएगी और झुर्रियां कम होंगी।

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये हेल्दी चीजें

आज की आधुनिक जीवनशैली में, गैजेट्स पर बढ़ता स्क्रीन टाइम और हमारा बदलता खान-पान सीधे हमारी आंखों पर असर डाल रहा है। यही वजह है कि बच्चों से लेकर बड़े तक, अधिकतर लोग कमजोर आंखों की रोशनी की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में आप अच्छी डाइट की मदद से अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं। सही पोषण के साथ, आप अपनी आंखों को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं, दृष्टि को बेहतर बना सकते हैं, और यहां तक कि चश्मे पर अपनी निर्भरता भी कम कर सकते हैं या नंबर बढ़ने से रोक सकते हैं। कुछ खास विटामिन और खनिज आंखों की सेहत के लिए बहुत जरूरी होते हैं। आइए इस लेख में ऐसे विटामिन-रिच फूड्स के बारे में जानते हैं, जिन्हें अपनी डाइट में शामिल करके आप अपनी आंखों को सही पोषण दे सकते हैं।

**आंखों के लिए जरूरी हैं ये पोषक तत्व-** आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ खास विटामिन और खनिज की जरूरत होती है। इनमें विटामिन ए सबसे प्रमुख पोषक तत्व है, जो अच्छी दृष्टि, खासकर कम रोशनी में देखने और रतौंधी रोकने के लिए आवश्यक है। विटामिन सी और विटामिन ई दोनों ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट हैं जो आंखों की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही मोतियाबिंद और उम्र से संबंधित जोखिम को कम करने में सहायक होते हैं। ओमेगा-3 फैटी एसिड रेटिना के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और सूखी आंखों की समस्या को दूर करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, जिंक विटामिन ए को लिवर से रेटिना तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। अब आइए जानते हैं कि किन पोषक तत्व को डाइट में शामिल करके आप अपनी आंखों का ख्याल रख सकते हैं।

**गाजर और शकरकंद-** ये बीटा-कैरोटीन (जो शरीर में विटामिन ए में बदल जाता है) के बेहतरीन स्रोत हैं। ये रात में देखने की क्षमता को बढ़ाते हैं और समग्र आंखों के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां-**पालक, केल, और पत्ता गोभी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां ल्यूटिन और जियाजैंथिन के साथ-साथ विटामिन सी और ई से भरपूर होती हैं। ये आंखों को नीली रोशनी से बचाती हैं।

# सावन माह में झूले का महत्व



-डॉ. आशा रस्तोगी

सावन का महीना प्रकृति और प्रेम का अद्भुत संगम है। कल कल करके जब नदियाँ बहती है, पेड़ों की डालियाँ हवा में झूमने लगती हैं और धरती हरी चादर ओढ़ लेती है तो स्त्रियों का मन भी खुशी से झूम उठता है। ऋतु के इसी आनंद के वैभव के प्रतीक हैं झूले, जिन पर बैठकर न केवल स्त्रियाँ झूलती हैं, बल्कि अपने मन के पंख खोलती हैं।

भारत में झूले की परंपरा आनंद लेने की नहीं, बल्कि यह भावनाओं का उत्सव है। झूला स्त्री के लिए झूलने का साधन नहीं बल्कि आत्मा की उड़ान है। सावन का महीना आते ही उमड़ घुमड़ कर मेघ नभ पर छा जाते हैं और अपनी रिमझिम रिमझिम बूंदों से प्रकृति के साथ साथ स्त्रियों के हृदयों को भी आनंद से भर देते हैं। बहती हुई पुरवाई एवं भीनी भीनी फुहार से अभिभूत होकर मौसम का आनंद लेने के लिए घर से बाहर बगीचे में स्थित आम के वृक्ष पर झूले में बैठ कर वे झूला झूलते हुए गीत गाती है-

**झूले के दिन आए, बरखा की रातें,**
**झूलन चले अमराई, अमराई रे।**
**कारे कारे बदरा, घिरि घिरि आये,**
**उमड़ घुमड़ करे शोर।**
**मन के आंगनवाँ में नाचे बदरवा,**
**नाचे रे जियरा मोर,**
**कोयल कुहुंक सुनाई, सुनाई रे।**
**अंबुआ की डार पे झूले पड़े हैं,**
**पवन चलत झकझोर।**
**बुंदन फुहार मोरे मन को रिझावे,**
**हर्षित है मन मोर।**
**पवन चलत पुरवाई, पुरवाई रे।**

देखा जाए तो झूला हमारे जीवन में नृत्य की तरह है जो नीरसता में रस घोलता है और स्थिरता में गति का अनुभव कराता है। यह डोरी का बना केवल एक साधन नहीं, यह एक भावात्मक झोंका है जो प्रेम स्मृति, विरह और भक्ति सब कुछ एक साथ बांध देता है।

झूला जहाँ एक ओर उत्सव का प्रतीक है तो वहीं दूसरी ओर विरह का सबसे कोमल और मूक संवाद भी है। सावन की हरियाली में जब पत्तों से लेकर हवाएँ तक प्रेम में डूबी होती हैं, तब उसी मौसम में कोई स्त्री ऐसी भी होती है जिसके लिए झूला प्रतीक्षा का राग बन जाता है। मनभावन सावन में जब प्रिय दूर हो तब झूले के हर पेंग में कोई न कोई स्मृति झूलती है।

**बदरा गरजे बुंदियाँ बरसें, आए न एको संदेस,**
**झूला हमें के झुलाई गुईयाँ पिया बसे परदेस।**

झूले की सांस्कृतिक व्यापकता अद्भुत है। भारत के अनेक प्रांतों में झूले के साथ जुड़ी हुई विभिन्न लोक परंपराएं हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार की महिलाएँ तीज, कजरी, झूला और हरियाली तीज जैसे पर्वों में झूला डालती हैं। राजस्थान में झूले का पर्व हरियाली तीज से जुड़ा है, जहाँ साज, श्रृंगार और मेहंदी गीत स्त्री जीवन के उत्सव बन जाते हैं।

वृन्दावन में ग्वाल बाल गोपिकाओं के साथ झूला झूलते राधा कृष्ण के प्रसंगों से संगीत और साहित्य आप्लावित है। कृष्ण गोप गोपिकाओं के साथ झूलते हैं, एक दूसरे को झुलाते हैं और रास रचाते हैं। कान्हा, राधारानी एवं गोपिकाओं के झूलने एवं झूला झूलने का बहुत सुन्दर वर्णन प्रस्तुत है-

**हिंडोरे झूलत स्यामा स्याम।**
**नव नट नागर, नवल नागरी,**
**सुन्दर सुषमा धाम।**
**सावन मास घटा घन छाई,**
**रिमझिम बरसत मेह।**
**दामिनी दमकत, चमकत गोरी**
**बढ़त नित्य नव नेह।**
**हँसत हँसावत रस बरसावत**
**सखी-सहचरी-वृंद।**
**उमग्यौ आनंद सिंधु मगन भए**
**दोऊ आनंद कंद।**

इस प्रकार यह झूला भक्ति समर्पण और जीवन की लीला का प्रतीक बन जाता है। राधा कृष्ण का झूला झूलना एक उत्सव है जो कि राधा कृष्ण के बीच के दिव्य प्रेम और संबंध को दर्शाता है। भक्त इस उत्सव के माध्यम से अपनी भक्ति और प्रेम व्यक्त कर उस दिव्य युगल के आशीर्वाद की कामना करते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**रविवार, 27 जुलाई, 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, तृतीया तिथौ रवि वासरे 22/43/ मघा नक्षत्रे 16/23/ वरीयान योग 27/14/ तैतिल करणे 10/43/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्योहार -** हरि तृतीया, हरियाली तीज। स्वर्ण गौरी व्रत। हिजरी सफर 02 माह शुरू।

**मेष :** समय लाभकारी है। द्रव्य लाभ होगा।कार्यों की पूर्ति होगी। प्रयोजन समागम होगा। यश प्राप्ति होगी।

**वृष :** जीवनसाथी पर व्यय होगा। ऋण लेने से बचें। दूसरो पर छोड़े गए कार्यों में विलंब होगा। आवेश त्यागे।

**मिथुन :** नए अनुबंधों का लाभ होगा। अनावश्यक कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरेलू विवादों को टालें।

**कर्क :** आकामिक लाभ होगा। सत्पूरामर्श से लाभ मिलेगा। कार्यों पर व्यय होगा। कारीबारी दूर होगी। कारोबारी विषमता दूर होगी।

**सिंह :** आय -व्यय संभावना रहेगी। उन्नति के नये अवसर बनेंगे। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। अभावग्रस्तता दूर होगी।

**कन्या :** मित्रागमन होगा। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी का सहयोग रहेगा। उधार देने से बचे।

**तुला :** कारोबारी विषमता दूर होंगी। धन प्राप्ति का मार्ग बनेगा। सम्मान प्राप्ति होगी। चोट का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यात्राएँ लाभप्रद रहेंगी। बनाएँ पर्ण होंगी। इच्छित वस्तु प्राप्ति का हर्ष रहेगा।

**धनु :** आत्मीय जनों का सानिध्य मिलेगा। काम का बोझ रहेगा। नए निवेश लाभप्रद रहेगा। बौद्धिक विकास होगा।

**मकर :** मनोनुकूल वातावरण रहेगा। रोजी - रोजगार में सफलता मिलेग सम्पर्कों में वृद्धि होगी। अनावश्यक बहानेबाजी टालें।

**कुंभ :** जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। मन माफिक कार्य पूर्ण होंगे। देनदारी कम होगी। यश प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन :**वाहन कष्ट रहेगा। चोट लगने का भय होगा । कारोबारी योजनाएँ सफल होंगी। जीवन ऊर्जा का विकास होगा।

**कुठौंद में एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने सुनी शिकायतें किया मौके पर निस्तारण**

**कुठौंद(जालौन)।** थाना कुठौंद में जालौन उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य व क्षेत्रा अधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने थाना दिवस के अवसर पर थाना कुठौंद में फरियादियों की शिकायत सुनी थाना दिवस में राजस्व से संबंधित आठ शिकायतें मौके पर आई तथा दो अन्य विभागों से संबंधित राजस्व से संबंधित आठ शिकायतो का तुरंत उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य व क्षेत्रा अधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने लेखपाल की टीम बनाकर निस्तारण के लिए भेज दिया

## खबर एक नज़र

### समीक्षा अधिकारी की तैयारियों का जायजा लिया एसडीएम ने

जालौन। समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा को शुचिता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। नगर के छत्रसाल इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां 384 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 27 जुलाई दिन रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने शनिवार को छत्रसाल इंटर कॉलेज में निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय और बैठने की व्यवस्था को परखा। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक और सह व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सभी ड्यूटी अधिकारी परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा की निगरानी के लिए जनपद में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और सह व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। स्थानीय पुलिस, क्राइम ब्रांच, और सोशल मीडिया निगरानी टीम को सतर्क मोड पर रखा गया है। कहा कि यदि परीक्षा में कोई गड़बड़ी या अनुचित गतिविधि पाई जाती है तो दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. राकेश निरंजन समेत स्टाफ उपस्थित रहा।

फोटो परिचय- छत्रसाल इंटर कॉलेज में परीक्षा की तैयारियों को लेकर निरीक्षण करते एसडीएम विनय मौर्य।

फोटो नंबर- 10

### समाधान दिवस में 9 प्रकरण प्रस्तुत, 2 मामलों का मौके पर निस्तारण

कालपी(जालौन)। शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी तथा नायब तहसीलदार मुकेश कुमार की मौजूदगी में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 9 मामले प्रस्तुत किए गए, 2 मामलों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य मामलों को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीमें को मौके पर भेजा है।

कोतवाली सभागार में पुलिस तथा राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व सम्बन्धित मामलो को लेकर सबसे ज्यादा शिकायते प्रस्तुत की गई है। नगर के मुहल्ला उदनपुरा निवासी कामता प्रसाद ने शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुये बताया कि प्रार्थी की टरनंनगंज बाजार में स्थित दुकान में पड़ोसी लोग टट्टर नहीं लगाने दे रहे हैं। शेखपुर गुढ़ा निवासी महिला कांति देवी ने शिकायत की कि प्रार्थिनी की निजी जमीन में निर्माण में पड़ोसी बाधा पहुंचा रहे हैं। चंद्र प्रकाश ने शिकायत की है कि प्रार्थी की मौजा कीरतपुर स्थित जमीन के एक बीघा में पड़ोसी नाजायज कब्जा कर रहे हैं। रामेंद्र पुत्र केदार निवासी मोहल्ला गणेशगंज ने शिकायत की है कि प्रार्थी के प्लाट में पड़ोसी युवक अवैध कब्जा कर रहे हैं। मलखान पुत्र फक्कीर लाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि दिनांक 25-72025 को पड़ोसी लोगों के द्वारा मारपीट करने से प्रार्थी का भाई राजकुमार घायल हो गया है तथा झांसी में इलाज चल रहा है। उन्होंने कार्यवाही करने की मांग की। तहसीलदार ने राजस्व संबंधी मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए निर्देश दिए गये। प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी के मुताबिक समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायतों के मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर उपेंद्र कुमार शुक्ला, महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, नगर पालिका के अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या, निर्माण लिपिक सरफराज खान सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह निरंजन, पल्लवी श्रीवास्तव, आकाश सैनी, अभिषेक यादव, विभा, प्रशांत गौतम, हरगोविंद, विमल कुमार के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीसीटीवी की निगरानी में जनपद में नकलविहीन व



### सकुशल सम्पन्न होगी आरओ व एआरओ परीक्षा-डीएम

**ललितपुर।** जनपद के ग्यारह केन्द्रों पर आयोजित होने वाली आरओ व एआरओ परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा जनपद मे आज ग्यारह परीक्षा केन्द्रों राजकीय इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नेहरु महाविद्यालय, डॉन बोस्को एकेडमी, संस्कार वैली एकेडमी, एसडीपीएस इण्टर नेशनल स्कूल, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल पर एक पाली में प्रातः 9.30 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक सम्पन्न की जा रही है, जिसकी तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और केन्द्र प्रभारियों सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी व उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना के लिए जिला स्तर पर बने कण्ट्रोल रुम को सूचित करेंगे, इसके अलावा केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें व निरंतर सीसीटीवी कैमरों से निगरारी करते रहें। परीक्षा केन्द्रो की व्यवस्थाओं यथा साफ सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि को देखा। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें व चिकित्सा विभाग प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पैरामेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात रखे, अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा-कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटर युक्त, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी या संचार उपकरण आदि तथा सादे कागज, कापी, किताबें, नोट्स, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री गुटखा के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश न दिया जाए, उक्त वस्तुओं को अलग कमरे में जमा करके अभ्यर्थियों को टोकेन दे दिए जाएं व उक्त सामग्री जमा करने हेतु अभ्यर्थियों से कोई धनराशि व शुल्क नहीं लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है जो परीक्षाओं को निर्वाध संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाएगा, किसी को भी केन्द्र के अंदर मोबाइल नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस का पेहरा रहेगा, यदि कोई अराजकतत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सम्बंधित केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक राकेश सिन्हा, अंजना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मेडीकल कालेज में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं से अवैध वसूली को लेकर बबाल



उरई : व्यवस्थापकों से वार्ता करते छात्र-छात्राएं और इंसेट में रेड जोन में भर्ती अनुराग गौर ।

**उरई(जालौन)।** शनिवार को राजकीय मेडिकल कालेज उरई में उस दौरान अच्छा खासा हंगामा खड़ा हो गया जब वहां नर्सिंग के एक छात्र ने लगातार उत्पीड़न व मानसिक प्रताड़ना के साथ ही दर्जन भर छात्र-छात्राओं को परीक्षा से बंचित जैसे हिटलरशाही फरमान से आहत होकर आत्महत्या करने जैसा आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हो गया। आनन फानन में उसे सहयोगी छात्रों ने मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा था।

गौरतलब हो कि राजकीय मेडिकल कालेज में बीएसी नर्सिंग के दर्जन भर छात्र-छात्राओं को परीक्षा से बंचित करने जैसा कदम उठाया गया था जिसकी शिकायत भी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी से दो दिन पूर्व की थी इसके बाद डीएम ने दो सदस्यीय जांच टीम बना दी थी। लेकिन शनिवार को लंबे समय से उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर नर्सिंग छात्र अनुराग सिंह गौर ने आत्महत्या करने जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया लेकिन समय से उसके सहपाठी छात्रों को जानकारी मिल जाने की वजह से उसे आनन फानन में मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा था। इसके बाद नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का आक्रोश भड़क उठा तो नर्सिंग फैकल्टी की मनमानी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया।

इतना सब कुछ होने के बाद राजकीय मेडिकल कालेज का प्रबंधतंत्र सकते में आ गया और आक्रोशित छात्र-छात्राओं को वार्ता के लिये बुलाया जहां छात्रों ने नोडल अधिकारी अफरीना नासीन, एचओडी सुधा स्वामी, कोआर्डिनेटर नेहा सिंह व श्रेया शर्मा पर गंभीर आरोपों की छड़ी लगा दी जिसे सुनकर वहां पर मौजूद मीडिया कर्मी ही नहीं बल्कि मेडिकल कालेज के अन्य चिकित्सक दंग रह गये। छात्राओं ने खुलेआम मीडिया के सामने आरोप लगाया कि नोडल अधिकारी अफरीना नासीन आदि धर्म परिवर्तन करने के लिये भी प्रेरित करने से नहीं चूकती है। छात्राओं का कहना था कि उनको प्रताड़ित करने के हर तरीके के हथकंडे अपनाये जाते है। परीक्षा से पूर्व

**■ राय बाबू पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, परीक्षा से बंचित करने पर छात्र ने दो बार किया आत्महत्या का प्रयास, अब सदमे में**

**■ परीक्षा से बंचित करने पर दो दिन पूर्व एक दर्जन छात्राओं ने डीएम को दिया था ज्ञापन**

उनसे रुपयों की डिमांड राय बाबू द्वारा की गयी थी जिसे वह पूरी कर पाये तो उन्हें परीक्षा से यह कहकर बंचित कर दिया गया कि उनकी हाजिरी कम है। छात्रों का कहना था कि यदि उनकी हाजिरी कम थी तो अतिरिक्त कक्षायें संचालित कर उसे पूरा कराया जा सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि जब नर्सिंग के छात्रों ने इसका विरोध किया तो आनन फानन में नर्सिंग क्लास लेने वाले शिक्षक दीपक गहलोत क्लासेस चलाने लगे ताकि जो बच्चे विरोध में शामिल हैं वह क्लास में पहुंच जायें और बरना उनको भी अनुपस्थित दर्ज कराकर उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जा सके। छात्रों ने यह भी बताया कि जिन छात्र-छात्राओं को परीक्षा से बंचित किया गया है उनमें अजय, अमन, विवेक, शेषमनी, अलका, जस्सी, नैन्सी, सधा, मेगना, तेजस्वनी, दीप्ति शामिल हैं। इस दौरान कालेज प्रबंध तंत्र ने आक्रोशित छात्र-छात्राओं को आश्वासन दिया कि उनके साथ किसी भी प्रकार का उत्पीड़न नहीं किया जायेगा साथ ही जिन लोगों ने रुपयों की डिमांड की है उनके विरुद्ध जांच कराकर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**विद्यार्थी परिषद नर्सिंग छात्रों की समस्याओं को लेकर डीएम से करेगी शिकायत**

उरई। राजकीय मेडिकल कालेज उरई में नर्सिंग छात्र-छात्राओं के लंबे समय से उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, रुपयों की डिमांड पूरी न होने पर परीक्षा से बंचित करने सहित अनेकों विषय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय से भेंट कर शिकायती पत्र सौंपेगी ताकि नर्सिंग छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न करने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

**पहले करायी फीस जमा फिर किया परीक्षा से बंचित**

उरई। नर्सिंग कालेज की छात्र-छात्राओं ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यदि उन्हें परीक्षा से बंचित करना था तो उनकी फीस क्यों जमा करायी गयी।

इससे एक बात तो साफहै कि यदि हम लोग राय बाबू की डिमांड को पूरा कर देते तो उनको परीक्षा से बंचित नहीं किया जाता। छात्र-छात्राओं का कहना था कि राय बाबू उनसे कहता था कि उसे रुपये एकत्रित कर मेडिकल कालेज के अन्य अधिकारियों के पास भी पहुंचाना होता है। ऐसे कौन अधिकारी है जो इस तरह से हम लोगों को उत्पीड़न कराने का फंडा अपनाते हैं उन्हें भी चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाये।

**नर्सिंग छात्रों के विरोधी तेवर देख नोडल अधिकारी बोली उन्होंने रिजाइन दे दिया**

उरई। नर्सिंग कालेज की नोडल अधिकारी अफरीना नासीन जो कार्यवाहक प्रधानाचार्य का भी दायित्व संभाल रही थी। उनके ही कार्यकाल में नर्सिंग छात्र-छात्राओं का लंबे समय तक उत्पीड़न करने की शिकायत जब छात्रों ने जिलाधिकारी से की और उसकी भनक उन्हें लगी तो उन्होंने आज मीडिया के सामने अपनी गर्दन बचाने के लिये कहा कि उन्होंने सभी पदों से रिजाइन दे दिया है। इस दौरान वह नर्सिंग छात्रों पर यह कहकर दबाब बनाने से नहीं चूकी कि वह स्वयं गंभीर रूप से बीमार है यदि उनको कुछ हुआ तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी उन्होंने अपने पति को भी बीमार होने की बात कही।

# थाना दिवस में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया अधिकारियों ने



उरई : उरई में जन शिकायतें सुनते डीएम,एसपी ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली उरई परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण थाना दिवस के दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी फरियादियों की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सुना जाए तथा उनके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शिकायते समाधान दिवस के दौरान प्राप्त होती हैं, उनका निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसमें कोई कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करें और सभी मामलों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण करें। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें जैसे भूमि विवाद, आपसी झगड़े, पारिवारिक समस्याएं, राजस्व से जुड़ी समस्याये आदि से संबंधी मामले सामने आए, जिनमें से कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्रेष मिश्रा, एसएचओ अरुण राय आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एमएल कांवेंट स्कूल में मनाई कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ

जालौन। एमएल कांवेंट स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नगर के भूतपूर्व सैनिकों को विद्यालय परिवार ने माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया।एमएल कांवेंट स्कूल में राव कुमार सेंगर, हरिशंकर, रघुवीर कुशवाहा, आसिफ हसन एवं अन्य सैनिकों को स्कूल प्रबंधक गौरव गुप्ता ने नारियल देकर एवं शाल पहनाकर सम्मान किया। बच्चों ने अतिथियों को मार्च पास्ट के साथ सलामी दी। बच्चों ने वीर जवानों से युद्ध की तकनीकियां, कठिनाइयों एवं विभिन्न हथियारों, अनुशासन आदि के विषय में जानकारी प्राप्त की। वहीं जवानों ने भी बच्चों को युद्धों की कई मर्म स्पर्शी कहानियां, मोर्चे पर होने वाली परेशानियां, सेना के अनुशासन, नियम, कर्त्तव्य, देशभक्ति के बारे में अनुभव साझा किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्यामानंद त्रिपाठी, सुनील पांडेय आदि मौजूद रहे।

## शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए व्यापारियों से सहयोग मांगा नगर पालिका ने



उरई : उरई में जन शिकायतें सुनते डीएम,एसपी ।

**उरई(जालौन)।** स्वच्छ भारत मिशन-2 के अंतर्गत व्यवसायिक क्षेत्र में कूड़ा कचरे के सुरक्षित निस्तारण के लिए नगर पालिका परिषद उरई के द्वारा व्यापारियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए व्यापारियों से उनके प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े के कलेक्शन पर विचार विमर्श किया गया। व्यापारियों ने कचरे के निष्पादन में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

पालिका सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिशाषी अधिकारी रामअचल कुरील ने कूड़े के कुशन प्रबंधन एवं शहर को साफ-सुथरा बनाने में व्यापारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होने कहा कि एक निश्चित समय पर कूड़े के एकत्रितकरण पर व्यापारी एकमत होकर सहयोग करे और अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आगे डस्टबिन जरूर रखे सड़क पर कूड़ा न फैलाए। सफाई निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने शहर को साफ-सुथरा बनाएं रखने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी ली। व्यापारी एवं भाजपा नेता तरूण तिवारी ने व्यापारियों से अपेक्षा की कि वह एक समय निश्चित करे जिससे नगर पालिका उसी समय गाड़ियों को भेज कर कूड़ा एकत्रित कर सके। उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय नेता डा. दिलीप सेठ ने शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए नगर पालिका के प्रयासों को सफल बनाने के लिए सभी व्यापारियों से अपेक्षा की। कार्यशाला में तमाम व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## नगर पंचायत रामपुरा में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया अधिकारियों ने



उरई : अतिक्रमण हटवाते एसडीएम व अन्य ।

रामपुरा(जालौन)। नगर क्षेत्र रामपुरा में शुक्रवार को अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह माधौगढ़, थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह रामपुरा तथा रामपुरा नगर पंचायत स्टाफ की मौजूदगी में बाजार में फैले टीन-टप्पर, फड़ और अवैध ठेलियों को हटवाया गया। प्रशासन की सख्ती को देखते हुए कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने टीन सेट और अतिक्रमण हटा लिया उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह अतिरिक्त प्रभार अधिशासी अधिकारी रामपुरा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पैदल यात्रियों की सुविधा और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि भविष्य में स्वयं ही अपने दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटा लें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के चलते मुख्य बाजार मार्ग में यातायात सुचारु रूप से चला और लोगों को पैदल चलने में सहूलियत मिली। कई दिनों से बाजार में अतिक्रमण के कारण राहगीरों, खासकर महिलाओं, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जनता ने प्रशासन की इस पहल की जमकर सराहना की। व्यापारियों ने भी प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान किया। यह अभियान पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा और आम जनमानस ने इसे सकारात्मक कदम बताया। उप जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से चलता रहेगा ताकि नगर को व्यवस्थित और साफ सुथरा रखा जा सके एवं आवागमन बाधित ना हो सके अतिक्रमण हटाओ मौके पर उपजिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव, नगर पंचायत से जितेंद्र कुमार, लेखपाल शशांक सोनी के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न




**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि टीकाकरण सत्र का प्लान बनाते समय आईसीडीएस विभाग से समन्वय करके ही टीकाकरण स्थल निर्धारित किया जायें व एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती को सुनिश्चित कराया जायें कि टीकाकरण स्थल पर सभी प्रकार के उपकरण उपलब्ध होने चाहियें व जननी सुरक्षा योजना के अर्न्तगत प्रसव इकाईयों पर पिछले वर्ष की तुलना में माह जून तक माह में 111 तथा क्रमिक 407 प्रसव कम हुये हैं, इस हेतु सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि चिकित्सा इकाईयों पर कम हुये प्रसवों का कारण तलाश करके पूर्ण किया जायें। प्राथमिक स्वास्थ्य जखौरा में मात्र 2 उपकेन्द्रों पर प्रसव करायें जा रहें हैं, इस हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखौरा को पत्र लिखने हेतु निर्देश दियें गये। जननी शिशु सुरक्षा योजना के अर्न्तगत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा के ड्राप बैक कम पायें गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी एवं मेडीकल कॉलेज ललितपुर में एएनसी पंजीकरण की स्थिति बहुत ही खराब पायी गयी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में नाम से अधिक स्टिलवर्थ रिपोर्ट होने के सम्बन्ध में वहाँ के लेबर रूम में कार्यरत स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु कहा गया व जनपद में टीकाकरण की स्थिति कम होने पर भी चर्चा की गयी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अर्न्तगत निर्देश दिये गये कि सभी अधीक्षक अपनी अधीनस्थ कार्यरत आशा कार्यकर्तियों को निर्देशित करें कम से कम एक महिला नसबन्दी प्रेरित करके लायें, ताकि उपलब्धि को सुधारा जा सकें व पोषण पुर्नवास के अर्न्तगत ब्लॉक बिरधा में इस माह मात्र 9 बच्चें भर्ती किये गयें, जब कि अन्य ब्लाकों की स्थिति ठीक पायी गयी व आरसीएच पोर्टल के 8 इन्डीकेटरों में से ब्लॉक जखौरा के 6 इन्डीकेटर खराब होने पर ब्लॉक के एमसीटीएस ऑपरेटर सन्दीप सोनी को चेतावनी देते हुये वेतन रोकने के निर्देश दिये गयें व साथ ही साथ बीपीएम एवं बीसीपीएम का भी वेतन रोकने के निर्देश दिये गये व आयुष्मान भारत अभियान गोल्डन कार्ड में जनपद मण्डल में प्रथम हैं, निर्देश दिये गये कि सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया जाये अवशेष गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी बनायें रखें व टीबी नोटिफिक्रेशन में ब्लॉक मडावरा का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा व निर्देश दिये गये कि अन्य ब्लॉक भी उसी स्टेटजी को अपनायें व कम्युनिटी प्रोसेस में आशा भुगतान ब्लॉक महरौनी में औसत से कम पाया गया। एनसीडी स्क्रीनिंग में ब्लॉक बार, जखौरा, महरौनी में कम हैं व निर्देश दिये गये कि एएनएम से भी एनसीडी स्क्रीनिंग करायी जायें।

## आम आदमी पार्टी ने नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु डीएम को भेजा ज्ञापन



ललितपुर। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी न्यायिक को सौपकर अवगत कराया कि नगर क्षेत्र में बनवे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है व यातायात पूरी तरह से बाधित हो रहा है, जिसमें साबरकर चौक से तालाबपुरा होते हुये तुवन चौराहे तक का मार्ग के दोनों तरफ फुटपात पर चौपहिया वाहन स्थाई रूप से रखे रहते हैं जिस कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति पैदा हो जाती है व दुर्घटनाएं होती है व घण्टाघर से महावीरपुरा तक के मार्ग पर दुकानदारों द्वारा रोड के मध्य तक अवैध रूप से पक्का निर्माण कर लिया गया है व इस मार्ग पर स्थाई रूप से चौपहिया वाहन रखे रहते हैं, जिससे पैदल निकलना भी दूभर हो गया है व तालाबपुरा प्रथमा बैंक तिराहे से आजाद चौक वाले रास्ते पर अतिक्रमण एवं स्थाई रूप से रखे वाहनों के कारण प्रतिदिन यातायात जाम लगा रहता है व अवैध कब्जों एवं स्थाई रूप से रखे वाहनों को हटाया जाना आवश्यक है व दवाओं के दुकानदारों द्वारा उपभोक्ताओं को बिल निर्गत नहीं किये जा रहे हैं व प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्रों पर दवाओं का अभाव बना रहता है जिससे गरीब और मजदूरों के लिये चलायी जा रही योजना का लाभ जनपदवासियों को नहीं मिल पा रहा है, अतः प्रधानमंत्री जनऔषधी पर महत्वपूर्ण दवाओं को उपलब्ध कराया जाये एवं नियमित समय पर उक्त औषधि केन्द्र खुले रहें। ज्ञापन पर उपाध्यक्ष प्रमोद नामदेव एडवोकेट, महासचिव अनूप ताम्रकार, नगर अध्यक्ष मीना राजा व जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ट बुद्ध सिंह बुन्देला आदि के हस्ताक्षर मौजूद थें।

# समय से शिकायतों का कराएं निस्तारण-रीभा

बांदा/अतर्रा । शिकायतों का समय से निस्तारण कराएं। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। उपरोक्त निर्देश डीएम, एसपी ने आयोजित समाधान दिवस में दिए।

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना अतर्रा में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके समक्ष कुल सात मामले आए। जिस पर दो शिकायतों का डीएम तथा एसपी ने तत्काल प्रभाव में निस्तारण कराया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम राहुल द्विवेदी, सीओ अतर्रा प्रवीण कुमार,



बांदा : समाधान दिवस फरियाद सुनते अधिकारी ।

**आयोजित समाधान दिवस में एक्शन में दिखे डीएम तथा एसपी**

**शिकायतों को गंभीरता के साथ निस्तारण कराए जाने के दिए निर्देश**

प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव सिंह आदि मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा थाना कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। एडिशनल एसपी के समक्ष तीन प्रकरण आए। एक शिकायती पत्र में एडिशनल एसपी ने तत्काल मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए। सीओ बबेरू सौरभ सिंह ने मरका थाना पहुंचकर समाधान दिवस पर समस्याएं सुनी। सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह नेथाना मटौन्ध में धावा बोला। थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह के साथ क्षेत्राधिकारी ने एक शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण कराया। सीओ नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी ने गिरवा थाने में पहुंचकर समाधान दिवस पर समस्याएं सुनी। सीओ सदर राजवीर सिंह गौर चिल्ला थाना पहुंचे। उनके समक्ष चार शिकायती पत्र आये। प्रभारी निरीक्षक संदीप तिवारी के साथ दो शिकायतों का क्षेत्राधिकारी ने मौके पर निस्तारण कराया। इसी तरह जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। एएसपी शिवराज ने बताया कि थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 48 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है। टीमो द्वारा जल्द ही शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

## ट्रक से कुचल कर बाइक सवारों की हुई मौत

- जटा शंकर से दर्शन कर वापस लौटते समय हुआ हादसा

बांदा। दर्शन करके बाइक घर लौट रहे दो दोस्तो के तेज रफ्तार ट्रक ने ओवर टेक करते हुए टक्कर मार दिया। जिससे दोनो युवको की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

देहात कोतवाली क्षेत्र गुरेह गांव निवासी 30 वर्षीय सूरज पुत्र जंग बहादुर सिंह अपने दोस्त दोहा निवासी 28 वर्षीय ज्ञानबाबू पुत्र रामूरत के साथ छतरपुर जिला के जटा शंकर दर्शन करने गए थे। दोनो लोगो दर्शन करने के बाद शुक्रवार की रात बाइक से घर आ रहे थे। तभी कबरई के पास सामने से आ रहे खाली ट्रक ने ओवर ट्रक करते हुए बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे ज्ञान बाबू की मौके पर मौत हो गई। सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती गया। जहां डॉक्टरो ने उसे रानी दुर्गा वती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे घरवालो ने उसे उठाकर मेडिकल कलेज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद से मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक सूरज के ताऊ नित्यकिशोर ने बताया कि सूरज दो भाईयो में बडा था। वह किसानी करता था। पिता के पास आठ बीधा जमीन है। उसकी शादी नही हुई थी। अचानक हुई इस घटना से मां गुडिया का रो रो कर बुरा हाल हो गया। नित्यकिशोर ने बताया कि ज्ञान बाबू के शव का पोस्टमार्टम महोबा में कराया जा रहा है।

## जवानों की निष्ठा का प्रतीक है कारगिल विजय दिवस-प्रकाश

बांदा। आदर्श बजरंग इंटर कालेज में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां आयोजकों द्वारा सैनिकों को सम्मानित किया गया। साथ ही कारगिल विजय के दौरान की शौर्य गाथा भी सुनाई गई।



बांदा : जवानों को सम्मानित करते विधायक ।

आदर्श बजरंग इंटर कालेज में शौर्य और पराक्रम के प्रतीक कारगिल विजय दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। आयोजन के उपरांत सैनिक गणों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे। शनिवार को आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सदर विधायक ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य जीत नहीं, यह हमारे वीर जवानों की अटूट निष्ठा, अद्वितीय बलिदान और भारत माता के प्रति उनकी अटल आस्था का प्रतीक है। अखिल भारतीय कुंभकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**कारगिल विजय दिवस में जवानों को किया गया सम्मानित**

**आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ कारगिल विजय दिवस**

रामपाल प्रजापति ने कहा कि सैनिकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर जवानों की बदौलत हमें कारगिल में विजय प्राप्त हुई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत ने की। अतिथि के रूप में, प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय,राजू सिंह फौजी, अखिल भारतीय कुंभकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल प्रजापति, हरिचंद्र सोनकर, अमित सेठ भोलू, संतोष नायक, सुरेंद्र मिश्रा, एस.बी. सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतू सहित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा किया गया।

## खबर एक नज़र

### एक निजी अस्पताल में दवा लेने को लेकर दो पक्षों के बीच चली लाठी डंडे पुलिस ने दोनों की प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्यवाही किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** निजी अस्पताल में दो पक्षों के बीच दवा लेने को लेकर जमकर लाठी डंडे चटके। इस दौरान एक पक्ष से घायल तीन लोगों को गंभीर चोटें लगी।तीनों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया कस्बे के करतल मार्ग में मौजूद मां चिकित्सालय हमेशा विवादों के घेरे में रहा है।बीते वर्ष आपसी लेन देन को लेकर अस्पताल संचालकों के बीच जमकर झगड़ा हुआ था।इसी प्रकार से पुनः शुक्रवार की रात बागेश्वर धाम जा रहे राहगीरों ने तबियत बिगड़ने पर रात्रि तक़रीबन 11 बजे अस्पताल में दवा लेने पहुंचे।वहा मौजूद संचालक रामबाबू श्रीवास सहित अन्य लोगों से दवा इलाज के दौरान दोनों पक्षों के बीच आपस में कहा सुनी हो गई।मामला इतना बढ़ गया कि इस दौरान दोनों पक्ष एक दूसरे से उलझ गए और अस्पताल में मौजूद संचालक रामबाबू श्रीवास सहित अस्पताल में मौजूद अन्य कर्मियों ने जमकर मारपीट की।जिसमें चित्रकूट के थाना मऊ निवासी अनूप तिवारीए और नोएडा सेक्टर नंबर 24 के रहने वाले विजय मिश्राएसाथ ही गिरवा थाना क्षेत्र के मनीपुर गांव के रहने वाले लाल मन यादव को गंभीर चोटें लगी।पीड़ित पक्ष कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि अस्पताल में दवा लेने के दौरान हुई कहा सुनी में अस्पताल संचालक रामबाबू श्रीवास सहित 15से 20अज्ञात लोगों ने मारपीट की।इस दौरान सभी तीनों पीड़ित लोगों को सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया।जहा इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।वही अस्पताल संचालक रामबाबू श्रीवास ने भी कोतवाली में तहरीर देकर एक नामजद और 11अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कराया। दोनो तरफ से मारपीट सहित लूटपाट आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।कोतवाली निरीक्षक राम मोहन राय ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### एक किशोर का पैर फिसलने से बड़ी नहर में बह गया गोताखोरों ने मृत्यु अवस्था में बरामद किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** नहर में डूबे किशोर को स्थानीय गोताखोर युवकों ने चार घण्टे बाद नहर से मृत अवस्था में बरामद कर लिया है।अपने बाबा के साथ मॉर्निंग वॉक पर गया था।पैर फिशलने से उफनाई नहर में गिर कर बह गया।परिजनों ने बगैर पोस्टमार्टम कराए जलदाह कर अंतिम संस्कार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा के बाँदा मार्ग पर स्थित राजनगर मुहल्ला निवासी आशुतोष शुक्ला का 13 वर्षीय पुत्र शिवाय उर्फ अनय सुबह 6 बजे मॉर्निंग वॉक पर जा रहे बाबा ओमप्रकाश शुक्ला के साथ जा रहा था मना करने पर भी नही माना और स्कूल की छुट्टी होने का बहाना बना कर पीछे पीछे चला गया।पनगरा गांव की नहर कोठी पर बने शिवालय में बैठ कर बाबा भजन करने लगे इसी दौरान किशोर उम्र शिवाय नहर की झाल की ओर चला गया।झाल पुल से कुछ दूरी पर खड़े बाँदा मार्ग निवासी सत्यनारायण उर्फराजी रलिहा ने लड़के को नहर में डूबते हुए देखा तो दौड़ कर मौके पर पहुचे और आस पास मौजूद लोगों को इकठ्ठा कर लिया।कुछ देर में शिवाय के बाबा भी मौके पर पहुच गए और पुल में पड़ी चप्पल देखकर नाती के डूबने की आशंका जताई।सूचना के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुच कर नहर में पानी का संचालन बन्द कराया साथ ही स्थानीय तैराक युवकों की मदद से डूबे बालक की तलाश शुरू कर दी।चार घण्टे का समय बीतने के बाद गढ़ा गांव के ग्राम प्रधान राजेन्द्र यादव ने गांव के 10 युवकों के साथ मिलकर तलाशने का काम शुरू किया।घटना स्थल से लगभग 200 मीटर दूर डूबे बालक का शव बरामद कर लिया गया।मृतक के पिता ने पुलिस से निवेदन कर कहा कि उन्हें पोस्टमार्टम नही कराना है। पिता आशुतोष ने बताया कि उनके दो बेटों में छोटा था।वेलाकन्नी स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ता था।घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया है।

## विरक्त आश्रम की झील में दिखा विशालकाय सर्प लोगों में दहशत

सुमेरपुर-हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के विरक्त आश्रम में बनी वाटर झील में शाम को अचानक भारी सर्प नजर आने पर लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम को सर्प नजर नहीं आया और अंधेरा होने की बात कहकर लौट गई। गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम में एक वाटर झील बनी है। इसके मध्य में मां यमुना की मूर्ति स्थापित है। सुबह शाम इस वाटर झील के आसपास लोगों का अच्छा खासा मजमा लगता है। बुधवार की शाम यहां अच्छी खासी भीड़ थी। तभी अचानक एक बड़ा सा सर्प झील में तैरता देखकर लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन टीम को सर्प नहीं दिखा और वह अंधेरा होने की बात कहकर वापस लौट गई।

# कमिश्नर व डीआईजी ने थाना समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं

चित्रकूटः जनपद के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मण्डलायुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।



थाना राजापुर में चित्रकूट धाम बांदा मण्डल आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता व डीआईजी राजेश एस, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त व डीआईजी ने 13 शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर मौके पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। ग्राम तीरमऊ के पवन कुमार ने शिकायत की कि खेत की पैमाइश के लिए कई दिनों से थाना व तहसील के चक्कर काट रहा हूँ, लेकिन पैमाइश नहीं हो रही। इस पर मण्डलायुक्त ने क्षेत्रीय लेखपाल चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय को फटकार लगाते हुए वादी व प्रतिवादी की समस्याओं को निष्पक्षतापूर्ण व पारदर्शिता के साथ दो दिन में निस्तारण करने की चेतावनी दी है। कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करें। डीएम व एसपी से कहा कि जमीन से सम्बन्धित संबंधित समस्याओं पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण कराएं।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी राजापुर आरआर रमन, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एंव अपराधियों के विरुद्ध चालए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राठ पुलिस द्वारा अभियुक्त श्रीकान्त पुत्र मोहनलाल को आश्रय गृह मल्हौवा रोड़ कस्बा राठ से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 9/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। ज्ञातव्य है कि 16 मई 2025 को आवेदक आशेन्द्र अनुरागी पुत्र उमाशंकर निवासी ग्राम बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा के द्वारा दी गई तहरीर के माध्यम से बताया गया कि कुछ अज्ञात लोगो द्वारा उसके साथ मारपीट व हवाई फायर किया गया। आवेदक से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राठ पुलिस द्वारा मुअसं. 227/2025 धारा 191(2)/115 (2)/288 बीएनएस बनाम 5-6 व्यक्ति (नाम पता अज्ञात) के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में अभियुक्त श्रीकान्त पुत्र मोहन लाल का नाम प्रकाश में आया था। गिरफ्तार हुआ अभियुक्त श्रीकान्त पुत्र मोहन लाल (उम्र करीब 18 वर्ष) निवासी ग्राम धमना थाना राठ जनपद हमीरपुर जनपद हमीरपुर के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुयी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रोहित साहू, उपनिरीक्षक रामनरेश यादव, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायते सुन किया निस्तारण

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित



अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओ का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमो से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# कारगिल विजयोत्सव के जरिए सेना के शौर्य को याद रखें युवा- महेन्द्र

चित्रकूटः भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कारगिल विजयोत्सव दिवस के उपलक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन कर शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया।



संगोष्ठी में कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राजनीतिक नेतृत्व में भारतीय सेना ने विश्व के सबसे ऊंचे और दुर्गम युद्धक्षेत्र में युद्ध लडकर विजय हासिल की थी। कारगिल विजयोत्सव का स्मरण सैन्य बलों और सैनिकों के प्रति हमारे धन्यवाद का प्रतीक है। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि सभी भारतीयों को शहीद जवानों के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। भारतीय सैनिकों के बलिदान से ही भारत और भारतवासी सुरक्षित हैं। कारगिल युद्ध में कई परिवार ने अपने परिवारवालों को खोया हैं। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि सभी सैनिकों और उनके परिवार के प्रति भारतीयों की संवेदनाएं हमेशा रहेगी।

जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि सभी तथ्यों के आधार पर जनसामान्य से संवाद कर सकारात्मक वातावरण बनाए। सबके सकारात्मक प्रयास से देशविरोधी तत्व सार्वजनिक होंगे। इस दौरान शहीद जवानों गोविंद सोनी के परिजन वीरेंद्र सोनी, बाबूलाल त्रिपाठी के परिजन दीपक मिश्रा, कल्लूराम यादव के परिजन सत्यबाबू यादव को माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया तथा पुष्पांजली अर्पित कर मशाल जुलूस निकाला। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम संयोजक हरिओम करवरिया, इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, मनोज तिवारी, गुलाब पटेल, सुशीला देवी, हीरो मिश्रा, अश्विनी अवस्थी, ब्रजेश पांडेय, अर्पित जायसवाल, जय प्रकाश पाण्डेय, विपुल प्रताप सिंह, बद्री प्रसाद त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, महेश पाण्डेय, राजेश्वरी द्विवेदी, रवि गुप्ता, दीपक द्विवेदी, बृजेन्द्र शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्र, माया प्रजापति, अर्चना सिंह आदि मौजूद रहे।

## छत्रपति शाहू जी महाराज के सपनों को पूरा कर रही है भाजपा सरकार-आर के

चित्रकूट ब्यूरोः आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य पर रगौली इंटर कॉलिज में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



समारोह में पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि देश में समता मूलक समाज की स्थापना में छत्रपति शाहू जी महाराज का संपूर्ण जीवन समर्पित रहा है। शोषित, वंचित समाज के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छत्रपति शाहू जी महाराज के अधूरे सपनों को साकार कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने अपने राज्य कोल्हापुर से आरक्षण की शुरुआत कर शोषित, वंचित समाज के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की ऐतिहासिक शुरुआत की थी। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज का संपूर्ण जीवन शोषित और वंचितों के उत्थान के प्रति समर्पित रहा है। उनके द्वारा चलाई गई शिक्षा की लौ आज अमर ज्योति का रूप ले चुकी है। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें दलितों पिछड़ों को सत्ता में भागीदारी देकर छत्रपति शाहू जी महाराज के अधूरे सपनों को साकार कर रही हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर रहे जिले के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री केशन ने किया।

इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षा विद जगमोहन सिंह, शिवलाल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि रवि त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषिकेश सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, सुनील सिंह पटेल, हरी गोपाल मिश्रा, अरुण सिंह बघेल, सुशील कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पा रही है भाजपा सरकार-गयादीन

**चित्रकूट ब्यूरोः** कौंग्रेस जिला समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया। इससे पूर्व सभी कौंग्रेसियों ने एलआईसी चौराहा स्थित शहीद पार्क पहुंचकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी।



बैठक में बुंदेलखंड के जोनल प्रभारी गयादीन अनुरागी ने कहा कि सभी पदधिकारी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करें। देश में लोकतंत्र और संविधान को ताक पे रखा जा रहा है। विपक्ष के सवालों का कोई जवाब वर्तमान सरकार द्वारा नही दिया जा रहा है। ऐसे में कौंग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के हितों के लिए सड़कों पर उतर कर लड़ाई लड़ेगा। जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पाण्डेय ने कहा कि एकजुट होकर सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करें। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पाण्डेय ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार जमीन स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि जिले में पार्टी के जनाधार को मजबूत करें। इस मौके पर जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, पीसीसी सदस्य सत्यनारायण कोल, वरिष्ठ नेता गज्जू प्रसाद फौजी, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, अनिल गुप्ता, विनय सिंह चौहान, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल, कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, जिला सचिव कमलाकांत शुक्ला, राजेश सिंह पटेल, प्रशांत गुप्ता, मोहन सिंह, दयाशंकर निषाद, ललकपाल हरिहर, सहाय विश्वकर्मा, नरवेश सचान, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर अतुल राजपूत, कर्वी जगजाहिर पटेल, रामनगर शिव शंकर खंगार, पहाड़ी रामकृपाल वर्मा, कंट्रोल रूम प्रभारी वीरेंद्र सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी योगेंद्र रैकवार, रावेन्द्र सिंह पटेल, शैलेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष संदेश वर्मा, राकेश, राजेश कोल, रामचंद्र, संतोष उपाध्याय, नरोत्तम तिवारी, बुद्ध विलास, अशोक कुशवाहा, जितेंद्र सिंह सोलंकी, मनधीर अनिल वर्मा, हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

## गोली लगने से घायल हुआ रेपिस्ट

**- बहला फुसलाकर घर ले जाने के बाद मासूम को बनाया था अपनी हवश का शिकार**

**- मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में लगी गोली**



**बांदा।** मासूम के साथ दुराचार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा है। वहीं उसके पैर में गोली लगी है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब हो कि कालिंजर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी 5 वर्षीय मासूम बालिका। सभी पड़ोसी युवक अमित कहार आया और उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया। घर ले जाने के बाद युवक ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। रोती बिलखती हालत में जब बालिका घर पहुंची। तब घटना की जानकारी घरवालों को हो सकी। तत्काल सूचना पुलिस को दी। आनन-फानन में उपचार के लिए बालिका को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। एसपी पलाश बंसल तथा एडिशनल एसपी शिवराज मेडिकल कॉलेज पहुंचे। बच्ची के हाल-चाल लेने के साथ एसपी ने बेहतर उपचार के निर्देश दिए। इधर बालिका की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरो ने बेहतर उपचार के लिए उसे कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए एसपी पलाश बंसल ने सीओ नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना तथा एसओजी की टीमें लगाई। क्षेत्र में पुलिस टीमे आरोपी की तलाश कर रही थी। तभी कालिंजर के जंगल के रास्ते भाग रहे आरोपी का पुलिस से सामना हो गया और उसने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में आरोपी अमित कहार के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही आरोपी जमीन में गिर पड़ा। उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पकड़ने वाली टीम में कालिंजर थानाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, एसओजी प्रभारी केडी त्रिपाठी, आनंद सिंह मय टीम के शामिल रहे।

**आदर्श स्कूल में कला प्रतियोगिता आयोजित**

**इकदिलए इटावा।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र. छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कला प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर दो वर्गों में आयोजित की गयी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगों से आकर्षक चित्र बनाये प्रधानाचार्य डाण् सुशील सम्राट ने बताया कि प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र. छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा

# सपा का संविधान मान स्तम्भ दिवश स्थापना दिवश समारोह संम्पन्न



**एटा।** समाज वादी पार्टी के संविधान मान स्तम्भ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शहर के जनेश्वर मिश्रहाल मे संम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता विरोधी दल विधान परिषद उण्प्रण्लाल बिहारी यादव रहे।कार्यक्रम मे बोलते हुये नेता विरोधी दल बिधान परिषद लाल बिहारी यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आर एस एस के लोग मिलकर भारतीय संविधान जो विस्व मे सबसे बडा संविधान है।उसका दुर्पयोग कर रहे है।उन्होंने बताया कि संविधान की प्रस्तावना मे जो अधिकार दिये है।उनके विपरीत कार्य कर रहे हैं।अमेरिका द्वारा युद्ध विराम कराने की घोषणा भारत की संप्रभुता को खतरा है। पुलवामाए पहलगांव हमला पर भी सरकार का रवैया संविधान विरोधी रहा है।बिहार चुनाव मे बोट लूटनाए चुनी हुई सरकारे गिराना घोर संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

शिक्षा क्षेत्र मे ब्यवसायी करण की योजना के तहत लगभग 3000 विधालय बन्द करना गरीब बच्चों के साथ धोखा है।शिक्षा व्यवस्था यदि अम्बानी के हाथ चली गयी तो पाँच हजार दस हजार फीस बसूल कर गरीब को वह किसी भी जाति धर्म का हो ये लोग वंचित कर देगें। बरोजगारी मँहगाई बिजली पानी चिकित्सा आदि मे वह संविधान विरोधी कार्य कर रहे है।उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर इस कार्यक्रम के द्वारा जन जन तक खासकर पीडीए के लोगों को जागरूक कर अगलीबार अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।और कहा जब तक सत्ता की चाबी आप पर नही होगी तब तक भाजपा के लोग संविधान से खिलवाड़ करते रहेंगे। संप्रभुता और समाज वाद शब्द को ये भाजपाई संविधान से हटाना चाहते है। लेकिन एसा वह होने नही देगे।नेता विरोधी दल मूल रुप से प्रतापगढ़ जिला के मूल निवासी है।तथा वह शिक्षा क्षेत्र से त्यागपत्र देकर बनारस से शिक्षक एम एल सी है।संविधान मान स्तम्भ समारोह मे जिन लोगों ने अपने बिचार रखे उनमे जिलाध्यक्ष परवेज़ जुवैरीए महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पुष्प लता यादव पूर्व जिलाध्यक्ष अशरफहुसैन महा सचिव भूपेन्द्र सिंह प्रजापति पूर्व विधायक मारहरा अमितगौरव यादव टीटूएजलेसर पूर्व विधायक रणजीत सुमनएजितेंद्र सिंह यादव रामसेवक पहलवानएपूर्व ब्लॉक प्रमुख मारहरा अनिल कुमार यादव सजग समाज के भीषमपाल सिंह यादव पूर्व चेयरमैन एटा नगरपालिका राकेश गांधी शराफत अली ष्कालेष् जहीर अहमद युवा नेता मेधाब्रत शास्त्री अलीगंज से राम ब्रजेश यादव शुभाष चंन्द्र शाक्यए जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजीत यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशाँक यादव ष्पीटूष् जिलापंचायत सदस्य राकेश यादव पूर्व प्रधान जिलाध्यक्ष युवजन सभा बबलू यादव ग्रीष चंन्द्र प्रधान बनगांव अनुज यादव राजीव यादव एडवोकेट आकाश यादव एडवोकेट आलोक कुमार यादव अभय यादव सत्यभान यादव गुड्डी देवी कमलेश देवी दिवाकर सहित तमाम मंचासीन सपाइयों ने संविधान पर अपने अपने विचार प्रकट किये।जनेश्वर मिश्रहाल भीड से खचाखच भरा था।

# भाजपा ने कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों की वीर नारियों को सम्मानित किया गया आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं जिला संगठन प्रभारी शिव महेश द्विवेदी कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देने वाले पूर्व सैनिकों को शाल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्री दुबे ने कहा कि 6 जून 1999 से 26 जुलाई 1999 तक चलने वाले कारगिल युद्ध ने पूरी दुनिया को भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन दिखाया यह एकमात्र युद्ध ही नहीं बल्कि आत्मरक्षा के लिए उठाया गया ऐतिहासिक कदम था तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के द्वारा की गई घुसपैठ को माकूल जवाब देने का कार्य किया गया। वैश्विक दबाव होने के बावजूद भी भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने दो टूक जवाब देते हुए पाकिस्तान से एक.एक इंच जमीन वापस लेने तक युद्ध जारी रखने का निर्णय लिया। वर्तमान की नई पीढ़ी को भारतीय सैनिकों के इस शौर्य और साहस की जानकारी होनी चाहिए। यह युद्ध दुनिया के सबसे कठिनतम युद्धों में रहा जहां भारत ने कारगिल की चोटी पर तिरंगा




फहराने का कार्य किया।

वर्तमान का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को करारा जवाब देने का कार्य किया जाता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कारगिल युद्ध देश की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था जब पाकिस्तान द्वारा भारत में घुसपैठ की जाती है तो भारतीय सैनिकों द्वारा उनकी इस हिमाकत का माकूल जवाब दिया जाता है

भारत ने इस कारगिल युद्ध में 527 सैनिकों को खोया। नई पीढ़ी को प्रत्येक सैनिक की शहादत के बारे में जानकारी की आवश्यकता है

भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कारगिल के युद्ध में भारतीय सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पार करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटाने का कार्य किया भारत के सैनिकों के इस संघर्ष को ऑपरेशन विजय के रूप में जाना जाता है।

इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया इस कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डीएस राठौर ने किया

इस कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता अमरदीप दीक्षित अभिषेक बाथम सुनील रावत पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार हिमांशु गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी चित्रा अग्निहोत्री ममता सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# मताधिकार के प्रति जागरूकता ही संविधान और आरक्षण को बचा सकती है-कैलाश यादव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** पूर्व सांसद कैलाश यादव ने कहा कि शिक्षा और मताधिकार के प्रति जागरूकता ही संविधान और आरक्षण को बचा सकती है

समाजवादी पार्टी की ओर से मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज मेंआरक्षण दिवस आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए और पूर्व सांसद श्री यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर पिछड़ों दलित महिलाओं और समाज के सभी कमजोर लोगों से उनका हक छीनने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि आज नौजवानों को रोजगार पाने के लिए लाठी खानी पड़ रही है गरीब किसानों को खाद के लिए पुलिस की लाठी का शिकार होना पड़ रहा है उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश की तमाम संस्थाओं को सरकार अपने उद्योगपतियों मित्रों को औने पौने दामों में सौंप रही है पीडीए परिवार के लोगों से संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है



सरकार उन्होंने कहा कि दो रोटी कम खा लेना लेकिन शिक्षा जरूर ग्रहण करवाए

पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि पूरे देश में अगर सरकार की नीतियों का विरोध हमारे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में एक बड़ा वर्ग आज अपने अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है

उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथों को मजबूत करने का आवाहन किया और कहां इस बार जो टिकट वितरण किया जाएगा उसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी एक.एक टिकट राष्ट्रीय अध्यक्ष की समीक्षा करके जिताऊ प्रत्याशी को ही देंगे और प्रचंड बहुमत से समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि देश में समाजवादी पार्टी ही सरकार की जन विरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला कर रही है उन्होंने अपने संघर्ष और मजबूत कार्यकर्ताओं की सराहना की

कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी असीम यादव सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत प्रताप सिंह यादव जमालुद्दीन सिद्दीकी अजीत कठेरिया

रामसेवक सिंह यादव सर्वेश अंबेडकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी पूर्व अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी हरीश कुमार यादव सुनीता शाक्य अरशद जमाल सिद्दीकी आलोक यादव उदय प्रताप सिंह यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने भी विचार व्यक्त किये

इस अवसर पर दर्जनों प्रधान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे संचालन सुरेंद्र सिंह गौर ने किया

## खबर एक नज़र

### राजू सभासद की मृत्यु हो जाने के बाद सीट खाली पर 6 लोगों ने 8 नामांकन सेट खरीदे

**छिबरामऊ कन्नौज।** मोहल्ला चंद्रशेखर नगर वार्ड नंबर 23 में राजू सभासद की मृत्यु हो जाने के बाद सीट खाली पड़ी थी । इसको लेकर प्रशासन ने उपचुनाव करने के लिए 11 अगस्त को वोटिंग होना तय की गई जिसको लेकर 8 पर्चे खरीद कर नामांकन किए गए मुराद्दीन फखरे आलम शबनम नकिम अली पंकज कुमार दुबे ने दो सेट खरीदे नौसिम इकबाल ने दो सेट खरीदे 6 लोगों द्वारा 8 सेट खरीदे गए।

### उप जिला अधिकारी ने चकरोड खुलवाने के दिए आदेश

**छिबरामऊ कन्नौज ।** ग्राम सभा दीपक पर में चक रोड खुलवाने को लेकर उप जिलाधिकारी को दिया गया प्रार्थना पत्र ग्राम सभा दीपक पुर निवासी हरिशंकर पुत्र लीलाधर ने उप जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा गया है कि गाटा संख्या 355 के पूर्व तरफचक रोड है जो दबंगों द्वारा बंद कर दिया गया है उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र दुबे ने क्षेत्राधिकार खंड विकास अधिकारी प्रभारी निरीक्षक राजस्व निरीक्षक लेखपाल को आदेशित किया कि चक रोड को दबंगों से मुक्त कराया जाए।

### विकलांग युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव सदरिया पुर निवासी युवक कुलदीप पुत्र ओमवीर जाटव सिंगीरामपुर स्टेशन पर आया था दिन के लगभग 3 बजे फतेहगढ़ की तरफसे आ रही मालगाड़ी के आगे कूद गया जिससे कुलदीप की दर्दनाक मौत हो गई स्टेशन पर टहल रहे लोगों ने बताया कि मृतक युवक स्टेशन पर बैठा रो रहा था अचानक ट्रेन आई और वह ट्रेन के आगे कूद गया स्टेशन पर घूम रहे सदरियापुर के लोगों ने पहचान कर परिजनों को सूचना दी सूचना पर कुलदीप के चाचा अभिलाख रेलवे स्टेशन सिंघीरामपुर पहुंचे और कुलदीप की पहचान अपने भतीजे के रूप में की सूचना पर पहुंची थाना कमालगंज पुलिस ने घटना की जानकारी ली थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला मृतक युवक विकलांग था और शराब पीने का आदी था घटना के बारे में जानकारी की अचानक कुलदीप की मौत से परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल था चौकी इंचार्ज खुदागंज शिवकुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### डीएम एसपी ने आर ओ ए आर ओ भर्ती परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से आर0ओओध्ए0आर0ओ0 भर्ती परीक्षा के केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आर0पी0 स्नाकोत्तर महाविद्यालय कमालगंज आर0पी0इंटर कॉलेज कमालगंज व फिरोज गाँधी इंटर कॉलेज कमालगंज का निरीक्षण किया व वहाँ पर परीक्षा संवंधित तैयारियों तथा परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था पीने के पानी की व्यवस्था सी0सी0 टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता को परखा गया व कालेज प्रबंधन को परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। इससे पहले अधिकारियों की ओर से सभी विद्यालयों में जाकर सीसीटीवी कैमरे तथा कंट्रोल रूम चेक किया

### प्रतियोगिता में ताइक्वांडो के खिलाड़ियों का बोलबाला

इटावा। ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने सीबीएसई ज़ोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना असाधारण प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्णए 2 रजत तथा 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। यह जोनल प्रतियोगिता नानक पब्लिक स्कूलए जौनपुर में 20 से 23 जुलाई के मध्य आयोजित हुई। इसमें खिलाड़ियों ने इटावा के विभिन्न विद्यालयों के ध्वज तले प्रतिभाग किया था। एरेना में खिलाड़ियों को इटावा ताइक्वांडो के प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इसमें वैश्नवी यादव ने जीण्सीण् जीनियस पब्लिक स्कूल से स्वर्णए संत विवेकानंद इंटर कॉलेज से आराध्या सिंह ने स्वर्णए सुदिति ग्लोबल एकेडमी से अभिनव कुशवाहा और अनमोल वर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं सेंट मेरी इंटर कॉलेज से अदम्य ने रजत और थियोसोफिकल इंटर कॉलेज से रुद्रप्रपात सिंह ने रजत पदकए एण्पीण्एसण् स्कूल से कुनाल ने कांस्य और सेंट मेरी से अपरिमेय गुप्ता ने कांस्य पदक जीता। इटावा ताइक्वांडो के महासचिव हिमांशु यादव ने बताया कि सभी स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ी सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया कि उनके चार खिलाड़ी सानिध्यए शौर्य सिंहए अविघ्न यादव और जैस्मिन ने सीधे नेशनल के लिए जगह बनाई है। जौनपुर में हुई प्रतियोगिता में हिमांशु यादव को तकनीकी प्रतिनिधि और आब्जर्वर के तौर पर नियुक्त किया गया था। सभी खिलाड़ियों के इस विजय उपलब्धि पर प्रशिक्षक हरगोविंद सिंहए श्यामजी सक्सेना और मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता ने बधाइयां दीं और आने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अनेक शुभकामनाएं दीं।

## विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग द्वारा हो रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली



**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडेय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभाग द्वारा हो रहे कार्योंके संबंध में जानकारी ली । विद्युत संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।कसाबा ए और समधन में नये उपकेंद्र बनने के संबंध में जानकारी ली।लाईनलास और वसूली कम होने के कारण उपकेंद्र स्वीकृत होने में विलंब हो रहा है ऐसी जानकारी दी।नवीन कनेक्शन 40 मीटर की दूरी तक ही लिया जा सकता है।40 मीटर से अधिक दूरी होने पर विभाग द्वारा एस्टीमेट बनाया जाएगा। कुछ गांवों में जर्जर तारों की समस्या को शीघ्र सही कराने को निर्देशित किया। आदि बहुत से विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।अधीक्षण अभियंताए अधिशासी अभियंताए सभी उपखंड अधिकारी और जेई उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे टेक्नीशियन नशे की हालत का वीडियो वायरल



**छिबरामऊ कन्नौज।** सामुदायिक एक्स. टेक्निशियन स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक्स.रे टेक्नीशियन नशे की हालत में एक्स.रे रूम में कुर्सी पर बैठा घटना का वीडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक बहुत ही गंभीर मामला सामने आया है। एक्स.रे टेक्नीशियन राम लखन बुरी तरह से नशे की हालत में पाए गए हैं। इतना ही नहींए उनके द्वारा मरीजों से बदसलूकी और धन वसूली की बात भी सामने आई है।वीडियो फुटेज वीडियो फुटेज जिसमें एक्स.रे टेक्नीशियन राम लखन नशे की हालत में दिखाई दे रहा है घटना का वीडियो वायरल हुआ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल मिश्रा ने बताया कि स्पष्टीकरण के जवाब के बाद जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वकीलों ने क्यूबा के साथ एकजुटता दिखाई

इटावा। जिलाबार एसोसिएशन डीबीए इटावा और आल इंडिया लायर्स यूनियन इटावा के मानवाता की रक्षा के लिए क्यूबा के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए अमरीकी दादागिरी से क्युवा पर लगाई गई आर्थिक नाकेबंदी की कडी निदां की गई है। डीबीए अध्यक्ष और एआईएलयू के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल गौर एडवाकेट ने कहा कि अमरीका दादागिरी कर अपने पडोसी छोटे देश को हडपना चाह रहा हैए वहाँ की बहादुर जनता नही झुकी इसलिए अमरीका अन्य देशो पर दबाब बनाकर क्यूवा की आर्थिक नाकाबंदी कर वहाँ की जनता को खाने पीने की चीजों से वंचित कर रहा है यह कदम मानवता विरोधी है हम समाजवादी क्यूवा की जनता के साथ खड़े है। एआईएलयू के जिलाध्यक्ष विधाराम भारतीए डीबीए के महामंत्री देवेन्द्र पाल सिंहए वेदप्रकाश शर्माए महेश चंद्रए रूपेन्द्र चौहानए संध्या कुशवाहए एवं देवेन्द सिंह भदौरियाए राजेश वर्माए हैप्पी ठाकुरए मोहित भदौरियाए अनुराग गौरए शिवम सेंगर हरविलास दोहरेएदेवी प्रसाद पटेलए शैलेन्द्र सबिता आदि मौजूद रहे।

## मवेशी चराने के लिए गए थे तालाब के पास पैर फिसलने से तालाब में गिरकर हुई मौत



**छिबरामऊ कन्नौज।** दर्दनाक हादसाए तिलोकापुर गांव में दो लोग खेतों में भरे पानी में डूबेए जिसमें सचिन खटिक की पानी में डूबने से मौत हुई हैए और प्रांशु खटिक को ग्रामीणों ने सकुशल पानी से निकालकर उसकी जान को बचाया है। छिबरामऊ में दर्दनाक हादसाए तिलोकापुर गांव में दो लोग खेतों में भरे पानी में डूबेए जिसमें सचिन खटिक की पानी में डूबने से मौत हुई हैए और प्रांशु खटिक को ग्रामीणों ने सकुशल पानी से निकालकर उसकी जान को बचाया है। ग्राम तिलोकपुर के निवासी सचिन पुत्र लज्जाराम उम्र 40 वर्ष मवेशी चराने के लिए गए थे तालाब के पास पहुंचते ही पैर फिसल गया जिससे कि तालाब में गिर गए घटना की जानकारी मिलते हैं ग्रामीणों ने तालाब के बाहर निकाला ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर देखा तब तक सचिन की मौत हो चुकी थी मौत की सूचना पाकर सचिन के घर में कोहराम मच गया

# परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा केन्द्रों का लिया गया जायजा




]**छिबरामऊ कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोश मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक कन्नौजए विनोद कुमार द्वारा न्व्ब्ै.समीक्षा अधिकारीध्सहायक समीक्षा अधिकारी .2023 प्रारम्भिक परीक्षा के दृष्टिगत लिखित परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा केन्द्रों का लिया गया जायजा।' जिलाधिकारी ए आशुतोश मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक कन्नौजए विनोद कुमार द्वारा ष्न्ब्ै ,त्ध्।त्व.2023 प्रारम्भिक परीक्षाश् के अन्तर्गत 27ध्07ध्2025 को प्रस्तावित लिखित परीक्षा हेतु जनपद कन्नौज को आवंटित कुल 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा को सकुशल शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को देखते हुए केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक।

# 2 महीने के बाद कराया जाएगा निर्माण कार्य के आश्वासन पर व्यापार मंडल का धरना खत्म

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका की ओर से 2 महीना 1 सप्ताह बाद रेलवे रोड को मॉडल रोड बनाने के आश्वासन पर धरना खत्म कर दिया गया है

फेडरेशन का ऑल इंडिया व्यापार मंडल की ओर से चौक पर 3 वर्ष से टूटी पड़ी नगर पालिका की सड़क को बनवाने के लिए धरना दिया गया व्यापारियों ने विरोध स्वरूप नगर पालिका और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और काफी खरी खोटी सुनाई बताते चलें कि 3 वर्ष पूर्व अतिक्रमण अभियान के तहत व्यापारियों के प्रतिष्ठान तोड़े गए थे और यह कहा गया था कि नगर पालिका की ओर से रेलवे रोड को मॉडल सड़क के रूप में विकसित कर महानगरों जैसा सौंदरीकरण किया जाएगा लेकिन 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी टूटी सड़क और बिजली के खभों की शिफ्टिंग तक नहीं हो पाई इसको लेकर व्यापारियों ने नगर पालिका के खिलाफ मोर्चा खोल दिया किसी बीच जिला प्रशासन की ओर से अधिशासी अभियंता विद्युत अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को धरना दे रहे व्यापारियों से वार्ता के लिए भेजा गया




विद्युत विभाग की ओर से दो महीने में बिजली के खभों शिफ्टिंग होने का एक पत्र व्यापार मंडल के अधिकारियों को सौंपा ठीक उसी के बाद शशि अधिकारी नगर पालिका परिषद ने एक पत्र दिया और बताया कि पोल शिफ्टिंग के बाद एक सप्ताह में ही रेलवे रोड सड़क का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा इसी आश्वासन पर व्यापार मंडल के नेताओं ने धरना समाप्ति की घोषणा की

धरने में प्रदेश मंत्री डॉ अरविंद गुप्ता जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा विमलेश मिश्रा अनूप गुप्ता सौरभ पाठक अरविंद भारद्वाज सौरव मिश्रा अशोक यादव कमलेश गुप्ता मौजूद रहे इसके साथ ही व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला तथा प्रमोद गुप्ता ने भी धरने पर आकर समर्थन दिया

# मिर्जापुर में सपा ने मनाया संविधान मान स्तंभ दिवस







**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जिले के सांई गार्डेन सबरी स्थित लॉन में आरक्षण दिवस को संविधान-मानस्तम्भ

## भाजपा सरकार में संविधान और आरक्षण खत्म होने का खतराः सांसद छोटे लाल खरवार

स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर संविधान की शपथ दिलाई गई। आह्वाहन किया गया कि पुलिस प्रशासन के खिलाफ जल्द ही हल्ला बोल का कार्यक्रम रखा जायेगा जिसकी रणनीति जल्द ही तय की जायेगी।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राबर्टसगंज सोनभद्र के सांसद छोटे लाल खरवार मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पाण्डेय शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने की।

मुख्य अतिथि सांसद छोटे लाल खरवार ने भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में संविधान समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने आरक्षण खत्म होने का खतरा भी बताया।कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। कहा कि डा. राम मनोहर लोहिया भी चाहते थे कि बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को मानने वाले साथ आएं। समाजवादी और अंबेडकरवादी मिलकर भाजपा का सफाया करेंगे। 2027 में उत्तर प्रदेश से बाहर निकालेंगे। दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। ऐसे में 2027 में भी उन्हें सत्ता से बेदखल किया जाएगा। संविधान का अपमान करने वाले और इसे नहीं मानने वालोंको सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जाति, धर्म का भेद संविधान ने मिटाया है। संविधान ने हमें अधिकार दिया है। देश में सभी धर्म को बराबरी का अधिकार संविधान की वजह से मिला है। इसलिए संविधान नहीं मानने वालों को बदल दिया जाएगा।

कहा कि समाजवादी लोग अंबेडकरवादियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। बाबा साहब की वजह से ही हमें बराबरी का दर्जा मिला। लोकतंत्र की आत्मा संविधान है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, शिव शंकर सिंह यादव, आशीष यादव, अशोक यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, राजेश भारती, रोहित शुक्ला, कीर्ति कोल, गिरधारी पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 सुनील पटेल, शहनवाज खान, दामोदर प्रसाद मौर्य, रामराज पटेल, संजय यादव, रामप्यारे गोंड़, रामगोपाल बिन्द, रामजी मौर्या, संतोष गोयल, जुम्मन खान, रमाशंकर कोल, हरिशंकर यादव, शैलेष पटेल, राणा प्रताप सिंह, झल्लू यादव, सतीश मिश्रा, अमरेश सोनकर, अशफाक खान, वन्दना गुप्ता, राजेश यादव, सिद्धान्त यादव, कौशिक कनौजिया, अतीक खान, अमरनाथ चक्रवाल, राजकुमार यादव, आकाश यादव, विजय मौर्या, गगन मौर्या, श्यामअचल यादव, मेवालाल प्रजापति, गणेश केशरी, प्रिन्स रॉव, रवि सोनकर, रवि यादव, रविन्द्र यादव, रविन्द्र सोनकर, विकाश केशरी, चिन्तामणि यादव, विकाश केशरी, भरत लाल बिन्द, सन्तबीर मौर्या, जमुना यादव, दिनेश यादव, लाल बहादुर यादव, भोलानाथ यादव आदि ने अपने विचार रखें।

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने ऊर्जा मंत्री का फूंका पुतला



**मिर्ज़ापुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मलेन के पदाधिकारियों ने नगर के डंकीनगंज के चिनिहवाँ इनारा पर एकत्रित हो कर नारे बाजी

## बनिया समाज पर दिए गए आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा

की। नगर अध्यक्ष नयन जायसवाल के नेतृत्व में जुटे वैश्य व व्यापारी समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए विद्युत मंत्री के बयान की निंदा की और उनका पुतला दहन किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र अग्रहरि ने कहा कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा का बनिया वर्ग के लिए दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं। उनके इस अमर्यादित बयान से उनकी इस वृहद समाज के प्रति मानसिकता और सोच का पता चलता है। उनके बयान ने देश को समृद्धिशाली बनाने वाले व्यापारी व वैश्य समाज के देश के प्रति समर्पण की खिल्ली उड़ाने की कोशिश की गयी है साथ ही सरकार पर उनके भरोसे को तोड़ने का काम किया है।

केंद्र व प्रदेश सरकार पर वैश्य समाज का पूरा भरोसा है, ऐसे बयान उसमें पलिता लगाने का काम करते हैं।प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गोयल ने कहा कि ऊर्जा मंत्री को किसी समाज के बारे में बोलने से पहले सोचना चाहिए। हमेशा से बनिया-वैश्य समाज देश सेवा राष्ट्रभक्ति और दानशीलता के लिए विख्यात रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार के मंत्री का अमर्यादित बयान अशोभनीय है। यह एक विभाजक बयान है जिससे देश-प्रदेश के करोड़ों वैश्य जन की भावना को ठेस पहुंचा है और उनमें आक्रोश व्याप्त हुआ है।पुतला दहन करने वालों में अशुकांत चुनाहे, अनुज उमर, शैलेन्द्र रस्तोगी, गणेश अग्रहरि, नयन जायसवाल, शिवम अग्रहरि, विजय गुप्ता, अतिन गुप्ता, राहुल केशरी, संतोष गुप्ता, हिमांशु अग्रहरि, रुद्रेश उमर, अंकित अग्रहरि, प्रशांत उमर वैश्य, जीतेन्द्र अग्रहरि, गुलाब चंद सोनी, महेश केशरी, नीलेश गुप्ता आदि रहे।

# सड़क पर गिरा पेड़, चार घंटे मार्ग अवरुद्ध

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया ब्लॉक रोड़ भटवारी मार्ग पर बारिश के दौरान शनिवार को सड़क पर एक महुआ का पेड़ गिर गया। जिससे 4 घंटे हलिया भटवारी मतवार मार्ग बाधित रहा। शनिवार को क्षेत्र में हो रही बारिश के दौरान हलिया भटवारी मार्ग के हलिया बाजार के पास सड़क पर एक विशाल महुआ का पेड़ गिर गया संयोग ठीक रहा कि उस समय सड़क पर कोई राहगीर नहीं था। महुआ के पेड़ के बगल से गुजर रहा बिजली के केवल का तार भी जमीन पर गिर गया जिससे बाजार में बिजली गुल हो गई है। सुबह 8 बजे से 12 दोपहर तक मार्ग अवरुद्ध रहा ग्राम प्रधान के सहयोग से पेड़ को बाहर हटाया गया तब मार्ग चालू हुआ।

# डीएम व एसएसपी ने थाना दिवस पर सुनी समस्याएं बारह मामले में किसी का नहीं हुआ निस्तारण



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस पर डीएम प्रियंका निरंजन व एसएसपी सोमेन बर्मा ने समस्या को सुना थाना समाधान दिवस पर कुल बारह मामले भूमि विवाद से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। डीएम व एसएसपी ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व चकबंदी व पुलिस टीम को रवाना किया जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से थाना तहसील का चक्कर ना लगाना पड़े डीएम ने पूर्व में थाना दिवस पर पड़े मामले के निस्तारण के संबंध में लेखपालों से जानकारी लिया। डीएम ने बेलाही के लेखपाल बृज भुसण व महुगढ़ के लेखपाल कृष्णा पटेल को शो काज नोटिस जारी करने के लिए तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय को निर्देश दिया है।

डीएम ने सभी लेखपालों को निर्देश दिया है कि अपने अपने गांव के सरकारी आराजी के 30 (2) कि कार्रवाई कर रजिस्टर बनाने का भी निर्देश दिया है।

डीएम ने तहसीलदार लालगंज से हलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजस्व गाँवो कि जानकारी लेते हुए लालगंज तहसील के सर्किल की जानकारी लिया जिस पर तहसीलदार ने लालगंज में 13 सर्किल होने की बात बताई और 11 राजस्व निरीक्षक कार्यरत होने की बात डीएम को बताई डीएम ने थाना समाधान दिवस पर आने वाले प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम का साथ निस्तारण कर आख्या लगाने का निर्देश दिया है। मामले में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी है डीएम ने सिकटा गाँव में राजस्व चौपाल लगाने का निर्देश तहसीलदार को दिया है। वहीं एसएसपी सोमेन बर्मा ने कहा की थाना दिवस पर आने वाले मामलों में पुलिस टीम को मौके पर साथ लेकर मामलों का निस्तारण कराये इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, तहसीलदार दीक्षा पाण्डेय, चकबंदी अधिकारी मिथिलेश कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार दुबे, शिव कुमार चौबे, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव,एसआई श्याम लाल, अच्छेलाल यादव, महेंद्र प्रताप यादव, लेखपाल सर्वेश सिंह, अमिताभ यादव सहित राजस्व व चकबंदी के लेखपाल मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय चुनार में अभिविन्यास कार्यक्रम के साथ नया सत्र प्रारंभ

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को सामाजिक विज्ञान एवं कला संकाय के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं महाविद्यालय द्वारा निर्धारित गणवेश में नियमित रूप से महाविद्यालय आकर कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करें, साथ ही विभिन्न प्रकार की शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी अनुशासित रहकर प्रतिभाग करें। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं अंजली, जागृति एवं प्रियांशी ने नव प्रवेशी छात्राओं तथा रूपेंद्र एवं बृजेश ने नव प्रवेशी छात्रों का चन्दन लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की समन्वयक हिंदी विभाग की प्रभारी डॉ0 कुसुम लता ने महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही समाज विज्ञान एवं कला संकाय में संचालित विभिन्न विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। रोवर प्रभारी डॉ0 रजनीश ने रोवर्स/रेंजर्स द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्र के जागरूक नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ0 अवधेश सिंह यादव ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित गणवेश में महाविद्यालय आने एवं अनुशासित रहकर विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दीपक कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ0 अरविंद कुमार ने क्रीड़ा, डॉ0 शिखा तिवारी ने रेंजर्स, डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति ने परीक्षा, डॉ0 शेफालिका राय ने छात्रवृत्ति, डॉ0 चंदन कुमार द्विवेदी ने प्लेसमेंट सेल तथा डॉ0 शिवकुमार ने कौशल विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ0 दीप नारायण तथा धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 नलिनी सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ0 रीता मिश्रा, डॉ0 शैलेंद्र कुमार, डॉ0 मंजुला शुक्ला, डॉ0 विद्या सिंह, डॉ0 अदिती सिंह, डॉ0 गुरु प्रसाद सिंह के साथ ही महाविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं अच्छी संख्या में नव प्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**चुनार (मिर्जापुर)।** प्राचीन हनुमान मंदिर विठ्ठलपुर में अयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्री राम कथा के चौथे एवं पांचवे दिन कि कथा में वृंदावन से पधारी

## भए प्रकट कृपाला दिन दयाला कौशल्या हितकारी

मानस मंदाकिनी चन्द्रा मिश्रा ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि कैलाश पर्वत पर भगवान शिव शंकर ने मईया पार्वती को आदर पूर्वक अपने बगल में आसन देकर बैठाया तब माता पार्वती ने कहा कि हे भोले नाथ मुझे सुंदर कथा सुनाइए कि भगवान का अवतार इस दुनिया क्यों हुआ, तब भगवान शिव प्रसन्न हो कर डमरू बजाते हुए भगवान के अवतार के कथा को विस्तार से बताया और कथा वाचिका मंदाकिनी द्वारा भए प्रकट कृपाला दिन दयाला कौशल्या हितकारीभगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया जिसमें उनके द्वारा सोहर ,बधईया आदि गीत सुनाते हुए उपस्थित श्रोताओं को नाचने



झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा के पूर्व पंडित आशु मिश्रा ने यजमान जनार्दन मिश्रा, पप्पी मिश्रा, कामेश्वर पांडेय, रामबालक त्रिपाठी,सुनील सिंह,सूरज मौर्या, संजय यादव आदि लोगों से हनुमानजी व व्यास पीठ का विधि विधान से पूजन करवाए। इस दौरान संगीत गायन आर्गन पर अनुकेश त्रिपाठी,तबला पर रामानंद पांडेय, पैड पर आशीष कुमार ने संगत किया।कथा समापन के दौरान उपस्थित श्रोताओं में प्रसाद वितरण किया गया।


**अदालती सूचना**

विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर
प्रतिकर वाद सं. 637/2014
देव नारायण वयस्क पुत्र हरी प्रसाद निवासी मकान न. ग्राम लौली थाना सजेती जिला कानपुर नगर....याची
बनाम– 1.श्री शशीन्द्र कुमार वयस्क पुत्र श्री मुन्नू लाल 2. मुन्नू लाल वयस्क पुत्र स्व. बतनी प्रसाद बेडिया दोनों निवासीगण ग्राम कैंथा थाना घाटमपुर जिला कानपुर नगर
.....प्रतिवादी सं. 1 व 2
देव नारायण ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लिये वाद संस्थित किया है । आपको इस न्यायालय में तारीख 01–08–2025 को दिन में 10. 30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं व किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस वाद से संबंधित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा । यह आज ता० 26–6–2025 की मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (दक्षिणी) कानपुर नगर।

सी.आर.-895/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 8513/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410008513
राजकुमार जायसवाल बनाम जयशंकर अवस्थी
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. राजकुमार जायसवाल, उम्र लगभग 58 वर्ष, वयस्क पुत्र स्व० हीरालाल जायसवाल निवासी भवन संख्या–30/48, चूड़ी मोहाल चावल मण्डी, पोस्ट–प्रधान डाकघर, थाना फीलखाना, परगना व तहसील कानपुर सदर, जनपद कानपुर नगर, राज्य उ०प्र०–208001 आधार सं. 377839879024 मो.9838764343
.....आवेदक/भवन स्वामी
बनाम–जयशंकर अवस्थी, वयस्क पुत्र स्व० शंकर लाल अवस्थी, निवासी भवन संख्या–30/48, चूड़ी मोहाल चावल मण्डी, पोस्टप्रधान डाकघर, थाना फीलखाना, परगना व तहसील कानपुर सदर, जनपद कानपुर नगर, राज्य उ०प्र० 208001मो.9026524824
......विपक्षी/किरायेदार
रिलीज प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 21 (2) (ख) व (ड) उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सं0–16, सन् 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 22.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-895/K-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना NER-LJN-2025-127**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है–
**ई–निविदा संख्याः** NER-LJN-2025-127, कार्य का नामः लखनऊ मण्डल–06 स्टेशनो पर 26 कोचों के विस्तार के साथ 07 यात्री प्लेटफार्म को लो लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा किया जाना। (लक्ष्मीपुर (एलआईआर प्लेटफार्म–2), जहांगीराबाद राज (जेबीआर प्लेटफार्म–1), बरुआचक (बीआरसीके प्लेटफार्म–1), मोतीगंज (एमओटीजी प्लेटफार्म–1), झिलाही (जेएलएचआई प्लेटफार्म–1) और परसा तिवारी (पीएटीआई प्लेटफार्म–1 और 2)। अनुमानित लागत(रू0): ₹ 16,20,93,410.03 अग्रिम धन(रू0): ₹ 9,60,500.00, समापन अवधिः 12 माह।
1.उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-127 के लिये ई–निविदा दिनांक 19.08.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू–178 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# कुत्ते से टकराकर बाइकसवार युवक घायल, रेफर



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर शनिवार की सुबह बाइक सवार कुत्ते से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के दाहिने हाँथ में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी 37 वर्षीय अशोक कुमार बाइक से किसी कार्य के लिए जा रहा था की बाइक सवार युवक कुत्ते से टकराकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक के दाहिने हाँथ में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। युवक के परिजन उपचार के लिए लेकर चले गए है।

# जन अधिकार पार्टी द्वारा स्कूल मर्ज का किया विरोध



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** जन अधिकार पार्टी मिर्ज़ापुर द्वारा शनिवार को स्कूल मर्ज के विरोध में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन उपरांत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को ज्ञापन सौंपा गया।जहां मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष ई. के सी मौर्य एवं विशिष्ट अथिति राजमणि मौर्य (पूर्व जिलाध्यक्ष) थे।

इस मौके पर विनोद कुमार, सूरज कुमार मौर्य,मुरारी बिंद, जितेंद्र कुमार, शिवकुमार गुप्ता, विजय कुमार, सुदामा, आकाश मौर्य, चंद्रशेखर सिंह, अवधेश फौजी, सोनू मौर्य शंभूनाथ रहे।


**सूचना**

मैने अपने दोनों पुत्रों व पुत्रवधुओं तुलसी व पानकुमारी एवं गोरेलाल व पूनम के चालचलन व कार्यव्यवहार से दुःखी होकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उनके किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। पेशकार पुत्र मुल्ला नि. ग्राम हरीपुरवा खण्ड रहीमपुर विषधन थाना ककवन जि. कानपुर नगर।(42)

सी.आर.-895/K-42

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मुलायमसिंह व दिनेश उर्फ गोलू व पुत्रवधू रागिनी पत्नी मुलायमसिंह के आचरण व गैर समाजिक कृत्यो के कारण सम्बन्ध विच्छेदकर समस्त चलअचल सम्पत्तियों से बेदखलकर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कार्य व्यवहार व लेनदेन व मुकदमों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नही होगा वह स्वयं उत्तरदायी होगा। परशुराम पुत्र मूसे नि. ग्रा. रार थाना घाटमपुर कानपुर नगर।(50)

सी.आर.-895/K-50


# साइबर अपराध होने पर 1930 पर करें शिकायत

**हलिया(मिर्जापुर)।** साइबर थाने की ओर से शुक्रवार को मवई कला स्थित पंच शील पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें साइबर क्राइम थाना प्रभारी रामअधार यादव ने कहा कि साइबर अपराधियों का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।थाना प्रभारी साइबर अपराध के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी किस तरह से लोगों को अपना शिकार बनाते हैं और हम उनसे कैसे बच सकते हैं। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के बारे में भी बताया। कहा कि फेसबुक पर सेक्सटोर्शन, स्क्रीन शेयरिंग एप के जरिये फर्जीवाड़ा, आनलाइन खरीदारी के दौरान ठगी समेत अन्य घटनाएं होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पनंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उप निरीक्षक अरविंद यादव, प्रदीप पाल प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य, आलोक मौर्य, स्वेता सिंह आदि रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

**E-mail :** swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, रविवार, 27 जुलाई, 2025

## हमास पर भड़के ट्रंप ने इजरायल को दी खुली छूट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकी संगठन हमास को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। ट्रंप ने इजरायल को खुली छूट देते हुए साफ कह दिया है कि वह गाजा में अपने सैन्य अभियान को तेज कर दे। असल में हमास

### कहा गाजा में तेज करे अभियान

ने अमेरिका समर्थित शांति वार्ता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। इसके बाद ही डोनाल्ड ट्रंप भड़क उड़े हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहां तक कह डाला कि यह आतंकी संगठन शांति का इच्छुक नहीं है। स्कॉटलैंड से निकलने से पहले ट्रंप ने कहाकि हमास को किसी भी बातचीत में रुचि नहीं है। मुझे लगता है कि वह मरना ही चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में बहुत ज्यादा बुरा है। अमेरिकी गाजा पट्टी में शांति स्थापति करने के लिए प्रयासरत था। इसके लिए स्टीव विटकॉफ के नेतृत्व में मिडिल ईस्ट में शांति वार्ता के लिए एक दल भी भेजा गया था। लेकिन अब स्टीव विटकॉफ ने कह दिया है



कि अमेरिका इस बातचीत से पीछे हट रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अब किसी अन्य विकल्प के बारे में विचार करना चाहिए। इसके बाद ही अमेरिकी राष्ट्रपति की यह चेतावनी आई है। बता दें कि ट्रंप ने हमास के चंगुल में फंसे अंतिम अमेरिकी-इजरायली नागरिक एडन एलेक्जेंडर की रिहाई में अहम भूमिका निभाई थी। ट्रंप ने कहा कि बातचीत की अंतिम स्टेज पर हमास का इस तरह इनकार करना दिखाता है कि वह हिंसा करने पर उतारू है। गाजा में हालात काफी ज्यादा खराब हैं। वहां पर बच्चे भूख से बेहाल हैं। इन सबके बीच ट्रंप ने संकेत दिया है कि अब डिप्लोमेसी से बात नहीं बनने वाली है। ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि लड़ो और उन्हें खत्म कर डालो। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि इजरायली सैन्य अभियान में अमेरिका पूरी तरह से उसके साथ है।

### हमास का कमांडर ढेर

**यरुशलम।** इजरायल लगातार गाजा पर कहर बरपा रहा है। इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की ओर से दावा किया गया कि उत्तरी गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक काउंटर-इंटेलिजेंस कमांडर को मारा गया है। शुक्रवार को आईडीएफ की ओर से कहा गया कि हमास के जनरल सिक्योरिटी एपरेटस में काउंटर-इंटेलिजेंस निदेशालय के प्रमुख अमजद मुहम्मद हसन शायर मार गिराया गया है। इजरायली सेना ने कहा कि काउंटर-इंटेलिजेंस निदेशालय हमास के वरिष्ठ अधिकारियों की सुरक्षा करता था।



हवा में उड़ता जाये...

छाया : गोपी रस्तोगी

## ‘अमेरिका के फैसले से हमें कोई ऐतराज नहीं’

**वॉशिंगटन।** पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को अमेरिका ने जब से विदेशी आतंकी

### टीआरएफ पर बदले पाकिस्तान के सुर

संगठन (एफटीओ) की लिस्ट में डाला है, पाकिस्तान तभी से तिलमिलाया हुआ है। संयुक्त राष्ट्र में टीआरएफ का समर्थन करने के बाद अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने अमेरिका के फैसले का स्वागत किया है। पाक विदेश मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में विदेश सचिव मार्को रुबियो से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने टीआरएफ पर भी बात की।



इशाक डार के अनुसार, टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करना अमेरिका का अपना फैसला है और हम इसका स्वागत करते हैं। अगर अमेरिका के पास सबूत हैं कि टीआरएफ आतंकी गतिविधियों में शामिल है, तो बिल्कुल वे ऐसा कर सकते हैं। टीआरएफ को लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ना गलत है। लश्कर को पाकिस्तान ने कई सालों पहले ही खत्म कर दिया था। लश्कर से जुड़े आतंकियों के खिलाफ मुकदमे चलाए गए, गिरफ्तार किया गया और उन्हें जेल भेजा गया। लश्कर का अब पाकिस्तान में नामोनिशान तक नहीं है। बता दें कि इससे पहले इशाक डार ने पाकिस्तान की संसद में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र में पहलगाम हमले की निंदा के दौरान टीआरएफ का नाम लेने पर हमने आपत्ति जताई थी। मुझे दुनिया भर से फोन आए, लेकिन हम इसपर राजी नहीं हुए।

### कई आतंकी हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है टीआरएफ

भारत ने जनवरी 2023 में ही गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था। टीआरएफ 2019 से अस्तित्व में आया है। तब से टीआरएफ जम्मू कश्मीर में कई बड़े हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है।

### भारत के साथ बातचीत को तैयार

भारत के साथ शांति वार्ता की एक पहल के रूप में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने व्यापार और आर्थिक सहयोग से लेकर आतंकवाद-निरोध तक, कई मुद्दों पर बातचीत के लिए इस्लामाबाद की इच्छा दोहराई है। हालाँकि, डार ने यह भी कहा कि गेंद अब भारत के पाले में है और पाकिस्तान अभी भी नई दिल्ली से औपचारिक प्रतिक्रिया का इंतज़ार कर रहा है। अटलांटिक काउंसिल थिंक टैंक के साथ बातचीत के दौरान डार ने कहा कि पाकिस्तान व्यापार से लेकर आतंकवाद-निरोध तक सभी मोर्चों पर भारत के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए तैयार है।

## थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर गोलाबारी जारी

**बैंकॉक।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर जारी तनावपूर्ण हालात अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गए हैं। कंबोडिया के अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि सीमा पर संघर्ष के चलते 12 नई मौतें हुई हैं। इस

### मौत का आंकड़ा 32 तक पहुंचा

तरह अब तक दोनों देशों में कुल 32 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में सैनिकों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हैं। संघर्ष के चलते दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। थाईलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 58,000 से ज्यादा लोग प्रभावित जिलों से निकाले गए हैं। वहीं, कंबोडिया के अधिकारियों का कहना है कि करीब 23,000 लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बंद कमरे में आपात बैठक बुलाई और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की।

### थाईलैंड ने ठुकराया मध्यथता प्रस्ताव

जंग बढ़ती देख अमेरिका, चीन और मलेशिया ने मध्यस्थता के लिए ऑफर दिया था, जिसे थाइलैंड जैसे छोटे से देश ने चीन और अमेरिका को टका सा जवाब दे दिया। थाइलैंड ने साफ कर दिया कि उसे किसी तीसरे की जरूरत नहीं है। हालांकि, बाद में मलेशिया का ऑफर स्वीकार कर लिया है। थाइलैंड के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने कंबोडिया के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अन्य देशों की मध्यस्थता के प्रयासों को अस्वीकार कर दिया है और इस बात पर जोर दिया है कि नोम पेन्ह हमले बंद करे और स्थिति का समाधान केवल द्विपक्षीय वार्ता के जरिए ही हो।

## लड़कियों को छेड़ते थे सम्राट चौधरी : राबड़ी

**पटना।** बिहार में जैसे-जैसे चुनाव नज़दीक आ रहे हैं, राजनीतिक दल अपने प्रचार अभियान तेज़ कर रहे हैं। सत्ता-पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चल रहा है। आरोप-प्रत्यारोप के ताज़ा दौर में, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी पर गुंडागर्दी और लड़कियों को परेशान करने का आरोप लगाया। राबड़ी देवी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं उन्हें बचपन से जानती हूँ, वह बोरिंग रोड पर गुंडागर्दी करते थे। वह बोरिंग रोड पर लड़कियों को परेशान करते थे। पूर्व मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा कि राबड़ी देवी इसलिए परेशान हैं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उनके पति लालू प्रसाद यादव को अपराधी घोषित कर दिया है और उनका बेटा तरह-तरह के बहाने बना रहा है।

## इजरायली सैनिकों के लिए इस्लाम व अरबी अध्ययन जरूरी

**यरुशलम।** इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने खुफिया विभाग के सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा व इस्लामी स्टडी की ट्रेनिंग जरूरी कर दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि 7 अक्टूबर, 2023 को हुई खुफिया विफलता को देखते हुए यह फैसला लिया गया। माना जा रहा है कि इस पहल से खुफिया अफसरों की जांच का दायरा और बढ़ेगा। अगले साल के अंत तक अमान (इजरायल के सैन्य खुफिया निदेशालय का हिब्रू में नाम) के सभी कर्मियों से इस्लामी अध्ययन कराया जाएगा। साथ ही, 50 प्रतिशत कर्मियों को अरबी भाषा सिखाई जाएगी। यह आदेश अमन के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बाइंडर ने जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ के इस कार्यक्रम में हूती और इराकी बोलियों पर भी ध्यान

### हूती और इराकी बोलियों पर भी दिया जाएगा ध्यान

दिया जाएगा। खुफिया कर्मियों को फिलहाल हूती में बातों को समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में बताया गया कि यमन और अन्य अरब क्षेत्रों के ज्यादातर लोगों को कात (हल्का नशीला पौधा) चबाने की आदत है। इससे साफ बोलने में दिक्कत आने लगती है। सीनियर अधिकारी ने आर्मी रेडियो को बताया, अब तक हम संस्कृति, भाषा और इस्लाम के क्षेत्रों में सक्षम नहीं रहे हैं। हमें इनमें सुधार करने की जरूरत है। हम अपने खुफिया अधिकारियों और सैनिकों को अरब गांवों में पले-बढ़े बच्चों जैसा तो नहीं बना सकते, लेकिन भाषा और सांस्कृतिक अध्ययन से उनकी समझ को बढ़ाया जा सकता है। आर्मी रेडियो के सैन्य संवाददाता डोरोन कादोश ने बताया कि अरबी और इस्लामी शिक्षा के लिए एक नया विभाग स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, आईडीएफ ने मिडिल और हाई स्कूलों में अरबी को बढ़ावा देने के लिए टेलेम विभाग को फिर से खोलने की योजना बनाई है।

## एचआईवी संक्रमित लड़की से कई बार दुष्कर्म, जबरन गर्भपात

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में एचआईवी संक्रमित एक लड़की से दो साल तक एक बाल आश्रय गृह में कई बार दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने की शिकायत पर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की द्वारा अपने पैतृक जिले धाराशिव के ढोकी थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, ये घटनाएं हासेगांव स्थित एचआईवी संक्रमित बच्चों के आश्रय गृह में 13 जुलाई 2023 से इस साल 23 जुलाई के बीच हुईं। उन्होंने कहा, लड़की की शिकायत के अनुसार, वह पिछले दो साल से इस संस्था में थी। बाल गृह के एक कर्मचारी ने कथित तौर पर उससे चार बार दुष्कर्म किया। उसने उसे इस घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी भी दी। संस्था के प्रबंधन ने उसकी कोई मदद नहीं की और यहां तक कि उसने अधिकारियों के लिए जो पत्र लिख कर शिकायत पेटी में डाला था, उसे भी फाड़कर फेंक दिया। अधिकारी ने बताया कि जब वह बीमार पड़ी तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में पता चला कि वह चार महीने की गर्भवती है। इसके बाद आरोपियों ने उसकी सहमति के बिना एक चिकित्सक से गर्भपात करवा दिया।

## आईएस सरगना ढेर

**वाशिंगटन।** उत्तर-पश्चिमी सीरिया में अमेरिकी सैन्य बलों ने शुक्रवार को सीरिया में आतंकी ठिकानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में आइएस का एक सरगना और दो अन्य आतंकी मारे गए। पेंटागन की सेंट्रल कमांड ने कहा, अमेरिकी सेना ने अलेप्पो क्षेत्र में धिया जावबा मुस्लीह अल-हरदानी और उसके दो बेटों को मार गिराया। सेंट्रल कमांड ने कार्रवाई के बारे में बहुत कम विवरण दिया है। सैन्य आतंकवाद-रोधी छापेमारी में आमतौर पर हेलीकॉप्टर से संचालित विशेष ऑपरेशन कमांडो शामिल होते हैं, जिन्हें अक्सर हमलावर विमानों और ड्रोनों की मदद दी जाती है। ऐसे अभियान ड्रोन हमलों से अधिक जोखिम भरे होते हैं क्योंकि इनमें सैनिकों को खतरा होता है।

## ईरान में आतंकी हमला आठ लोगों की मौत



**तेहरान।** दक्षिण-पूर्वी ईरान में एक घातक आतंकवादी हमला हुआ जब हथियारबंद आतंकवादियों ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी ज़ाहेदान

### सुन्नी आतंकवादी समूह ने ली जिम्मेदारी

में एक न्यायिक भवन पर धावा बोल दिया। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए, जिनमें पाँच नागरिक और तीन हमलावर शामिल हैं। अशांत क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी आतंकवादी समूह जैश अल-अदल ने अर्ध-सरकारी फ़ार्स समाचार एजेंसी द्वारा उद्धृत एक बयान के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अदालत के आसपास गोलीबारी और विस्फोटों की आवाज़ें सुनी गईं, और ऐसे संकेत हैं कि हमले में एक आत्मघाती हमलावर शामिल हो सकता है। समाचार पोर्टल मिज़ान ऑनलाइन के अनुसार, बंदूकधारियों ने मध्य ज़ाहेदान स्थित न्यायपालिका परिसर के अंदर न्यायाधीशों के कक्षों पर धावा बोल दिया। मेहर समाचार एजेंसी और ईरान की सरकारी समाचार सेवा इरना ने पुष्टि की है कि कम से कम 13 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलूच क्षेत्र पर नज़र रखने वाले मानवाधिकार संगठन हाल्व्श ने बताया कि हमले के दौरान कई न्यायिक अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मारे गए या घायल हुए। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और हमलावरों को बेअसर करने में कामयाब रहे। अधिकारियों ने मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है। पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के साथ ईरान की सीमा पर स्थित सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत लंबे समय से जातीय, धार्मिक और राजनीतिक अशांति का केंद्र रहा है। यह क्षेत्र मुख्यतः सुन्नी मुस्लिम बलूच अल्पसंख्यकों का घर है, जिन्होंने आर्थिक हाशिए पर होने और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी को लेकर अक्सर अपनी शिकायतें व्यक्त की हैं।

## अमेरिकी कोर्ट से ट्रंप को फिर बड़ा झटका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने शुक्रवार को एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका

### जन्मसिद्ध नागरिकता को खत्म करने की कोशिश पर लगी रोक

दिया है। इसके तहत कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को रोक दिया है, जिसके जरिए अमेरिका में अवैध या अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को जन्मसिद्ध नागरिकता देने से इनकार किया गया था। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के जरिए यह नियम लागू करना चाहा था कि अमेरिका में जन्मे ऐसे बच्चों को नागरिकता न दी जाए जिनके माता-पिता अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हैं या अस्थायी वीजा पर हैं। ट्रंप प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ कई राज्यों ने अदालत में चुनौती दी थी। उनका कहना था कि यह आदेश न सिर्फ असंवैधानिक है, बल्कि इससे उन्हें उन बच्चों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सेवाएं देने में आर्थिक नुकसान भी होगा। मामले में सुनवाई के दौरान बोस्टन के जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने कहा कि यह आदेश संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति केवल एक कलम से देश के कानून को नहीं बदल सकते। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला अंत में सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा, लेकिन फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप का आदेश अमान्य रहेगा।

## शोध : अबूझ पहेली बनते जा रहे हैं एआई मॉडल

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को भविष्य बताया जा रहा है। ये एक ऐसी तकनीक है जिसमें समस्या का समाधान उस तरह से करने का दावा किया जाता है, जिस तरह से इंसान कर सकता है। अब इसी के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

दरअसल, गूगल, ओपनएआई, मेटा और डीपमाइंड जैसी दिग्गज टेक कंपनियों से जुड़े वैज्ञानिकों ने एक चेतावनी जारी की है। इनका कहना है कि लेटेस्ट एआई मॉडल अपने थिंकिंग प्रोसेस में इतने जटिल और आत्मनिर्भर होते जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में इन्हें समझ पाना लगभग असंभव हो जाएगा। या यूं कह लें कि एक अबूझ पहेली बन जाएंगे। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र में इन वैज्ञानिकों ने लिखा है कि एआई की चेन ऑफ थॉट यानी कि तर्क की श्रंखला को अब ट्रैक करना बेहद मुश्किल होता जा

### वैज्ञानिकों ने कहा इन्हें समझना होगा बेहद मुश्किल

रहा है। ऐसे में ये मॉडल ब्लैक बॉक्स जैसे बनते जा रहे हैं। कहने का मतलब ये है कि जो एआई सोचने समझने की क्षमता बढ़ा रहा है वो अब खुद ही ब्लैक बॉक्स बनता जा रहा है।

चेन ऑफ थॉट यानी कि सोचने की तार्किक श्रंखला। ये वो प्रक्रिया है जिसके तहत एआई किसी सवाल या कोई परेशानी का समाधान निकालने के लिए कई प्रक्रियाओं से गुजरता है। उदाहरण के लिए 15 और 15 को जोड़ा जाए तो कितना होगा? तो वो पहले सोचता है कि 15 + 15 = 30, फिर उत्तर मिलता है 30। लेकिन अब नए एआई मॉडल में ये प्रक्रिया जटिल हो गई है। वैज्ञानिकों को समझ नहीं आ रहा है कि कोई मॉडल जवाब देने के लिए किन प्रक्रियाओं से गुजरा है। इसी वजह से नए एआई मॉडल ब्लैक बॉक्स बनते जा रहा है और अबूझ पहेली चिंता का कारण भी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जब यही समझ नहीं आएगा कि एआई इस नतीजे तक कैसे पहुंचा, तब उस पर कंट्रोल करना और उसको मॉनिटर करना बहुत ही मुश्किल होगा। इससे न केवल जवाबदेही खत्म हो जाएगी बल्कि भविष्य में ये गलत दिशा में भी जा सकता है। एक तरफ जहां जेनरेटिव एआई मॉडल विकसित किए जा रहे हैं, जो इंसानों की तरह सोचते और निर्णय करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वैज्ञानिकों की ये चेतावनी है, जो चिंता पैदा करती है। इसके अलावा इन वैज्ञानिकों ने ये भी कहा कि जब एआई कोई गलती करता है तो उसे जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि ये गलती कहां और किस लेवल पर हुई है। उदाहरण के तौर पर गलत दवाई सुझाना या फिर गलत जानकारी देना। अब इन जटिल मॉडलों के भीतर इस तरह की गलती तलाशना मुश्किल हो गया है।

## मानसून के व्यंजनों का हर कोई दीवाना!



मानसून का मौसम अपने साथ कुछ जादुई एहसास लेकर आता है- रिमझिम गिरती बारिश की बूंदें, मिट्टी की सोंधी-सोंधी खुशबू, और गरमा-गरम स्ट्रीट फूड खाने की बेताबी। एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने-अपने शहरों की स्वादभरी गलियों के बारे बताया, जहाँ मानसून की रिमझिम के साथ उनकी पसंदीदा पारंपरिक डिशेज़ आज भी उनकी ज़िंदगी में खुशियों की फुहार बनकर बरसती हैं। पारस अरोड़ा उर्फ़ ‘घरवाली पेड़वाली’ के जीतू कहते हैं, ‘‘यूपी से होने के नाते सबसे पहले मेरे ज़ेहन में चाट आती है-तीखी, चटपटी और दिल को संतुष्ट करने वाली। बरेली में बड़ापाव का अपना देसी ट्विस्ट है, जो बारिश में उतना ही लाजवाब लगता है।’’ योगेश त्रिपाठी उर्फ़ दरोगा हप्पू सिंह (हप्पू की उलटन पलटन) कहते हैं, ‘‘मानसून में मेरे कानपुर वाले घर में पहली बारिश के साथ ही गर्म-गर्म समोसे और कचौड़ियों की खुशबू फैल जाती थी, साथ में अदरक वाली कड़क चाय। नुक्कड़ के ठेले चटपटी आलू टिक्कियों से गुलज़ार हो जाते थे, जिन पर इमली और धनिए की चटनी का स्वाद मुंह में पानी ला देता था।’’ शुभांगी अत्रे उर्फ़ ‘भाबीजी घर पर हैं’ कीअंगूरी भाबी कहती हैं, ‘‘बारिश कितनी भी तेज़ हो, हमारे क्रिस्पी मूंग भजिये, भुट्टे का कीस और खट्टा-मीठा पोहा खाने का प्लान कभी रुकता नहीं था।

## दिल्ली की गलियों में मची प्यार की हलचल!



हालिया फिक्शन शो ‘तुम से तुम तक’ ने दर्शकों को एक ऐसी प्रेम कहानी से रूबरू कराया है जो उम्र, हैसियत और समाज की उम्मीदों की सीमाओं को पार करने की हिम्मत करती है। इस कहानी के केंद्र में है आर्यवर्धन (शरद केलकर), एक 46 साल का सफल बिज़नेस टायकून और अनु (निहारिका चौकसे), एक 19 साल की मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि से आने वाली लड़की। इन दोनों का सफ़र अंदरूनी उलझनों, बाहरी दबावों और धीरे-धीरे पनपते विश्वास, प्यार और इज़्ज़त से भरा है। दिल्ली में शूटिंग करना सिर्फ़ लोकेशन की खूबसूरती के लिए नहीं था, बल्कि यह एक सोच-समझकर लिया गया फैसला था। चांदनी चौक की तंग गलियों से लेकर इंडिया गेट की भव्यता और कुतुब मीनार के ऐतिहासिक आकर्षण तक, दिल्ली ने हर सीन में एक खास गहराई और असलियत जोड़ दी। पूरी टीम ने इस शहर में सिर्फ शूट नहीं किया, बल्कि इसे पूरी तरह महसूस किया। लंबे शूटिंग शेड्यूल और इमोशनल सीन्स के बीच, शरद और निहारिका ने दिल्ली के मशहूर स्ट्रीट फूड का लुत्फ उठाया और इस शहर की संस्कृति को करीब से जाना। पराठे वाली गली में क्रिस्पी पराठों और आलू पूरी से लेकर कुल्हड़ चाय, ठंडी लस्सी और जलजीरे तक, स्वाद का ये सफ़र शूटिंग का एक यादगार हिस्सा बन गया।

## ग्लैमर छोड़ गांव की राह पर एरिका पैकर्ड!



आगामी रियलिटी शो ‘छोरियाँ चली गाँव’ 11 आत्मनिर्भर शहरी महिलाओं को उनके कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकालकर 60 से ज्यादा दिनों के लिए गांव की ज़िंदगी में ले जाता है। इस शो में भाग लेने वालीं महिलाएं गांव के कामों में जुटेंगी, धीमी रफ्तार की ज़िंदगी से तालमेल बिठाएंगी और वहां की सीख को अपनाने की कोशिश करेंगी। अब इस सफ़र में शामिल हो रही हैं मॉडल एरिका पैकार्ड, जो अपने बेबाक अंदाज़ और साफसोच के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता गेविन पैकार्ड की बेटी एरिका ने फैशन की दुनिया में अपनी खुद की पहचान बनाई है। उनका स्टाइल, कॉन्फिडेंस और अपने फैसलों पर डटे रहना हमेशा उन्हें अलग बनाता है। बड़े-बड़े डिज़ाइनर्स के लिए रैंप पर चलने से लेकर अपने फैशन से सभी तय मान्यताओं को तोड़ने तक, एरिका ने हमेशा वही किया जो उन्हें सही लगा। अब ‘छोरियाँ चली गाँव’ के ज़रिए वो फैशन की चकाचौंध से दूर, एक सच्ची और सीधी ज़िंदगी को महसूस करना चाहती हैं।

## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089